आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 179 | उज्जैन, मंगलवार 14 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण अमावस्या संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

शाजापुर जिले के ग्राम शादीपुरा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 16 हितग्राहियों का किया चयन

## 18 लाख के इन्सुलेटेड वाहन के बजाय हितग्राही को दी 8 लाख की बोलेरो

**हितग्राही के खाते खुलवाए आगर की बैंक में, हितग्राहियों के खाते से राशि भेजी निजी खातों में, 10 लाख रुपए की राशि कहां गई, हितग्राहियों को पता ही नहीं चला**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनोज जैन. शाजापुर**

शाजापुर जिले के ग्राम शादीपुरा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 16 हितग्राहियों का चयन किया गया। 16 हितग्राहियों में से दो हितग्राहियों को मत्स्य विभाग द्वारा 20-20 लाख रुपए के दो इन्सुलेटेड वाहन उपलब्ध कराए जाना थे, इसके अलावा 14 हितग्राहियों को मछली पालन के लिए बायोफ्लाक यूनिट के लिए राशि स्वीकृत की गई। 3 करोड़ से अधिक राशि से 16 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना था लेकिन मत्स्य विभाग द्वारा दोनों हितग्राहियों को इन्सुलेटेड वाहन के बजाय 8-8 लाख रुपए की बोलेरो लोडिंग वाहन उपलब्ध करा दी। दोनों हितग्राही रोहित भिलाला और विक्रांत भिलाला से आगर की बैंक में खाता खुलवाकर 6 चैक ले लिए। दोनों के खाते से नगद राशि निकालकर उसे अन्य खातों में ट्रांसफर किया गया। दोनों के लिए वाहन राठी मोटर्स से खरीदे गए और उन्हें अलग-अलग खातों से बोलेरो वाहन की राशि ट्रांसफर की । इस पूरे मामले में मत्स्य विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मत्स्य विभाग द्वारा इस योजना के लिए हितग्राहियों के नाम जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के माध्यम से न लेते हुए सीधे आवेदन लिए गए। हितग्राहियों ने बताया आवेदन से लेकर राशि खाते में भेजने तक कुल 13 दिन का समय लगाया गया।







### हितग्राहियों ने खाते से राशि निकालने का आरोप

दो हितग्राहियों को बोलेरो वाहन दिए गए, उन्होंने आरोप लगाया मत्स्य विभाग द्वारा उनके खाते आगर में स्थित बैंक आफ बड़ौदा में खुलवाएं। खाता खुलने के बाद उनके खाते में 18 लाख रुपए की राशि आई और उसके दूसरे ही दिन वह राशि निकाल ली गई। राशि बैंक को सीधे वाहन विक्रेता को ट्रांसफर की जाना थी लेकिन वाहन विक्रेता राठी मोटर्स को अलग-अलग निजी खातों से 8-8 लाख रुपए की राशि दी गई। दोनों हितग्राहियों को 8-8 लाख रुपए की बोलेरो लोडिंग वाहन प्रदान की गई। 10 लाख रुपए की राशि कहां गई, हितग्राहियों को पता ही नहीं चला। दोनों हितग्राहियों ने लोडिंग वाहन की बॉडी बनाने के लिए एक लाख पचास हजार रुपए की राशि स्वयं ने खर्च की। इन वाहनों का उपयोग अब वे भाड़े में कर रहे हैं।

### ग्राम पंचायत को जानकारी नहीं

ग्राम पंचायत के सचिव औंकारसिंह लववंशी ने बताया मत्स्य विभाग द्वारा इस योजना की जानकारी हमें उपलब्ध नहीं कराई गई। विभाग ने अपने स्तर पर आवेदन लेकर इन्हें योजना का लाभ दे दिया। हितग्राहियों के साथ ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत ने पंचनामा बनाकर जनपद पंचायत सीईओ को शिकायत पत्र भेजकर जांच की मांग की है। इस मामले में सहायक संचालक विनिता गौतम ने बताया 16 हितग्राहियों में से दो को राशि दी गई। 18 लाख रुपए में से बाकी राशि कहां गई, जांच करवाते हैं। निजी खातों में रुपए किसने ट्रांसफर किए, जांच के पश्चात पूरे मामले का खुलासा होगा

### इन्सुलेटेड वाहन दिया जाना था

विभाग द्वारा दोनों हितग्राहियों को 18-18 लाख रुपए के इन्सुलेटेड वाहन दिए जाने थे,इन वाहनों से वे मछलियों का परिवहन करते लेकिन उन्हें इन्सुलेटेड वाहन के बजाय बोलेरो लोडिंग वाहन दे दिए। इन वाहनों की बॉडी भी उन्हें बनवाना पड़ी। दोनों हितग्राहियों से 10-10 लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है।


गुजरात में संक्रमण की चपेट में 3 बच्चों की रिपोर्ट पॉजिटिव, वैक्सीन भी नहीं बनी

## चांदीपुरा वायरस से एक महीने में 12 बच्चों की मौत

**एजेंसी ▸▸ गोधरा**

गुजरात में संक्रमण से एक महीने में अब तक 12 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से तीन बच्चे चांदीपुरा वायरस से संक्रमित थे। अन्य 9 बच्चों की मौत भी इसी वायरस से होने की आशंका है। हालांकि, इनकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। संक्रमण के मामले गांधीनगर, साबरकांठा, खेड़ा, अरावली और पंचमहल जिलों में सामने आए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने इस स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया कि इस घातक वायरस के संक्रमण के कारण अब तक 3 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 2 बच्चों की मौत गोधरा और राजस्थान के एक बच्चे की मौत हिम्मतनगर में हुई। प्रभावित क्षेत्रों में रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



### वायरस के लक्षणों वाले 9 अन्य बच्चों की मौत

हिम्मतनगर सिविल अस्पताल में चांदीपुरा के संदिग्ध लक्षणों वाले बच्चों की कुल 6 मौतें दर्ज की गई हैं। जबकि तीन बच्चों की मौत गोधरा के सिविल अस्पताल में हुई। इनमें दो बच्चों की मौत दो दिन पहने यानी कि 11 जुलाई को हुई। इन दोनों बच्चों में एक बच्चे की उम्र 1 साल और दूसरे की उम्र दो साल थी।

### 19 मरीजों की जांच में 9 पॉजीटिव

अब तक 27 संदिग्ध मरीजों के नमूने गांधीनगर भेजे गए हैं, जिनमें से 19 की जांच हो चुकी है। इनमें से 7 पॉजिटिव पाए गए हैं। पॉजिटिव पाए गए 7 मरीजों में से 3 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 4 बच्चों का इलाज चल रहा है। शेष 8 नमूनों की जांच अभी जारी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई थी। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई।

### पंचमहल में 13 मामले सामने आए

पंचमहल के मंडल उप निदेशक डॉ। सुरेंद्र जैन ने बताया कि पंचमहल जिले में अब तक चांदीपुरा वायरस के कुल 13 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। महिसागर जिले का एक बच्चा वेंटिलेटर पर है। वहीं, गोधरा सिविल अस्पताल में फिलहाल 5 बच्चों का इलाज चल रहा है। उसके सैंपल लिए जा चुके हैं। बाकी 4 बच्चों की हालत सामान्य है और उनकी रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं पंचमहल के 3 अन्य मरीजों का इलाज वडोदरा एसएसजी में चल रहा है, उनकी हालत स्थिर है और उनकी रिपोर्ट का इंतजार है। एक बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

दतिया उपचुनाव- नरोत्तम के आंसू छलके

## आशुतोष को जिताने एक-एक घर के सामने शीश नवाऊंगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ दतिया**

दतिया में बीजेपी की सभा में पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की आंखें छलक गईं। उनका गला भर आया, आवाज भर्रा उठी। नरोत्तम ने कहा- कांग्रेस कहती है कि भाजपा में फूट है। देख लीजिए, हम सब यहां साथ खड़े हैं। मैं इस उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को जिताने दतिया के एक-एक घर के सामने शीश नवाऊंगा।

नरोत्तम ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह यानी राजा साहब एक्सपायरी डेट की होम्योपैथी की गोली हैं। वो बहुत मीठी होती है, लेकिन असर कुछ नहीं होता। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- नरोत्तम, हम छोटे भाई आशुतोष तिवारी को आपके सुपुर्द कर रहे हैं। इनको पार लगाना अब आपका काम है।

इससे पहले सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने नॉमिनेशन फाइल किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, सपा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव और दूसरे नेता मौजूद रहे।

वहीं, बीजेपी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने दोपहर करीब ढाई बजे नामांकन भरा। मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा समेत दूसरे पार्टी नेता उनके साथ रहे।

## देश के कई राज्यों में मानसून 20 जुलाई से फिर रफ्तार पकड़ेगा

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

राजस्थान, गुजरात और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बीते 3-4 दिनों में कमजोर पड़ा मानसून 20 जुलाई से फिर रफ्तार पकड़ेगा। सैटेलाइट इमेज में पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के ऊपर घने बादल दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 6-7 दिनों तक कई जगह अच्छी से भारी बारिश होने का अनुमान है।



### उत्तराखंड में भूस्खलन से 126 सड़कें बंद

उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण कई जगह भूस्खलन हुआ। 2 नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हैं। स्यानाचट्टी के पास ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे रविवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा। हरियाणा में हिमाचल से आ रहे पानी के कारण यमुना और मारकंडा नदी में पानी बढ़ गया है। इससे कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। दिल्ली में बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। रविवार को यमुना नदी में नहाने गए 4 बच्चे तेज बहाव में बह गए।

रतलाम-इंदौर फोरलेन पर पुलिया के डिवाइडर से टकराई कार

## भोपाल से लौट रहे बाल रोग विशेषज्ञ सहित दो की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम**

भोपाल से परिवार के साथ रतलाम लौट रहे शासकीय बाल चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष सिंह की रविवार देर रात रतलाम-इंदौर फोरलेन पर हुए भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल 80 वर्षीय ससुर शिवनारायण राजौरिया ने सोमवार सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

कार में सवार अन्य पांच स्वजन घायल हैं, जिनका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार हादसा रविवार रात करीब 3.30 बजे धराड़ के आगे टोल प्लाजा से पहले एक छोटी पुलिया के डिवाइडर पर हुआ। सूचना मिलते ही टोल प्लाजा की एंबुलेंस और बिलपांक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सहायक उपनिरीक्षक समसु अग्रवाल व पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।

छत्तीसगढ़ : बिलासपुर बाल संप्रेक्षण गृह से 4 बंदी फरार

## ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड की हत्या

**एजेंसी ▸▸ बिलासपुर**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के नूतन चौक स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में पदस्थ सुरक्षा गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने सनसनी फैला दी है। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या से जुड़ा माना जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।

सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में तखतपुर थाना क्षेत्र निवासी नरेंद्र कुमार खाण्डे (42) सहायक सह रात्रि चौकीदार के पद पर सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी कर रहे थे। रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि नरेंद्र कुमार खाण्डे के हाथ-पैर गमछे से बांध दिए गए थे। इसके बाद उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और गला दबाकर हत्या की गई। परिजनों का यह भी आरोप है कि उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया था। आरोप है कि घटना के बाद चारों नाबालिग बंदी वहां से फरार हो गए।

## एक्सप्रेस-वे का राजनाथ-गडकरी ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को उन्नाव में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। सीएम योगी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी साथ रहे। यहां सरोजनीनगर में भी एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर सहमति दी है।

तमिलनाडु : मदुरै में हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

## दो बसों की टक्कर में 6 की मौत, 41 घायल

**एजेंसी ▸▸ मदुरै**

तमिलनाडु में मदुरै के कोट्टमपट्टी के पास सोमवार को एक प्राइवेट ओमनी बस और तमिलनाडु सरकार की बस की आमने-सामने हुई टक्कर में एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई जबकि 41 लोग घायल हो गए। केएमआर ट्रांज नाम की एक प्राइवेट ओमनी बस सुबह मदुरै जिले के कोट्टमपट्टी के पास वंचिनागरम फोर-लेन रोड पर चेन्नई से मार्तंडम जा रही थी। बस के नीचे और ऊपर के फ्लोर में बेड लगे थे। रास्ते में अचानक ड्राइवर का बस पर कंट्रोल नहीं रहा और बस रोडब्लॉक पार करके उल्टी दिशा में सड़क पर पहुंच गई।




यह एक्सीडेंट तब हुआ जब एक प्राइवेट ओमनी बस तिरुचिरापल्ली की ओर जा रही एक सरकारी बस से टकरा गई। हाईवे पेट्रोल पुलिस ने कन्फर्म किया कि दोनों बसों में सवार पांच पुरुषों और एक महिला समेत छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राइवेट ओमनी बस वंचिनागरम गांव में बस स्टॉप के बाईं ओर बस स्टॉप से टकरा गई।

## देश विदेश

### हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता प्रस्ताव ठुकराया

**वाराणसी/मथुरा/संभल।** यूपी के तीन मंदिर-मस्जिद विवादों को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकरा दिया। ये विवाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद से जुड़े हैं। बार एंड बेंच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए 'समाधान समारोह 2026' पहल के तहत लेटर भेजकर मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था और दोनों पक्षों से सहमति मांगी थी। किसी भी पक्ष ने इसके लिए सहमति नहीं दी। कोर्ट ने यह लेटर कब भेजा था, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों पक्षों ने कहा है कि वे अदालत में ही केस लड़कर फैसला चाहते हैं।


### राममंदिर चढ़ावा चोरी- ट्रस्ट ने सीईओ की भर्ती निकाली

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूपी, केंद्र सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया। यूपी सरकार की तरफ से बनाई गई स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम से अब तक की जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी। कहा- रिपोर्ट में जांच अधिकारियों के बारे में भी बताएं। कोर्ट ने मामले से जुड़े सीसीटीवी सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- स्टेटस रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश की जाएगी। इस पर कोर्ट ने साफ किया कि रिपोर्ट में एसआईटी के गठन और उसकी संरचना की पूरी जानकारी होनी चाहिए। कोर्ट ने अगली सुनवाई 20 जुलाई को तय की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 4 अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

### पटना के कोचिंग विवाद में खान सर को मिली अग्रिम जमानत

**पटना।** कोचिंग विवाद और फायरिंग मामले में पटना के चर्चित शिक्षक खान सर को बड़ी कानूनी राहत मिली है। सिविल कोर्ट ने खान सर और उनके दो निजी सुरक्षा गार्डों (बॉडीगार्ड) को अग्रिम जमानत दे दी है। यह मामला जून की शुरुआत में उनके कोचिंग संस्थान में हुई तोड़फोड़ और कथित फायरिंग की घटना से जुड़ा है। आरोप है कि कुछ उपद्रवियों ने खान सर के कोचिंग संस्थान में तोड़फोड़ की थी। इसी दौरान उनके सुरक्षा गार्डों पर फायरिंग करने का आरोप लगा, जिसके बाद खान सर (फैसल खान) और उनके दोनों निजी सुरक्षाकर्मियों को मामले में सह-आरोपी बनाया गया था। गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए तीनों ने अग्रिम जमानत के लिए अदालत का रुख किया था।

### जुरासिक पार्क एक्टर सैम नील का निधन



**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की मशहूर फिल्म 'जुरासिक पार्क' और ऑस्कर विजेता फिल्म 'द पियानो' के एक्टर सैम नील का सोमवार को 78 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में इस दुखद खबर की पुष्टि की। परिवार के बयान के अनुसार, सैम नील का निधन अचानक हुआ। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सैम कैंसर से पूरी तरह ठीक हो चुके थे। साल 2023 में उन्होंने खुद बताया था कि उन्हें एंजियोइम्यूनोब्लास्टिक टी-सेल लिम्फोमा नाम का एक दुर्लभ ब्लड कैंसर हुआ था। इलाज के बाद उनकी बीमारी ठीक हो गई थी। फिलहाल परिवार ने उनके निधन की वजह नहीं बताई है। सैम नील को उनकी दमदार और सहज एक्टिंग के लिए जाना जाता था। उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया, लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता 'जुरासिक पार्क' में डॉ. एलन ग्रांट के किरदार से मिली।

### बैंकॉक के पब में भीषण आग लगने से 27 लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के बैंकॉक के चतुचक जिले में लाट फ्राओ रोड के पास एक पब में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। थाईलैंड मीडिया ने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार रविवार रात करीब 11.57 बजे लगी और बाद में बुझा दी गई। घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल सोमवार सुबह 1.44 बजे मौके पर पहुंचे और कहा कि ज्यादातर लोगों की मौत धुएं में सांस लेने से हुई। आग लगने के कारणों की जांच चल रही है। इस बीच, बैंकॉक के गवर्नर चैडचार्ट सिट्टीपंट ने सोमवार को जानकारी दी कि थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रविवार देर रात एक पब में लगी जानलेवा आग में घायल 63 लोगों में से 22 की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सड़क हादसे में पिकअप दो ट्रकों के बीच फंसी, 13 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर शादी समारोह से लौट रहे लोगों से भरी एक पिकअप दो ट्रकों के बीच फंस गई, जिससे 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। हादसा रविवार दोपहर इंद्रामायु रीजेंसी के कियाजारन कुलोन गांव के पास उत्तरी तटीय हाईवे पर हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय यातायात पुलिस प्रमुख उंदांग स्यारिफ हिदायत ने बताया कि सभी लोग पड़ोसी परेआन गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। सभी यात्री एक खुली पिकअप में सवार थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हाईवे पर यू-टर्न लेने के लिए चालक ने डिवाइडर के कट के पास पिकअप की रफ्तार धीमी कर उसे रोक दिया। इसी दौरान पीछे से उसी दिशा में आ रहे एक विंग बॉक्स ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी।

|| भावपूर्ण श्रद्धांजलि ||



स्व. श्रीमती गंगा मकवाणा जी
ब्रह्मलीन दिनांक: 13/07/26
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्री बलवंत सिंह मकवाणा जी की धर्मपत्नी एवं रमेश जी, कैलाश जी, सुरेश जी, गिरीश जी, आरती जी, धर्मेश जी की माताजी श्रीमती गंगा मकवाणा जी का सोमवार, दिनांक 13 जुलाई 2026 प्रातःकाल दुःखद निधन हो गया है।
शोक सभा:
दिनांक: | 14 जुलाई 2026 (मंगलवार)
समय: | सायं 04:00 बजे से 06:00 बजे तक
स्थान: | आस्था गार्डन, उज्जैन
शोकाकुल
बलवंत सिंह मकवाणा एवं
समस्त मकवाणा परिवार

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### लोक सेवा गारंटी अधिनियम और अधिक सख्त हुआ अधिकारियों के लिए

# अब सेवा नहीं तो स्वत: अपील, अधिकारियों पर कार्रवाई तय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अब अगर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आपको निर्धारित समय में सेवा नहीं मिली है तो आवेदक की अपील का इंतजार नहीं होगा। स्वत: ही समय सीमा की समाप्ति के 16 वें दिन प्रथम एवं और द्वितीय अपील प्राधिकारी संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। संशोधित नियमों का 9 जुलाई से गजट नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही प्रभावी हो गया है।

सरकार ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब तय समय-सीमा में नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदक की अपील का इंतजार नहीं किया जाएगा। यदि निर्धारित समय में सेवा नहीं दी जाती है तो समय-सीमा समाप्त होने के 16वें दिन प्रथम और द्वितीय अपील प्राधिकारी स्वत: (सुओ मोटू) संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे।

**सरकार ने किया बड़ा बदलाव, लापरवाह अधिकारियों पर लगेगी पेनाल्टी**

### 9 जुलाई को गजट नोटिफिकेशन

मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 में संशोधन कर इस व्यवस्था को लागू कर दिया है। संशोधित नियमों का 9 जुलाई से गजट नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही प्रभावी हो गया है। सरकार जल्द ही लोक सेवा गारंटी पोर्टल में भी इसके लिए तकनीकी प्रावधान करेगी, जिससे लंबित मामलों की स्वत: निगरानी और कार्रवाई संभव हो सके।

### अब नहीं टलेगी कार्रवाई

अब तक यदि किसी अधिकारी ने समय-सीमा में सेवा नहीं दी, तो कार्रवाई के लिए नागरिक को स्वयं प्रथम और फिर द्वितीय अपील करनी पड़ती थी। कई मामलों में लोग अपील नहीं करते थे, जिससे लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो पाती थी। नई व्यवस्था के तहत यदि सेवा तय समय में नहीं मिलती है तो 16वें दिन अपीलीय अधिकारी बिना किसी आवेदन के स्वत: रिकॉर्ड मंगाकर मामले की सुनवाई करेंगे और आवश्यक आदेश जारी करेंगे। इसके लिए नागरिक को अलग से दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता भी नहीं होगी।

**500 से 5,000 रुपये तक जुर्माना-** संशोधित नियमों के अनुसार यदि द्वितीय अपील प्राधिकारी यह पाता है कि संबंधित अधिकारी ने बिना उचित कारण के सेवा उपलब्ध नहीं कराई, तो उस पर 500 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक का एकमुश्त जुर्माना लगाया जा सकेगा। यदि अधिकारी ने बिना पर्याप्त कारण के सेवा देने में देरी की है, तो उस पर 250 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 5,000 रुपये होगी। हालांकि, किसी भी प्रकार की पेनल्टी लगाने से पहले संबंधित अधिकारी को अपना पक्ष रखने और सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा।

**अपील अधिकार यथावत-** संशोधन के बावजूद नागरिकों का अपील का अधिकार यथावत रहेगा। सेवा नहीं मिलने या आवेदन निरस्त होने पर 30 दिनों के भीतर प्रथम अपील की जा सकेगी। प्रथम अपील के निर्णय से असंतुष्ट होने पर 60 दिनों के भीतर द्वितीय अपील का अधिकार रहेगा। दोनों अपीलीय अधिकारियों को सिविल न्यायालय जैसी शक्तियां प्राप्त हैं, जिससे वे प्रभावी निर्णय ले सकें।

-जिले में समय सीमा में ही नागरिकों को लोक सेवा गारंटी के तहत सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अभी नोटिफिकेशन विभागीय रूप से सामने आने पर अधिक जानकारी मिल सकेगी। वैसे विभागीय स्तर पर अवगत करवाया गया है। सभी आवेदकों के समय सीमा में ही काम हो रहे हैं।

**-सुमीत शर्मा, प्रबंधक लोक सेवा गारंटी, उज्जैन**

### रात में कॉलोनियों में छोड़े जा रहे मवेशी, निगम कार्यालय के आसपास भी दिख रहे झुंड

# सड़कों पर फिर आवारा मवेशियों का जमावड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर की मुख्य सड़कों और रहवासी कॉलोनियों में एक बार फिर आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ने लगी है। बाजारों, प्रमुख चौराहों और कॉलोनियों की सड़कों पर दिन-रात मवेशियों के झुंड नजर आ रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम की ओर से समय-समय पर अभियान चलाए जाने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

हालात यह हैं कि नगर निगम कार्यालय के आसपास भी आवारा मवेशियों के झुंड देखे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई पालतू मवेशियों को भी रात के समय खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे वे पूरी रात कॉलोनियों और सड़कों पर घूमते रहते हैं। इसके कारण राहगीरों



और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर की सड़कों पर बैठे या अचानक सड़क पार करते मवेशी सबसे अधिक दोपहिया वाहन चालकों के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं। कई स्थानों पर वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पूर्व में भी मवेशियों से टकराकर कई लोग घायल हो चुके हैं।

### इन क्षेत्रों में अधिक दिखाई दे रहे मवेशी

फ्रीगंज, शहीद पार्क, नई सड़क, गोपाल मंदिर, देवास गेट, रेलवे स्टेशन, मालीपुरा, क्षीरसागर दौलतगंज, फव्वारा चौक, कोयला फाटक चौराहा, गाड़ी अड्डा चौराहा, नानाखेड़ा क्षेत्र के अभिषेक नगर, विद्यापति नगर, मित्र नगर, अर्पिता नगर, गोवर्धन धाम और साईधाम कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर घूमते देखे जा रहे हैं।

### रात में बढ़ जाती है समस्या

रात के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है। अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी आसानी से दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। शहर से गुजरने वाले प्रमुख मार्गों और हाईवे पर भी यह स्थिति वाहन चालकों के लिए जोखिम का कारण बनी हुई है।

## अतिक्रमण हटाने महापौर खुद उतरे सड़क पर, माइक से की मुनादी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों और शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल स्वयं नगर निगम के रिमूवल वाहन पर सवार होकर शहर के प्रमुख बाजारों में पहुंचे। हाथ में माइक लेकर उन्होंने व्यापारियों से दुकानों के बाहर रखा सामान हटाने और निर्धारित सीमा के भीतर ही व्यापार करने की अपील की।

महापौर ने कंठाल चौराहा, नई सड़क, एटलस चौराहा, फव्वारा चौक और इंदौर गेट क्षेत्र में मुनादी करते हुए कहा कि शहर में विभिन्न स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। इसके कारण अन्य मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में दुकानों के बाहर रखा सामान सड़क की चौड़ाई कम कर रहा है और आम नागरिकों व वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। महापौर ने स्पष्ट किया कि यदि व्यापारियों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया तो नगर निगम जब्ती की कार्रवाई करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए सामान को वापस नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शहरवासी सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में सहयोग करते हुए मार्ग चौड़ीकरण के लिए अपने भवनों का स्वेच्छा से हटाव कर रहे हैं, उसी तरह व्यापारियों को भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दुकान की सीमा के भीतर ही व्यापार करना चाहिए।

## बाबा आएंगे, निर्माण धड़ल्ले से होंगे...

बाबा की सवारी में देश के अनेक हिस्सों से श्रद्धालु शामिल होने आते हैं। मार्ग के दोनों और बैरिकेड्स के बाहर खडे होकर श्रद्धालु एक झलक के लिए घंटों खड़े रहते हैं। इस बार सवारी मार्ग को लेकर संशय के हालात बने हुए थे। यहां तक कि बयानबाजी का दौर भी शुरू हो चुका था और कयास लगाए जा रहे थे। इस बीच सब कुछ तय हो गया कि सवारी परंपरागत मार्ग पर ही निकाली जाएगी। ये बात सही है कि सवारी मार्ग के एक बड़े हिस्से में चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य महाआयोजन के लिए किए जा रहे हैं। मार्ग का एक बड़ा हिस्सा या यूं कहें कि अधिकांश हिस्सा उससे प्रभावित है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। निर्माणों की हकीकत एवं धरातल की स्थिति को भानकर/जानकर ही बैठक में जिम्मेदारों ने परंपरागत मार्ग का निर्णय लिया है। ठीक 22 दिन बाद सवारी का आयोजन शुरू हो जाएगा। इसके लिए निर्णय के तत्काल बाद ही जिम्मेदारों की टीम मार्ग पर निकल पडी। इस दौरान व्यापक निरीक्षण एवं सुरक्षा सर्वेक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सवारी मार्ग के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों, जर्जर भवनों, विद्युत पोल एवं लटकते विद्युत तारों, क्षतिग्रस्त सड़कों, मार्ग में संभावित अवरोधों तथा अन्य सुरक्षा संबंधी जोखिमों को भी बारिकी से देखा गया है। मार्ग में स्थित खुली नालियों को ढकने, मंदिर परिसर में लगे मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने, क्षेत्र में बंदरों की अधिक संख्या के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं के निराकरण को भी इंगित किया गया है। इनके निदान की सुधारात्मक कार्रवाई को भी तत्काल एक्शन में लिया गया है। इसके लिए 20 जुलाई का संकल्प भी लिया गया है। वैसे तो करता और करवाता भी बाबा ही है। वो कालों का काल है। समय ही उनके अधीन हैं। खुसूर-फुसूर है कि जिम्मेदारों के निर्णय से एक नहीं अनेक लाभ एक साथ होंगे। नगर की संस्था के चौड़ीकरण के जिम्मेदार ठेकेदारों से सवारी को लेकर त्वरित गति से काम को अंजाम दिलवाएंगे। नाली, बिजली पोल सबके निर्माण को गति मिलेगी। धड़ल्ले से काम चलेगा। मकानों के दुरूस्त एवं मजबूती की जांच भी होगी। इससे आमजन को भी लाभ होगा। उसके निर्माण की मजबूती की पुष्टि होगी। वैसे अभी 5 सवारी में तो जो मार्ग में निमार्णाधीन हिस्सा है वो कम ही है। राजसी सवारी में निर्माणाधीन मार्ग का सबसे बड़ा हिस्सा रहेगा। ऐसे में उसके काम भी त्वरित गति से होंगे। इससे अब निर्माणों को जो गति मिलेगी वह पूर्व की अपेक्षा काफी तेज होना तय है। इस मामले में जिम्मेदारों का निर्णय एक नहीं अनेकों आशय को समाहित किए हुए हैं।




## न्यूज कॉलम

- मध्यप्रदेश शूटिंग एसोसिएशन द्वारा भोपाल में आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन, 5 पदक
- फ्रीगंज स्थित प्राइवेट होटल में अपाक्स द्वारा जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।
- जल संकट व सूखते बोरिंग को देखते हुए वार्ड 18 के पार्षद और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष ने निजी खर्च से 100 वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज पिट बनवाने का अभियान शुरू किया है।
- राष्ट्रीय युवा फोरम द्वारा गांधी उद्यान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उज्जैन विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में 11 पौधे रोपे गए।
- श्री अभ्युदयपुरम जैन तीर्थ में श्री जीरावला पार्श्वनाथ नवरत्न भक्तामर मंडल, सूरज नगर की वार्षिक सभा श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। सभा में सर्वसम्मति से मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया।
- लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने नई कार्यकारिणी को की शपथ दिलाई।
- नवांकुर कलाकारों को मंच प्रदान करने और उनकी प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा 'इंद्रधनुष' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- रोटरी क्लब उज्जैन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। समारोह में अध्यक्ष और सचिव पद की शपथ ली।

## पुलिस कंट्रोल रूम और अजाक्स थाने का घेराव कर एडिसनल एसपी को दिया ज्ञापन



**उज्जैन।** ज्ञानोदय विद्यालय के कर्मचारियों के द्वारा अपने हक अधिकार की मांग की गई तो जैसे कलेक्टर दर से वेतन देना ई.पी.एफ.राशि का कटोत्रा होना पुराने कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार 10,वर्ष की सेवा पुर्ण कर लेने पर विनियमित करते हुए नियमित वेतनमान देना इस बात को लेकर संध्या शर्मा कर्मचारियों पर नाराज होते हुये भड़क गई और जाती सूचक शब्द बोलने लगी कर्मचारियों के द्वारा बोला गया कि मैडम आप हमें जाती सूचक शब्द न बोले तो संध्या शर्मा के द्वारा भंगी, चमार, बलाई आप मेरा क्या कर लोगे कर्मचारी दंग रह गये और संगठन को आवेदन किया गया। इसी तारतम्य मे मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के हेमराज घावरी उज्जैन जिला अध्यक्ष, एवं रवि सीहोते जिला अध्यक्ष वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन के नेतृत्व मे आदर्श वाल्मिकी महापंचायत, भीम आर्मी, मार्शल कोम, संत रवि दास सोड संस्थान,अखिल भारतीय वाल्मिकी महापंचायत एवं कई अन्य संगठनो के द्वारा मिलकर आज पुलिस कन्ट्रोल रूम एवं अजाक्स थाने का घेराव करते हुये एडिसनल एस पी मैडम को ज्ञापन दिया गया और अजाक्स थाने मे भी ज्ञापन दिया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री इंदौर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में हुए शामिल

**इंदौर।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि जो हमें जीवन दें, सद्मार्ग पर ले जाए, वह सदैव वंदनीय है। हमारे लिए प्रकृति ही परमेश्वर के स्वरूप है, क्योंकि यह हमें जीवन देती है, हमारा उदर-पोषण करती है। इसलिए हम सबको प्रकृतिपूजक बनकर इसकी वंदना करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार भी हैं और वसुधा का श्रृंगार भी। वृक्ष ऋषि मुनियों के समान एक ही स्थान पर रहकर साधना करते हैं। यह हमारी नकारात्मक ऊर्जा को स्वयं ग्रहण कर हमें सकारात्मक ऊर्जा देने वाले उदार साधक होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजर भूमि को हरियाली की चादर ओढ़ाना प्रकृति माता को हरी चुनरी ओढ़ाने जैसा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर चलाया जा रहा है 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान कोई शासकीय कार्यक्रम नहीं, ये जीवन के लिए सांसों का स्थायी प्रबंध करने का अभियान है।

### प्रशिक्षुओं को ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस का व्यावहारिक प्रशिक्षण

इंदौर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा प्रशिक्षणरत चार सहायक अभियंताओं (ट्रेनी असिस्टेंट इंजीनियर) को 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान फ्लैशओवर से प्रभावित डिस्क इंसुलेटर के प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) के लिए लिए गए शटडाउन कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षुओं को शटडाउन लेने की संपूर्ण प्रक्रिया, निर्धारित सुरक्षा मानकों, वर्क परमिट प्रणाली, ट्रांसमिशन लाइन को सुरक्षित रूप से आइसोलेट करने की प्रक्रिया तथा कार्यस्थल पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों एवं औजारों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने डिस्क इंसुलेटर बदलने की वास्तविक प्रक्रिया का निकट से अवलोकन किया तथा ट्रांसमिशन लाइन के अनुरक्षण कार्यों की तकनीकी बारीकियों को समझा।

### सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 13 जुलाई को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 : जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर का शुभारंभ करेंगे। साथ ही राज्य सरकार के प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक विकास के विजन को साझा कर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठक कर निवेश, परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं भावी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉनक्लेव परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे।

### आबकारी विभाग ने 21.75 लीटर अवैध मदिरा जब्त




**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निदेर्शानुसार, कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी तथा डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज सुश्री सृष्टि गिरवाल, श्री राजेश बट्टी एवं उनकी टीम द्वारा गश्त के दौरान संदेह के आधार पर मोती तबेला रोड पर दोपहिया वाहन (होंडा एक्टिवा) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 50 पाव देशी मसाला मदिरा अवैध रूप से परिवहन करते हुए बरामद की गई। जब्त मदिरा एवं वाहन को विधिवत कब्जे में लेकर आरोपी सोनू पिता नंदूलाल गौड़ के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 85 हजार 450 रुपये है। एक अन्य कार्रवाई में आबकारी दल द्वारा अर्जुनपुरा, महू नाका क्षेत्र में स्थित एक कमरे की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वहां से 11 बोतल विदेशी मदिरा तथा 25 पाव देशी मसाला मदिरा बरामद कर जब्त की गई। दोनों कार्रवाइयों में कुल 21.75 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई।

### कॉन्क्लेव में डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के साथ किया संवाद

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिये हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ युवा विकसित भारत @2047 के निर्माण में सहभागी बनते हुए प्रदेश की समृद्धि के भी सूत्रधार बनेंगे। राष्ट्र के नवनिर्माण में युवा शक्ति की प्रतिभा को निखारने के लिये हम प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिये संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क जैसे कौशल उन्नयन संस्थानों के द्वारा स्पेशल ट्रेनिंग दे रही है। दुनिया की सबसे बड़ी यंग जनरेशन भारत में है। हमारा देश युवाओं का देश है। युवाओं के बलबूते ही भारत हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। अपनी क्षमता, दक्षता, योग्यता, जोखिम लेने का साहस, बुद्धिमता और उद्यमशीलता से यही युवा नये विकसित भारत का निर्माण करेंगे।

### इंदौर में 100 एकड़ में बनेगा नया सिटी फॉरेस्ट...

**इंदौर।** इंदौर विकास प्राधिकरण शहर को एक और बड़ा हरित क्षेत्र देने की तैयारी में है। सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद स्कीम-97 (रेत मंडी क्षेत्र) में मिली 80 हेक्टेयर से अधिक जमीन में से 40 हेक्टेयर (करीब 100 एकड़) क्षेत्र को सिटी फॉरेस्ट के लिए आरक्षित किया गया है। इसी महीने इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू होने जा रहा है, जहां करीब 2.5 लाख पौधे लगाए जाएंगे। आईडीए ने पौधों की खरीद, रोपण और पांच वर्षों तक उनकी देखभाल के लिए ठेकेदारों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। परियोजना के तहत 2 से 3 स्थानों पर मियावाकी तकनीक अपनाई जाएगी। इस तकनीक से महज 3 से 4 वर्षों में घना जंगल तैयार हो सकेगा। सिटी फॉरेस्ट शहर के बीच एक बड़े 'ऑक्सीजन हब' के रूप में विकसित होगा और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाएगा।

---

नगर में व्याप्त समस्याओं के लिए कांग्रेस संगठन ने दिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन

## कार्यकर्ताओं ने सभा और प्रदर्शन कर अपनी बात लगभग 3 घंटे तक रखी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर**



नगर पालिका परिषद बड़नगर की घोर लापरवाही, व्याप्त अनियमितताओं और जनहित की मूलभूत समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग को लेकर आज समस्त कांग्रेस संगठन ने सड़क पर उतरकर शंखनाद किया। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस सेवादल, शहर कांग्रेस सेवादल, ब्लॉक युवा कांग्रेस, निर्वाचित पार्षदगण तथा वरिष्ठ नेतृत्व के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंशाराम निगंवाल व एस.डी.ओ.पी. महेन्द्रसिंह परमार को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान नगर पालिका प्रशासन की निष्क्रियता और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। तथा 12 बजे से 3 बजे तक कार्यकर्ताओं ने संबोधित कर माईक के माध्यम से अपनी बात लगभग 3 घण्टे तक रखी।

सभा और प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि वर्तमान में नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

कार्यक्रम को पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला, रामलाल माली, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करण राठौड़, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, पूर्व युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष करण मोरवाल, किसान कांग्रेस शहर अध्यक्ष दिनेश पटेल, एडवोकेट महेश विजयवर्गीय, राधेश्याम यादव, रामेश्वर बैरागी, पूर्व युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेशसिंह देवड़ा, पूर्व पार्षद शकील अहमद, पार्षदपति फकीर मोहम्मद, प्रमोद गादिया आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण वड़छा, पार्षदपति अमित जाट, शैलेंद्र व्यास, सरपंच रंगलाल यादव, नारायण सिंह राठौड़, वासिफ काजी, सरफुद्दीन भाई, नौशाद अली, सचिन दोराया, प्रकाश सोलंकी, राजू सोलंकी, हीरालाल चौधरी, प्रकाश माली, राकेश संघवी, जितेंद्र काला, प्रदीप शुक्ला, दिलीप निंबोला, गोविंद मकवाना, राजू सतपाड़िया, राधेश्याम सोनगरा, अशोक सिरवी, हुकुमचंद हारोड़, दिनेश मकवाना, कामील हुसैन, गुलाम हुसैन, कपिल टॉक, शरीफ शाह, विकास यादव, संजय अटवाल, दिलीप केवट, अरुण केवट, चरणजीतसिंह सलूजा, आदि उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन राजकुमार नाहर ने, आभार कोमी एकता प्रदेश सचिव उमाशंकर मेहता ने किया, ज्ञापन का वाचन ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा ने किया उक्त जानकारी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला ने दी।

### नामांतरण के मामलों को बेवजह लटकाया जा रहा

राम मंदिर में करोड़ों अरबों का चंदा खा गये जिससे भाजपा का चरित्र सामने आ गया। आगे बताया कि वर्तमान में जो भाजपा पार्षद के पार्षदो को जनता ने चुना था वह पुरी तरह से कार्य कराने में असफल साबीत हुए हैं। नगर पालिका में नामांतरण के मामलों को बेवजह लटकाया जा रहा है, जिन्हें तुरंत समय-सीमा के भीतर निराकृत किया जाए, नगर में शुद्ध पेयजल का संकट दूर हो। साथ ही बारिश के मौसम में कॉलोनियों और नागरिकों के घरों में घुस रहे पानी को रोकने के लिए ठोस जल निकासी (ड्रेनेज) व्यवस्था की जाए, प्राचीन बावड़ियों, कुंडों और नदी घाटों की तत्काल सफाई हो।

---

बंद पोर्टल खुलवाने शासन पर बढ़ा दबाव, विद्यार्थियों की बढ़ रही परेशानी

## आयोग की सख्ती से तिलमिलाए निजी विश्वविद्यालय

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की सख्ती के बाद प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में हलचल तेज हो गई है। आयोग ने सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पोर्टल दोबारा खोलने से स्पष्ट इनकार कर दिया है। इसके बाद निजी विश्वविद्यालय संघ शासन पर पोर्टल फिर से खुलवाने के लिए लगातार दबाव बना रहा है। आयोग के अनुसार सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों का विवरण एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के लिए 31 दिसंबर 2025 तक पर्याप्त समय दिया गया था।

इसके बावजूद कई निजी विश्वविद्यालय निर्धारित समय-सीमा के भीतर विद्यार्थियों का डेटा दर्ज नहीं कर सके। अब जबकि सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, आयोग का कहना है कि पिछले शैक्षणिक सत्र के लिए पोर्टल दोबारा खोलना नियमों और प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता के विपरीत होगा।

आयोग का मानना है कि समय-सीमा समाप्त होने के बाद पोर्टल खोलने की परंपरा शुरू हुई तो भविष्य में विश्वविद्यालयों से समयबद्ध पालन कराना कठिन हो जाएगा और पूरी प्रवेश प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित होगी। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 53 निजी विश्वविद्यालय संचालित हैं, ऐसे में एक बार दी गई छूट भविष्य के लिए मिसाल बन सकती है।

उच्च शिक्षा विभाग के सूत्रों का कहना है कि आयोग की सख्ती का एक प्रमुख उद्देश्य प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना भी है। सूत्रों के मुताबिक, समय-सीमा समाप्त होने के बाद पोर्टल खुलने पर कुछ संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों से अतिरिक्त शुल्क लेकर बैंक डेट में प्रवेश दर्ज कराने की आशंका रहती है। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और आयोग ने भी अपने आदेश में इस संबंध में कोई प्रत्यक्ष टिप्पणी नहीं की है।

### शासकीय विश्वविद्यालय समय पर, फिर निजी विश्वविद्यालय क्यों पीछे?

इस पूरे विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण सवाल भी सामने आ रहा है। प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र जून-जुलाई से शुरू होकर अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो जाती है और निर्धारित समय-सीमा का पालन भी सुनिश्चित किया जाता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब सरकारी विश्वविद्यालय तय समय में प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, तो निजी विश्वविद्यालयों में बार-बार समय-सीमा बढ़ाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? आयोग की सख्ती के बाद यह सवाल उच्च शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और समयबद्धता को लेकर नई बहस छेड़ रहा है। निजी विश्वविद्यालयों में बीटेक, एमटेक, बीएससी, एमएससी, बीबीए, एमबीए, एलएलबी और एलएलएम सहित विभिन्न खातक एवं खातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 के प्रवेश का मामला विवाद का कारण बना हुआ है। आयोग का कहना है कि इन पाठ्यक्रमों में जिन विद्यार्थियों के प्रवेश का विवरण 31 दिसंबर 2025 तक पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया, उन्हें अब नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद अपलोड करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### तकनीकी कारणों से डेटा पोर्टल पर अपलोड नहीं

आयोग का केवल इतना कहना है कि निधर्धारित समय-सीमा के बाद किसी भी प्रकार की छूट प्रवेश प्रक्रिया की निष्पक्षता को प्रभावित कर सकती है। दूसरी ओर, निजी विश्वविद्यालय संघ का दावा है कि तकनीकी कारणों से कई विद्यार्थियों का डेटा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सका।

संघ ने उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर सात दिनों के लिए पोर्टल दोबारा खोलने की मांग की है, ताकि छूटे हुए विद्यार्थियों का विवरण अपलोड किया जा सके। फिलहाल आयोग अपने निर्णय पर अडिग है। अब निगाहें राज्य शासन पर टिकी हैं कि वह आयोग के निर्णय को यथावत रखता है या निजी विश्वविद्यालयों की मांग पर कोई अलग फैसला लेता है। आयोग का संदेश स्पष्ट है कि प्रवेश प्रक्रिया में नियमों और समय-सीमा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### संघ ने मांगा था सात दिन का समय

इंजीनियर संजीव अग्रवाल की अध्यक्षता वाले निजी विश्वविद्यालय संघ ने 4 जून 2026 को उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को पत्र लिखकर एमपी ऑनलाइन पोर्टल को सात दिनों के लिए पुनः खोलने का अनुरोध किया था। पत्र में संघ ने बताया था कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले अनेक विद्यार्थियों का विवरण एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सका है। संघ के अनुसार, पोर्टल पर एक छात्र की जानकारी कई चरणों में दर्ज करनी पड़ती है, जिससे प्रक्रिया में अधिक समय लगता है। इसी कारण कुछ विद्यार्थियों का डेटा निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपलोड नहीं हो पाया। संघ ने मंत्री से अनुरोध किया था कि आयोग को एमपी ऑनलाइन पोर्टल सात दिनों के लिए पुनः खोलने के निर्देश दिए जाएं, ताकि जिन विद्यार्थियों का विवरण अपलोड होने से रह गया है, उसे दर्ज किया जा सके। संघ का कहना था कि ऐसा नहीं होने पर संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित हो सकते हैं। मंत्री की ओर से इस संबंध में यथोचित कार्यवाही के लिए निर्देश भी जारी किए गए थे।

**आयोग सभा ने किया अमान्य-** 2 जून को आयोजित आयोग सभा में विस्तृत चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि विद्यार्थियों के डेटा अपलोड करने हेतु एमपी ऑनलाइन पोर्टल दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक खुला रखा गया था। वर्तमान में शैक्षणिक सत्र 2025-26 समाप्त हो चुका है और शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

---

अब नहीं रही पहले जैसी बात, राजनीतिक परिस्थितियां बदली हुई

## मंत्री विजयवर्गीय का तंज मेयर से दूरियां बढ़ने का इशारा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



इंदौर में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में जिस अंदाज में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने तंज कसा, वह दोनों के बीच दूरियां बढ़ने का इशारा कर रहा है। मंत्री द्वारा बुलाई गई बैठकों में महापौर लगातार गैरमौजूद रहे। जबकि महापौर पुष्यमित्र भार्गव की गिनती विजयवर्गीय खेमे में होती रही है, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी यह बता रही है कि सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। दरअसल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव की नजदीकी मुख्यमंत्री मोहन यादव से बढ़ने लगी है।

समारोह में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस साल शहर में जलसंकट रहा। पेड़ लगाने से भूजल स्तर अच्छा रहता है। फिर उन्होंने कहा, महापौर जी, आप भी इस बात पर ध्यान दें। आजकल आप बहुत व्यस्त रहते हैं। हमारी बैठकों में नहीं आ रहे हैं। उनकी यह बात सुनने के बाद महापौर भी थोड़ी देर के लिए असहज हो गए। विजयवर्गीय ने जब यह बात कही, तब महापौर मुख्यमंत्री मोहन यादव के पास वाली कुर्सी पर ही बैठे थे।

### पोस्टरों में विजयवर्गीय के फोटो नहीं लगे थे

इंदौर में पिछले दिनों नगर निगम के आयोजनों में मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हुए हैं। विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री हैं, लेकिन आयोजनों के पोस्टर और होर्डिंग में उनके फोटो नजर नहीं आए। इसका मुद्दा मंत्री विजयवर्गीय के समर्थक पार्षद मनीष मामा ने महापौर परिषद की बैठक में भी उठाया था। हाल ही में मंत्री विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को इंदौर और पीथमपुर के साथ हो रही उपेक्षा को लेकर पत्र भी लिखा था।

### टिकट के लिए दी थी विजयवर्गीय ने सहमति

महापौर चुनाव के समय जब तत्कालीन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने नए चेहरे के रूप में इंदौर महापौर पद के उम्मीदवार के लिए पुष्यमित्र भार्गव का नाम आगे बढ़ाया था, तो उनके नाम पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सहमति दी थी। दरअसल, पुष्यमित्र के पिता मंत्री विजयवर्गीय के साथ पढ़े हैं और दोनों की अच्छी मित्रता है। विधानसभा चुनाव के समय जब तीन नंबर विधानसभा क्षेत्र से आकाश विजयवर्गीय का टिकट कटा था, तब भी मंत्री विजयवर्गीय ने पुष्यमित्र भार्गव का नाम तीन नंबर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में सुझाया था। नगरीय प्रशासन विभाग होने के नाते विजयवर्गीय और महापौर के बीच अच्छा तालमेल रहा है, लेकिन अब राजनीतिक परिस्थितियां बदली हुई हैं।

### उज्जैन से शुरू हुई रेलवे की नई व्यवस्था

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

रेलवे ने ट्रैक पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। रतलाम, उज्जैन, इंदौर और भोपाल रूट के करीब 500 किलोमीटर खुले रेलवे ट्रैक के किनारे 3.50 फीट ऊंचे क्रैश बैरियर लगाए जाएंगे। इन बैरियर का उद्देश्य लोगों और मवेशियों की रेलवे पटरी तक सीधे पहुंच को रोकना है, ताकि हादसों की आशंका कम की जा सके। रेलवे ने इस परियोजना की शुरूआत उज्जैन से कर दी है। शहर के नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के विभिन्न रेल मार्गों पर खुले हिस्सों को चिन्हित कर क्रैश बैरियर लगाने का कार्य शुरू किया गया है। जहां पहले से सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है या ट्रैक तक सीधी पहुंच नहीं है, उन स्थानों को इस योजना से बाहर रखा जाएगा। रेलवे का मानना है कि यह व्यवस्था सिंहस्थ के दौरान बेहद उपयोगी साबित होगी। सिंहस्थ में करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं और अधिक भीड़ होने पर कई लोग सीधे रेलवे ट्रैक पार करने लगते हैं। क्रैश बैरियर लगने से ट्रैक तक अनधिकृत पहुंच पर काफी हद तक रोक लगेगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी।

---

इंदौर के लवकुश चौराहे पर बड़ी राहत की तैयारी

## शुरू होगी डबलडेकर ब्रिज की एक तरफ की लेन

### ट्रायल रन और लाइटिंग की टेस्टिंग शुरू

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शहर के सबसे व्यस्त जंक्शन में से एक लवकुश चौराहे पर सफर करने वाले लाखों वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। यहां बन रहे शहर के पहले डबलडेकर ब्रिज की एक लेन (अरबिंदो अस्पताल से बाणगंगा की तरफ जाने वाली) अगले 10 दिनों में ट्रैफिक के लिए खोल दी जाएगी। आईडीए ने 15 दिन पहले इस लेन का लोड टेस्ट किया था, जो पूरी तरह सफल रहा। इसके बाद तकनीकी कंसल्टेंट से अंतिम रिपोर्ट और सुरक्षा प्रमाण पत्र मांगा गया था। वहां से सकारात्मक रिपोर्ट मिलने के बाद अब आईडीए प्रशासन ने इस लेन को शुरू करने की समय सीमा तय कर दी है।

आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े ने बताया अरबिंदो की तरफ से आने वाली लेफ्ट लेन पूरी तरह बनकर तैयार है। इसे आम जनता के लिए खोलने से पहले एक से दो दिन का ट्रायल रन किया जाएगा, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को परखा जा सके। फिलहाल, इस लेन पर ब्यूटीफिकेशन (सौंदर्यीकरण) का काम पूरा हो चुका है और रात के समय इस पर लगी आधुनिक लाइट्स की टेस्टिंग की जा रही है।

अरबिंदो अस्पताल, सुपर कॉरिडोर या उज्जैन रोड की तरफ से आकर मरीमाता, बाणगंगा और सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया जाने वाले वाहन चालकों को अब लवकुश चौराहे के लंबे ट्रैफिक सिग्नल और जाम में नहीं फंसना होगा।



### सर्विस लेन गड्ढों से मुक्ति

दोनों सर्विस लेन का काम चल रहा है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे दुर्घटनाएं व घंटों लंबा जाम लगता है। एक लेन चालू होने से नीचे का 50 प्रतिशत से अधिक ट्रैफिक लोड कम हो जाएगा। उज्जैन और सांवेर की तरफ से आने वाली बसें, डंपर और अन्य भारी वाहन बिना किसी बाधा के सीधे शहर के अंदरूनी हिस्सों की ओर जा सकेंगे। इससे चौराहे के नीचे केवल स्थानीय या टर्न लेने वाले वाहन ही बचेंगे।

### दूसरी लेन में इसलिए लग रहा वक्त?

मरीमाता से अरबिंदो अस्पताल की तरफ जाने वाली दूसरी लेन का काम भी लगभग 95 फीसदी पूरा हो चुका है। हालांकि, इसे शुरू होने में थोड़ा समय लगेगा। इसका कारण है कि ब्रिज के टॉप पर डामर की फिनिशिंग (मेस्टिंग) का काम होना बाकी है।

तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार, टॉप से लेकर सॉलिड एप्रोच तक मेस्टिंग (एक विशेष प्रकार की डामर की मोटी लेयर) किए बिना लेन को शुरू नहीं किया जा सकता। आईडीए इस ब्रिज पर उच्च स्तरीय मेस्टिंग तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे डामर बिछने के बाद दशकों तक सड़क खराब नहीं होती और गड्ढे व दरारें पड़ने की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाती है। बारिश थमते ही इस अंतिम लेयर को बिछाकर दूसरी लेन भी खोल दी जाएगी।

### 50 से ज्यादा कॉलोनियों में अब घर-घर पहुंचेगा पानी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

उज्जैन शहर की 50 से अधिक कॉलोनियों के हजारों रहवासियों को जल्द ही पेयजल संकट से राहत मिलने वाली है। हरियाखेड़ी पेयजल योजना के तहत इन क्षेत्रों तक मुख्य राइजिंग पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। योजना पूरी होने के बाद पहले ओवरहेड टंकियों में शुद्ध पानी पहुंचाया जाएगा और इसके बाद घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति शुरू की जाएगी।

इंदौर रोड, मक्सी रोड और आसपास के क्षेत्रों में पिछले 15 से 20 वर्षों में कई नई कॉलोनियां विकसित हुईं, लेकिन नगर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था वहां तक नहीं पहुंच सकी। वर्ष 1991 में गंभीर डेम से जल वितरण योजना शहर की उस समय की करीब साढ़े तीन लाख आबादी को ध्यान में रखकर बनाई गई थी। अब शहर की आबादी छह लाख से अधिक हो चुकी है, जबकि पुरानी पाइपलाइन और जल स्रोत नई बस्तियों की जरूरत पूरी करने में सक्षम नहीं रहे। इसी कारण इन इलाकों के लोग अब तक बोरिंग के पानी पर निर्भर थे।

हरियाखेड़ी पेयजल योजना के तहत तारामंडल से इंजीनियरिंग कॉलेज फोरलेन तक मुख्य राइजिंग पाइपलाइन बिछाई जा रही है। पहले चरण में करीब 15 कॉलोनियों के लगभग 10 हजार रहवासियों को इसका लाभ मिलेगा। इसके बाद अन्य कॉलोनियों को भी चरणबद्ध तरीके से इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। योजना के तहत सिलारखेड़ी तालाब की संग्रहण क्षमता 6 एमसीएम से बढ़ाकर 51 एमसीएम की जा रही है। हरियाखेड़ी में 100 एमएलडी क्षमता का आधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है।

## न्यूज कालम



### भैंसावा में श्रीराम मंदिर जीर्णोद्धार का विधायक कंचन तनवे ने की पूजाअर्चना

**खंडवा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैंसावा में भगवान श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन विधायक कंचन मुकेश तनवे ने विधि-विधान से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श, मयार्दा, सेवा और लोककल्याण का संदेश समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा मंदिर सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### मकराना से रवाना हुआ नक्काशीदार संगमरमर का पिलर



**खंडवा।** श्री दादाजी धूनीवाले मंदिर के भव्य संगमरमर मंदिर निर्माण कार्य ने अब गति पकड़ ली है। निर्माण समिति के अनुसार फाउंडेशन का कार्य गुणवत्ता के साथ तेजी से चल रहा है, जबकि मकराना में तैयार किया गया पहला नक्काशीदार संगमरमर का पिलर रविवार को खंडवा के लिए रवाना हो गया। निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग, तकनीकी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और ट्रस्ट मंडल व समिति सदस्यों के समन्वित प्रयासों से परियोजना निर्धारित मानकों के अनुरूप आगे बढ़ रही है।

### जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड का पुनर्गठन, कलेक्टर होंगे अध्यक्ष

**खंडवा।** जिले में उद्योगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है। नए बोर्ड में कलेक्टर को अध्यक्ष तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को सदस्य सचिव बनाया गया है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ उद्योग एवं व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया गया है, जिससे उद्योगों की समस्याओं के समाधान और निवेश को बढ़ावा मिल सके।

### कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू, संगठन को मजबूत बनावे

**खंडवा।** कांग्रेस का दो दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण शिविर वंदे मातरम गान के साथ शुरू हुआ। शिविर में खंडवा और बुरहानपुर के मंडलम, ब्लॉक व नगर अध्यक्षों को संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण और चुनावी रणनीति पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। सोमवार को बौद्धिक सत्र, प्रमाण-पत्र वितरण और राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन होगा।

### 16 जुलाई से महिलाओं के लिए पांच दिवसीय फिटनेस कार्यशाला

**खंडवा।** इनरव्हील क्लब खंडवा के तत्वावधान में 16 से 20 जुलाई तक महिलाओं एवं युवतियों के लिए पांच दिवसीय फिटनेस कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में योग, प्राणायाम, व्यायाम और स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना है, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक भी स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारी देंगे।

### जिला कोषालय में 16 एवं 17 जुलाई को आयोजित किया जायेगा शिविर

**बड़वानी ।** शासकीय कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के वित्तीय संव्यवहार में आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है। जिसमें कई बार कुछ समस्यायें भी प्रदर्शित होती है, जिनके निराकरण के लिये आईएफएमआईएस साफ्टवेयर पर एसडी दर्ज करवाई जाती है ।विभिन्न प्रकार की तकनिकी समस्याओं के निराकरण हेतु आयुक्त कोष एवं लेखा तथा कलेक्टर जिला बडवानी के निदेर्शानुसार जिला कोषालय बडवानी में 16 एवं 17 जुलाई को विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आहरण एवं संवितरण द्वारा अपनी समस्याओं का निराकरण जिला कोषालय बडवानी की तकनिकि टीम द्वारा किया जावेगा। इस कैम्प में संबंधित अधिकारी / कर्मचारी को आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदाय किया जायेगा ।

### वरला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पांच प्रकरणों में फरार वारंटी गिरफ्तार

**बड़वानी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़वानी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना वरला पुलिस ने 5 प्रकरणों में फरार चल रहे वारंटी आरोपी नरदास पिता टकलिया (उम्र 39 वर्ष), निवासी ग्राम धावड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस महानिरीक्षक (ग्रामीण) जोन, इंदौर के निदेर्शानुसार अवैध गतिविधियों, अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध हथियार, जुआ-सट्टा तथा फरार एवं स्थायी वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## कलेक्टर ने छात्राओं से सड़क पर ही संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना व निराकरण का दिया आश्वासन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



आलीराजपुर के विकासखंड उदयगढ़ स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की कुछ छात्राएं अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय आलीराजपुर के लिए पैदल निकल गईं। उदयगढ़ में प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया, लेकिन छात्राओं ने अपनी बात कलेक्टर के समक्ष रखने की बात कही।

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वयं उदयगढ़ पहुंचकर छात्राओं से मुलाकात की। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने छात्राओं से सड़क पर ही संवाद कर उनकी समस्याओं और भावनाओं को समझा। इसके बाद छात्राओं को वाहनों के माध्यम से सुरक्षित रूप से शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उदयगढ़ वापस पहुंचाया गया। कन्या शिक्षा परिसर पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती माथुर ने छात्राओं से विस्तारपूर्वक चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। छात्राओं ने परिसर में गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिलने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने तथा संबंधित व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं को उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का भरोसा भी दिलाया। साथ ही छात्राओं ने एक और समस्या में बताया कि कुछ छात्राएं रात में हॉस्टल की खिड़की की जालियों को तोड़ कर बाहर निकली थी। जिस पर कलेक्टर ने उन छात्राओं पर नाराजगी जताई और उनके पालकों को मिलने के लिए छात्रावास बुलाया तथा संबंधित छात्राओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर, एसडीएम जोबट, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, सीईओ जनपद पंचायत उदयगढ़ सहित प्रशासनिक अमला एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## घाघरला में सांसद-विधायक ने ग्रामीणों के साथ लगाए 500 पौधे

**बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को नेपानगर क्षेत्र में जनआंदोलन का रूप मिल रहा है। ग्राम पंचायत घाघरला में मां पोहरा देवी वूमेन एंड चिल्ड्रन वेल्फेयर सोसायटी, वन विभाग एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृक्षारोपण अभियान इसका प्रेरणादायी उदाहरण बना। कार्यक्रम में खंडवा संसदीय क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और नेपानगर विधायक मंजू दादू ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ मिलकर 500 पौधों का पौधरोपण किया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि पेड़ केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार हैं। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी ने पूरी दुनिया को पेड़ों का महत्व समझाया। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनआंदोलन बताते हुए सभी से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। विधायक मंजू दादू ने स्थानीय कोरकू भाषा में ग्रामीणों से संवाद कर पेड़-पौधों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। स्थानीय भाषा में दिए गए संदेश से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटिल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, सरपंच रतन पटेल, जिला पंचायत सदस्य किसन धाडे, संजय जाधव, प्रदीप जाधव, प्रेम सिंह चौहान, रमेश महाजन, दौलत कोहले, क्षितिज महाजन, राजेश चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**सनावद।** राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम जिला खरगोन,शंकर आई सेंटर इंदौर एवं लायंस क्लब सनावद सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष हेमा रांका ने बताया कि शिविर में 187 मरीजों की नेत्र जांच की गई।इनमें से 135 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। प्रथम चरण में 96 चयनित मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन हेतु शंकर आई सेंटर इंदौर ले जाया गया। शेष चयनित मरीजों के ऑपरेशन भी आगामी चरणों में कराए जाएंगे। मरीजों के आने-जाने हेतु निःशुल्क वाहन व्यवस्था,भोजन एवं चश्मों की व्यवस्था की गई। इस दौरान मनीषा महाजन,डॉ.कमलेश चौधरी,श्रेया चौधरी,अनिल चौधरी,कमल पटेल,उमा पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने अधिकारियों को छात्रावासों के नियमित निरीक्षण करने के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, संबल 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक एवं समय-सीमा में निराकरण कर ए-ग्रेड प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नॉन-अटेंडेंट शिकायतें रखने वाले संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करे।

### माझी समाज की एकजुटता रंग लाई

**खंडवा।** लंबे समय से धर्मशाला के लिए शासकीय भूमि की मांग कर रहे माझी (कहार) समाज को प्रशासन ने इंदिरा चौक स्थित 1800 वर्गफुट नजूल भूमि पर पुनः कब्जा सौंप दिया। समाज का आरोप था कि पूर्व में आवंटित भूमि किसी अन्य को दिए जाने की जानकारी मिलने पर समाजजनों ने स्थल पर पहुंचकर विरोध जताया और धरने की तैयारी कर ली। प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद हुई चर्चा के उपरांत भूमि की नपती कर समाज को मौके पर ही कब्जा सौंपा गया। साथ ही शेष भू-भाटक राशि जमा कराने के लिए समाज के प्रतिनिधियों को सोमवार को बुलाया गया।

## नेपानगर में मौत का सौदा :
## नपा कॉम्पलेक्स की छत पर बिना अनुमति चल रहा अमन एंड प्रिसियश लाइफ केयर हॉस्पिटल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



बुरहानपुर शहर में मरीजों की जान से खिलवाड़ का बड़ा मामला सामने आया है। नगर पालिका परिसर के पास नपा कॉम्प्लेक्स की छत पर बिना अनुमति, बिना मान्यता और स्वास्थ्य विभाग के मापदंडों को ताक पर रखकर "अमन एंड प्रिसियश लाइफ केयर हॉस्पिटल" बेखौफ संचालित हो रहा है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध कारोबार को कुछ प्रभावशाली नेताओं का खुला संरक्षण प्राप्त है। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम शिकायत पर जांच के लिए 3 बार पहुंची, लेकिन हर बार किसी नेता का फोन आ जाने के बाद टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

अस्पताल के साथ संचालित "अमन पैथोलॉजी" ने भी स्वास्थ्य विभाग को बिना सूचना दिए अपना स्थान बदल लिया। नियमों के अनुसार पैथोलॉजी का स्थान बदलने से पहले अनुमति अनिवार्य है, लेकिन संचालक ने नियमों को ठेंगा दिखा दिया।

**सवाल प्रशासन पर**

जब नपा परिसर की छत पर ही अवैध अस्पताल चल रहा है तो नपा और स्वास्थ्य विभाग की नींद क्यों नहीं खुल रही? क्या कानून सिर्फ आम आदमी के लिए है? नेताओं के एक फोन से पूरा सिस्टम कैसे फेल हो जाता है? अब देखना यह है कि कलेक्टर और सीएमएचओ इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करते हैं या फिर फाइलों में दबाकर मरीजों की जान से खिलवाड़ जारी रहने देते हैं।

### अश्विनी परांजपे का दो दिवसीय खंडवा प्रवास

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे 13 जुलाई रात्रि 11 बजे से 15 जुलाई प्रातः 9 बजे तक खंडवा जिले के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं दादाजी धाम में दर्शन-पूजन करेंगी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी तथा विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगी। प्रवास के दौरान 14 जुलाई दोपहर 3 बजे भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बैठक लेकर संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देंगी। इसके अलावा वे सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में भी भाग लेंगी।



### भारत विकास परिषद ने पीजी कॉलेज व दामखेड़ा मंदिर में किया पौधारोपण

**खरगोन।** भारत विकास परिषद की मां रेवा शाखा ने अपने 64वें स्थापना दिवस को पर्यावरण संरक्षण के रुप में मनाया। स्थापना दिवस सेवा पखवाड़े के रूप में मनाते हुए शहर के अलग- अलग स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है। परिषद के मीडिया प्रभारी दाउलाल महाजन ने बताया कि 10 जुलाई को पीजी कॉलेज के खेल परिसर में 4 से 8 फीट के 15 पौधे रोपे गए। इनमें नीम, कदम्ब और पीपल के पौधे शामिल थे। 12 जुलाई को दामखेड़ा स्थित भीलट मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मंदिर और महाजन समाज के अध्यक्ष नवनीत महाजन (निम्बू सेठ) उपस्थित रहे। यहां फूलों की प्रजाति के 35 पौधे लगाए गए, जिनमें चम्पा, कन्हेर, रातरानी और दिन का राजा जैसे पौधे शामिल थे। दोनों स्थानों पर कुल 50 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मां रेवा शाखा के संरक्षक जीएस चौहान, महेंद्र पटेल, जिला संयोजक श्याम पाटीदार, शाखा अध्यक्ष अखिलेश सराफ, उपाध्यक्ष ललित भटानिया, सचिव पुरुषोत्तम बड़ोले, कोषाध्यक्ष अनुप चतुर्वेदी, पर्यावरण संयोजक गणेश कानुगो आदि मौजूद रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**बड़वानी ।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल ने बड़वानी विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगातें दीं।उन्होंने ग्राम पाँचपुला उत्तर में 51 लाख की लागत से बनने वाले माध्यमिक विद्यालय भवन का भूमिपूजन किया। इसके पश्चात पाटी जनपद के ग्राम सिंधी में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। वहीं ग्राम गोलपाटीवाड़ी में 12 लाख की लागत से निर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण तथा 12 लाख की लागत से बनने वाले नवीन आंगनवाड़ी भवन का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा ग्रामीण अधोसंरचना को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### आयोग की बैठक 15 जुलाई को


**बड़वानी।**मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के संबंध में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन 15 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागृह में प्रातः 11 बजे से किया गया है। उक्त बैठक में मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव श्री अक्षय कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे।

**14 को होगा शिवधारा सत्संग**

**खंडवा।** शिवधारा आश्रम, अमरावती के संत डॉ. संतोष कुमार का सत्संग 14 जुलाई को सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी सेवा मंडली बगीचा ग्राउंड में आयोजित होगा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा सह अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में सोमवार कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा सह अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस सप्ताह आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रमों व अभियानों सहित विभिन्न विभागों के कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे स्व-प्रेरणा से रिजल्ट ओरिएंटेड/परिणामोन्मुखी कार्यशैली रखें, ताकि आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा सहित सभी संबंधित विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर बैठक में कलेक्टर ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण एक सतत प्रक्रिया है। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों को नियमित रूप से कार्य करते हुए आवेदकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना होगा।

### 6 राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि 31 अगस्त निर्धारित

**बड़वानी ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है। विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। कुल छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है।इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को श्रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कारश से सम्मानित किया जाएगा।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंहस्थ 2028 महापर्व के अंतर्गत चल रहे एवं अन्य नियमित निर्माण कार्यों, जनसुरक्षा व्यवस्थाओं, समयावधि पत्रों, सीएम हेल्पलाइन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-सीमा वाले प्रकरणों का निर्धारित समयावधि के भीतर निराकरण किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी समयावधि पत्र को लंबित नहीं रखा जाए तथा उनकी नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के लंबित समयावधि पत्रों की जानकारी दी तथा उनके निराकरण की कार्ययोजना प्रस्तुत की। कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकताओं को समय पर राहत उपलब्ध कराई जाए तथा प्रशासनिक कार्यों में तेजी और पारदर्शिता बरती जाए।सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिल सके। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए। भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कलेक्टर सिंह द्वारा किसान कल्याण वर्ष 2026 के सफल क्रियान्वयन के लिए चिन्हित जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई।

### नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन के साथ बैठक आयोजित

**उज्जैन, ।** जिले में नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (नाको) द्वारा मिशन एड्स सुरक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 95:95:95 का लक्ष्य 1 दिसंबर 2026 तक हासिल किया जाना है। इसके अनुसार 95 प्रतिशत एचआईवी से ग्रसित 95 प्रतिशत लोगों को उनका एचआईवी स्टेटस पता होना चाहिए। जो एचआईवी पॉजिटिव चिन्हांकित हो चुके हैं, उनमें से 95 प्रतिशत को एचआईवी की दवा खाना चाहिए एवं इन 95 प्रतिशत लोगों में से 95 प्रतिशत लोगों का वायरल लोड सप्रेस होना चाहिए।

## न्यूज -कॉलम

### शवयात्रा में कढ़ाबीन के धमाके से हुई थी युवक की मौत

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गावडी में 46 दिन पहले बुजुर्ग महिला का निधन होने पर परिवार द्वारा सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई थी। जिसमें कढाबीन बुलाया गया था और पटाखे छोडे गये थे। शवयात्रा में गांव का रहने वाला अजय पिता मोहन चौधरी 31 साल भी शामिल हुआ था। इस दौरान कढाबीन में बारूद भरकर धमाका किया गया। शवयात्रा में चल रहा अजय धमाके की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। नरवर थाना प्रभारी बछ्छू मंडलाई ने बताया कि घटनाक्रम के बाद मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बारूद से झुलसने पर उसकी मौत होना सामने आया। जिसके चलते कढाबीन रवि पिता रमेशचंद्र मालवीय निवासी जीवाजीगंज उज्जैन के खिलाफ लापरवाही का मामला रविवार को धारा 105 में दर्ज किया गया। रवि की गिरफ्तारी कर कढाबीन जप्त किया गया और सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### हादसे में घायल और जहरीला पदार्थ खाने वाले की मौत

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम बकानिया का रहने वाला ग्रामीण आत्माराम पिता रूग्गाजी जाट 55 साल 12 दिन पहले बाइक से उज्जैन आते समय गांव के बाहर ही सड़क हादसे का शिकार हो गया था। गंभीर हालत में उसे शासकीय अस्पताल उज्जैन लाया गया था, हालत गंभीर होने पर डॅक्टरों ने रैफर कर दिया था। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के दौरान सोमवार तडके आत्माराम की मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों का कहना था हादसा बाइक स्लिप होने पर हुआ था। माधवनगर थाना पुलिस ने सोमवार सुबह माकडोन के ग्राम ढाबला हर्दू में रहने वाले आत्माराम पिता ओंकारलाल की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। आत्माराम 2 बच्चों का पिता था और उसने जहरीला पदार्थ खाया था। दोनों शवों को परिजनों को सौंपने के बाद पुलिस ने मर्ग डायरी माकडोन और घट्टिया थाना पुलिस को जांच के लिये भेजने की बात कहीं है।

### रेलवे स्टेशन के सामने मृत अवस्था में मिला वृद्ध

**उज्जैन।** सोमवार दोपहर रेलवे स्टेशन के सामने होटल रामाकृष्णा के बाहर मृत अवस्था में एक व्यक्ति के पड़े होने की खबर मिलने पर देवासगेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने आसपास के लोगों से शिनाख्त के प्रयास किये, लेकिन सामने आया कि वह कुछ दिनों से क्षेत्र में दिखाई दे रहा था। पुलिस का कहना था कि मृतक 55 साल के लगभग का प्रतीत हो रहा है। हुलिये से वह बाहरी होना सामने आ रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। आसपास के जिलों की थाना पुलिस को मृतक का फोटो भेजा गया है और गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। 24 घंटे में परिजनों का पता नहीं मिलने पर पोस्टमार्टम कराकर शव को दफना दिया जायेगा।

### जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी महिला की हालत

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के विनायगा में रहने वाली 40 वर्षीय माया पति संतोष ने सोमवार दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसकी हालत बिगड़ती देखी तो उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॅक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और मामले की सूचना पुलिस को दी। महिला की हालत ठीक नहीं होने पर उसके बयान दर्ज नहीं हो पाये। परिजन भी कुछ बताने पाने की स्थिति में नहीं थे। आशंका जताई गई कि पारिवारिक विवाद में महिला द्वारा आत्मघाती कदम उठाया गया। हालत में सुधार होने पर बयान दर्ज किये जायेंगें।

### बदमाश ने युवक के साथ अडीबाजी कर मांगे 2 हजार

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के जागृति गार्डन के सामने रात के समय बदमाश निमित पांडे ने राज रायल कालोनी में रहने वाले मनीष पिता योगेश शर्मा 30 साल को रोक लिया और पार्टी करने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगा। मनीष ने रूपये देने से मना किया तो बदमाश ने मारपीट शुरू कर दी। मनीष का भाई पीछे आ रहा था, उसने मनीष के साथ मारपीट होती देखी तो बचाने पहुंचा। बदमाश जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले में मनीष की शिकायत पर नागझिरी थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ अडीबाजी करने का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 124-7 | 220-4 |
| मेन बाजार | 799-5 | 128-1 |
| कल्याण नाइट | 579-1 | 457-6 |
| मिलन डे | 449-7 | 338-4 |
| मिलन नाइट | 789-4 | 170-8 |
| मधुर डे | 357-5 | 123-6 |
| मधुर नाइट | 356-4 | 347-4 |
| शुभांक | 3 6 | 8 |

# बाड़े में बांधकर रखी थी चोरी की गई मुर्रा भैंस

## लोडिंग वाहन के साथ 70 लीटर कच्ची शराब के साथ हिरासत में आये 2 आरोपी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

लोडिंग वाहन से अवैध शराब का परिवहन करने की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर 2 युवकों को हिरासत में लिया तो उनसे पूछताछ में 17 दिन पहले चोरी की गई दो मुर्रा भैंस का खुलासा हो गया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर घर के पीछे बाडे में बांधकर रखी ढाई लाख कीमत की भैंस बरामद की है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 24 जून को ग्राम कमठाना में रहने वाले प्रकाश पिता अमृतलाल पाटीदार के खेत पर बंधी 2 मुर्रा भैंस चोरी होने का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान लोडिंग वाहन का उपयोग होना पाया गया था, लेकिन वाहन और उसमें सवार बदमाशों का पता नहीं चला था। पुलिस की टीम लगातार बदमाशों का सुराग तलाशने में जुटी थी। इसी बीच रविवार रात खबर मिली कि लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 झेडएफ 9387 से 2 युवक अवैध शराब का परिवहन करने के लिये निकले है। लोडिंग वाहन की तलाश शुरू की गई और रतलाम-कमठाना मार्ग से उक्त लोडिंग वाहन को घेराबंदी कर पकड लिया। तलाशी लेने पर उसमें से जहरीली कच्ची शराब की केन बरामद हो गई। लोडिंग में सवार 2 युवकों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई। उनके नाम राहुल पिता नानूलाल 26 साल और ओंकार पिता बेजसिंह चंद्रावत 32 साल निवासी ग्राम बपैया महिदपुररोड सामने आये। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 49 (ए) का प्रकरण दर्ज किया गया।



70 लीटर शराब के साथ लोडिंग वाहन जप्त होने पर दोनों से भैंस चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ शुरू की गई। दोनों ने 17 दिन पहले लोडिंग वाहन के माध्यम से खेत में बंधी दो भैंस चोरी करना कबूल करते हुये घर के पीछे बांधकर रखना बताया। सोमवार को थाना प्रभारी चौधरी ने भैंसों की बरामदगी के लिये टीम महिदपुर रोड ग्राम बपैया भेजी, जहां दोनों की निशानदेही पर ढाई लाख कीमत की अधिक मुर्रा भैंस जप्त कर भाटपचलाना लाई गई। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब पकड़ने और चोरी की भैंसे बरामद करने में एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया, पुष्पराजसिंह, आरक्षक विजय जाट, मुकेश गोयल, सुन्दरलाल, सुनील चौधरी, हितेश निम्बोला और टीम का सहयोग रहा। दोनों बदमाशों के खिलाफ पूर्व में अपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाये गये है। उन्हे कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## 5 दमकल, 28 टैंकर पानी से पाया काबू.....

# ज्वालामुखी जैसा दहकता दिखा बारदान गोदाम

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

बडनगर तहसील के उज्जैन मार्ग रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार-सोमवार रात बारदान गोदाम में आग लग गई। गोदाम में बारदान के साथ प्लास्टिक भरा होने पर ज्वालामुखी जैसी दहकता दिखाई दी। आग पर काबू पाने के लिये चार स्थानों की 5 दमकलें और 28 पानी के टैंकर पहुंचे। घटनाक्रम के बाद करोडों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

बडनगर थाना क्षेत्र के उज्जैन मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास विक्रम ट्रेडिंग कंपनी का बारदान गोदाम बना हुआ है। रात में अचानक गोदाम में आग लग गई। तडके पुलिस और आसपास के लोगों को खबर मिली तो थाना प्रभारी कमलेश सिंगार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोदाम के चारों ओर धुआं उठ रहा था। आगजनी की सूचना दमकल विभाग को दी गई। गोदाम संचालक नरपतसिंह भी मौके पर आ गया था। बडनगर की दमकल पहुंची और गोदाम का दरवाजा तोडा गया, आग ज्वालामुखी जैसी दहक रही थी, जिसका विकराल रूप दिखाई देने पर खाचरौद, बदनावर और उज्जैन से भी पांच दमकले और टैंकर आग पर काबू पाने के लिये पहुंच गये। गोदाम में बारदान के साथ प्लास्टिक रखा था, जिसके चलते आग पर काबू पाने के लिये घंटो मशक्कत करना पडी। करीब 28 टैंकर के साथ पांच दमकल पानी बहाने के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। लेकिन गोदाम में रखे बारदान राख बन चुके थे। गोदाम संचालक नरपतसिंह ने बताया कि करीब सवा करोड का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह तो पता नहीं है लेकिन शार्ट सर्किट की आशंका है। मामले में थाना प्रभारी सिंगार का कहना था कि उन्हे सुबह 6 बजे के लगभग खबर मिली थी। आग पर काबू पाये जाने के बाद पुलिस टीम मौके से वापस लौटी, लेकिन सोमवार रात तक आगजनी की शिकायत दर्ज कराने के लिये गोदाम संचालक थाने नहीं आया था। शिकायत मिलने के बाद आगजनी की जांच शुरू की जायेगी। गोदाम के अंदर आग काफी विकराल दिखाई दे रही थी। गनीमत रही कि रात का समय था जिसके चलते कोई जनहानि सामने नहीं आई है।



## करोड़ों के मोबाइल चुराने वालों ने लगाई थी फर्जी नंबर प्लेट

**उज्जैन।** 2 दुकानों का शटर उचकाकर करोडों के मोबाइल चोरी करने वाले बदमाशों ने कार पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई थी। नम्बर ट्रेस होने पर पुलिस ग्वालियर पहुंची तो व्यापारी से सामना हुआ। जिसकी कार का नम्बर बदमाशों ने उपयोग किया था।

माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में शुक्रवार-शनिवार रात चार बदमाशों ने एप्स मोबाइल और हाई च्वाइस मोबाइल का शटर उचकाकर करीब सवा करोड के मोबाइल चोरी कर लिये थे। वारदात सामने आने के बाद पुलिस ने कैमरों के फुटेज खंगाले थे। चार बदमाश कार से आना सामने आये थे। पुलिस ने कैमरों की मदद से कार का नम्बर ट्रेस किया और एक टीम सोमवार को ग्वालियर पहुंची। जहां उक्त नम्बर की कार मालिक व्यापारी होना सामने आया। कार का नम्बर तो सही था लेकिन मॉडल अलग था। जिससे साफ हो गया है कि बदमाश काफी शातिर और पेशेवर थे। उन्होने व्यापारी की कार का उपयोग कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया है। वारदात के बाद फुटेज में पुलिस को बदमाशों की कार के आगे और पीछे 2 अलग-अलग कार भी चलती दिखाई थी, पुलिस उन कारों का पता लगाने का प्रयास भी कर रही है। फिलहाल 3 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस को बदमाशों का सुराग नहीं मिला है, बावजूद सरगर्मी से तलाश जारी है।

**चोरी की कार से हुई थी सिगरेट चोरी**-एक माह पहले भी माधवनगर थाना क्षेत्र के दशहरा मैदान में बदमाशों ने महेश्वरी एजेंसी पर धावा बोला था और लाखों की सिगरेट चोरी कर भाग निकले थे। पुलिस ने उस वक्त भी फुटेज खंगाले थे, बदमाश कार से आये थे, लेकिन कार ट्रेस करने पर चोरी होना सामने आई थी। उक्त वारदात में अब तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया है। पिछले कुछ महिनों से बदमाशों ने चोरी में चार पहिया वाहन का उपयोग शुरू कर दिया है। बदमाश कभी चोरी की गाडी से आते है तो कभी नम्बर प्लेट फर्जी लगाते है।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने वाला पकडाया



**उज्जैन।** घर में घुसकर महिला से जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया,जहां से जेल भेजा गया है। इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि कस्बे में रहने वाली महिला ने रविवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह किराये से रहती है। उसके घर में नीलगंगा चौराहा उज्जैन का रहने वाला अर्जुन पिता नरेन्द्र घुसा और जबरन गलत काम किया। मामला महिला के साथ गलत काम का होने पर तत्काल प्रकरण दर्ज किया गया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। जिसे 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि महिला पूर्व में उज्जैन निवासी थी, उस दौरान आरोपी से उसका परिचय हुआ था। पूर्व में भी आरोपी ने उसके साथ गलत करने का प्रयास किया था, उस दौरान महिला ने नीलगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, सालभर पहले महिला इंगोरिया रहने आ गई थी, जहां आरोपी ने पहुंचकर जबरन उसके साथ गलत काम किया है।

## दहशत फैलाने वाले बदमाश पर पुलिस का शिकंजा

**उज्जैन।** दहशत फैलाने वाले बदमाश की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस ने शिकंजा कंसा और 6 माह के लिये जिले के साथ राजस्व सीमा में प्रवेश नहीं करने का प्रतिबंध लगा दिया। महिदपुर पुलिस ने बदमाश से जिलाबदर का आदेश तामिल कराया और उसे जिले की सीमा से बाहर भेज दिया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि केसरपुरा गायत्री कालोनी में रहने वाला बदमाश घनश्याम पिता धुलजी प्रजापत 35 साल वर्तमान में महिदपुर की आदिनाथ कालोनी में रह रहा था। पिछले 16 सालों से वह अपराधिक गतिविधियों में शामिल था, उसके खिलाफ हफ्ता वसूली, जान से मारने की धमकी देने, मारपीट करने और संगीन मामले में कई अपराध दर्ज हो चुके थे। उसकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी, बावजूद उसके आचरण में सुधार नहीं आ रहा था। बदमाश के आतंक से क्षेत्र की आमजनता भयभीत थी और उसके खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कराने के साथ कोर्ट में गवाही देने से भी डर रही थी। बदमाश की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये बदमाश का जिलाबदर प्रकरण तैयार कर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला दंडाधिकारी को भेजा गया। जहां से बदमाश को जिलाबदर करने के आदेश जारी होते ही महिदपुर पुलिस की टीम उसके घर पहुंची और आदेश की तामिली कराने के बाद उसे उज्जैन जिले के साथ सीमावर्ती जिले देवास, शाजापुर, इन्दौर, रतलाम, मंदसौर, धार और आगर मालवा की राजस्व सीमाओं में प्रवेश नहीं करने की जानकारी देकर उसे बाहर कर दिया गया। बदमाश को हिदायत दी गई है कि अगर 6 माह तक वह सीमावर्ती इलाके में दिखाई दिया तो उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम की कार्रवाई की जायेगी।



### 15 को लगेगा विशेष स्वर्णप्राशन शिविर

**उज्जैन।** पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर 15 जुलाई को फ्रीगंज के कुशाभाऊ ठाकरे कॉम्प्लेक्स स्थित धन्वंतरि आयुर्वेद में विशेष स्वर्णप्राशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सकों के परामर्श के साथ स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद के अनुसार स्वर्णप्राशन बच्चों के संपूर्ण शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसके सेवन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ती है। बार-बार होने वाले सर्दी, खांसी और अन्य संक्रमण से भी बचाव होता है।

# पुणे में अत्याधुनिक एमडी निर्माण लैब का भंडाफोड किया

## उज्जैन और जोधपुर में गिरफ्त में आये मुख्य साजिशकर्ता

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

अंतराज्यीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी गिरोह के खिलाफ बडी सफलता हासिल करते हुए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मध्यप्रदेश इकाई ने महाराष्ट्र के पुणे में एमडी बनाने वाली अवैध प्रयोगशाला का पर्दाफाश किया। ऑपरेशन वज्र में गिरोह के दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को उज्जैन (मध्य प्रदेश) और जोधपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सीबीएन, नीमच के उप नारकोटिक्स आयुक्त कार्यालय की प्रिवेंटिव शाखा द्वारा ठोस खुफिया सूचना के आधार पर की गई।

1 जुलाई से 10 जुलाई 2026 के बीच जांच और समन्वित अभियान चलाया गया। इस दौरान सीबीएन अधिकारियों ने पुणे में अवैध एमडी निर्माण की एक हाई-टेक लैब का पता लगाते हुए वहां से उन्नत मशीनरी, प्रयोगशाला उपकरण, प्रीकर्सर रसायन तथा सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए। इस मामले में दो आरोपियों, जिनमें मुख्य साजिशकर्ता भी शामिल हैं, को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई फरवरी 2026 में शुरू हुई जांच की अगली कडी है। जब सीबीएन नीमच ने मंदसौर में एक यात्री बस को रोककर 8.17 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया था। इसके बाद की तलाशी में महू के थावलाय क्षेत्र में एक अवैध प्रयोगशाला का पता चला, जहां से 43.82 किलोग्राम मेफेड्रोन, 261.32 किलोग्राम प्रीकर्सर रसायन और आधुनिक निर्माण उपकरण जब्त किए गए। लगातार खुफिया निगरानी और व्यापक अंतर्राज्यीय जांच के आधार पर प्रिवेंटिव टीम ने फरार मास्टरमाइंड का पीछा किया, जो फर्जी पहचान पत्रों के सहारे कई राज्यों में ठिकाने बदल रहा था। गहन गुप्त अभियान के बाद 3 जुलाई 2026 की देर रात उज्जैन में उसे मध्यप्रदेश पुलिस के सहयोग से पकड लिया गया। विस्तृत जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह ने पुणे के भोसरी स्थित डिग्गी इलाके में एक और उन्नत एमडी निर्माण इकाई खडी की थी, जिसकी फंडिंग और समन्वय जोधपुर स्थित एक सह-साजिशकर्ता द्वारा किया जा रहा था। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीबीएन की टीमों ने 9 जुलाई 2026 की देर रात पुणे और जोधपुर में एक साथ छापेमारी की, जिसमें दूसरे साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया गया और गुप्त प्रयोगशाला को ध्वस्त कर दिया गया। इस अभियान में उन्नत डिजिटल मशीनें, लैब उपकरण, भारी कांच सामग्री, प्रीकर्सर रसायन और सुरक्षा सामग्री जब्त की गई। ऑपरेशन वज्र की सफलता सीबीएन अधिकारियों की उच्च स्तरीय पेशेवर क्षमता, खुफिया-आधारित जांच और निर्बाध अंतरराज्यीय समन्वय को दर्शाती है। जब्त की गई सभी मशीनरी, उपकरण और रसायनों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत कब्जे में लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी हरबाई पति भादर सिंह जाति आंजना निवासी ग्राम रातडिया तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित सर्वे क्रमांक 20/1/3/1 रकबा 0.22 हेक्टर, कुल हेक्टर 0.22 हेक्टर भूमि ग्राम जलालखेडी तहसील उज्जैन जिला उज्जैन स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर केता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन केता पक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशसन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । दिनांक- 13/07/2026

**अनिल मालवीय हाईकोर्ट एडव्होकेट**
**कार्यालय-एम 61/1. वररुचि मार्ग फ्रीगंज उज्जैन**
**मो.नं. 88789-11190**

# मालिश भी एक ध्यान



मंगोलिया में एक सुंदर ध्यान-विधि विकसित की गई है, जिसे नाम दिया गया है- चुआ का। इसमें ह्यका का अर्थ है प्राणदायी ऊर्जा और चुआ यानी आत्मा। तो चुआ का से आशय है, अपनी आत्मा का विश्व-ऊर्जा के साथ मेल करना। चुआ का ध्यान विधि लगभग 1,500 वर्ष पहले विकसित हुई, वह भी इसलिए कि युद्ध पर जाने से पहले योद्धा बहुत भयभीत होते थे, क्योंकि युद्ध का मतलब था मौत। इस भय को वे लोग अपने शरीर में दबा देते थे और इससे उनका शरीर कमजोर हो जाता था। हमारे शरीर में भावनाओं के क्षेत्र (इमोशनल जोन्स) होते हैं और विशिष्ट प्रकार के भय खास अंगों में एकत्र होते हैं। जैसे, किसी आदमी में आत्मविश्वास की कमी है, तो उसके पैरों के तलवे में तनाव होगा। जिसे दंड पाने का भय होगा, उसकी कोहनी में पीड़ा होगी। निराशा कंधों में बोझ बनकर बैठती है। जिसकी जिंदगी ही बोझ है, उसको गर्दन के नीचे पीठ में तनाव और बोझिलता महसूस होता है। चुआ का एक तरह की सेल्फ मसाज है, यानी अपनी मालिश अपने ही हाथों से करना। मनुष्य के सभी भय चूंकि उसके शरीर के विभिन्न अंगों में एकत्र होते रहते हैं, इसलिए मन भले ही भूल जाए अपने भय को, शरीर नहीं भूलता। इसलिए चुआ का ध्यान में बहुत हल्के से शरीर के अंगों को छूते हैं, सहलाते हैं। उनको सहलाने से वहां पर फंसी हुई ऊर्जा मुक्त होती है। उस ऊर्जा के मुक्त होते ही शरीर भी वहां के भय की स्मृति को विस्मृत कर देता है। हम कई तरह के भय इसलिए पालते हैं, क्योंकि हमारा विश्व में व्याप्त ऊर्जा से संपर्क कट गया है। इसलिए, पहले अपनी श्वास पर ध्यान केंद्रित करना है, चारों ओर फैली हुई प्राण ऊर्जा के साथ नाता जोड़ना है, फिर श्वास लयबद्ध गति से चलने लगती है और व्यक्ति को अपने शरीर से बाहर फैलने का एहसास होता है। एक बार बाहर की प्राण ऊर्जा के साथ सुर सध जाए, तब फिर एक-एक अंग को सहलाना शुरू कर सकते हैं। यह सिर्फ मसाज नहीं है, वरन हम अपने शरीर को पूर्ण स्वीकार करते हैं। चुआ का की अनूठी बात यह है कि वह सुखवादी है, दुखवादी नहीं है। किसी भी अंग की मालिश तभी तक करनी है, जब तक कि स्पर्श सुखद लगे। जैसे ही स्पर्श से पीड़ा होनी शुरू हो, मसाज फौरन बंद कर देना है, क्योंकि जहां पीड़ा होती है, वहां से देह सिकुड़ जाती है। जहां सुख मिलता है, देह खिल जाती है। ओशो की दृष्टि यह है कि भय प्रेम के अभाव से पैदा होता है। भय में शरीर सिकुड़ता है, प्रेम में फैलता है। मालिश करते हुए हम शरीर को प्रेम में इतना भिगो देते हैं कि वह फैलने लगता है। उस फैलाव में ही भय में सिकुड़ी हुई ऊर्जा खुलकर बहने लगती है।

**सम्पादकीय**

## टी-20 में शर्मनाक हार

पहले आयरलैंड और अब इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में मिली एकतरफा हार से टी-20 की टीम इंडिया पर सवाल उठना लाजिमी है। क्रिकेट के इस फॉर्मेट में वह दुनिया की सरताज टीम रही है और करीब चार वर्षों के बाद इंग्लैंड ने उसे दूसरे नंबर पर धकेल दिया है। भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को टीम के हालिया प्रदर्शनों से गहरी निराशा हुई है और स्वाभाविक ही कोच गौतम गंभीर व कप्तान श्रेयस अय्यर आलोचकों के निशाने पर हैं। हालांकि, क्रिकेट एक टीम खेल है, इसलिए हार-जीत के लिए किसी एक खिलाड़ी या कोच को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। निस्संदेह, श्रेयस अय्यर पर अब दबाव बढ़ेगा, क्योंकि उन्हें हाल ही में इस फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी गई थी और लगातार दो श्रृंखलाओं में एकतरफा पराजय से टीम के मनोबल पर असर पड़ा है। वैसे, इंग्लैंड के खिलाफ चार में से तीन मैचों में उनके निजी प्रदर्शन को बुरा नहीं कहा जा सकता, मगर आयरलैंड के खिलाफ शुरूआती दोनों मैचों में वह महज सात-सात गेंदें खेल सके। दिसंबर 2023 के बाद से ही श्रेयस टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाए थे और एक लंबे अंतराल के बाद इस फॉर्मेट में विदेशी मैदान में उतरे थे।

अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में टीम इंडिया की इस शर्मनाक पराजय की समीक्षा करते हुए बीसीसीआई को अपने गिरेबान में भी झांकना चाहिए। उसके कई फैसलों पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह तो साफ है कि अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए टीम इंडिया की जैसी तैयारी होनी चाहिए थी, उसके लिए उसे पर्याप्त वक्त ही नहीं मिला। 31 मई तक तो हमारे खिलाड़ी आईपीएल खेल रहे थे। आईपीएल की पिच व यूरोपीय पिच के फर्क और दो अलग महादेशों की आबोहवा के अंतर से वाकिफ होने के बावजूद ऐसा लगा कि बीसीसीआई ने जरूरी होमवर्क नहीं किया, वरना वह इतने सारे अनुभवी खिलाड़ियों को एक साथ आराम नहीं देती। ऐसा लगता है कि आयरलैंड टीम को कमतर आंका गया था? नतीजतन, इसका असर बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण, तीनों ही क्षेत्रों में देखने को मिला। सूर्य कुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की कमी इस दौरे में लगातार खली। खेलों की दुनिया हमेशा से अनिश्चितता भरी रही है और इसी में उसका रोमांच भी है, फिर भी टीम इंडिया के कर्ताधर्ताओं को अब नए सिरे से गौर करने की जरूरत है। यह सर्वविदित है कि टी-20 और आईपीएल जैसे आयोजनों की आक्रामक बल्लेबाजी ने क्रिकेट की कलात्मक शैली को काफी प्रभावित किया है, फिर भी विजेता वही टीम बनती है, जो बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बेहतर संतुलन बना पाती है। निस्संदेह, नए खिलाड़ियों को मौका मिलना चाहिए और उन्हें भविष्य के लिए तैयार भी करना चाहिए, लेकिन यह नहीं बिसराया जाना चाहिए कि विदेशी मैदानों में अनुभव भी बहुत मायने रखते हैं।

### बुक स्टॉलों पर किताबों की बिक्री कम

# क्या इंटरनेट युग ने छीन ली पढ़ने की संस्कृति?

भारतीय रेलवे स्टेशन केवल यात्रियों के आवागमन के केंद्र नहीं रहे हैं, बल्कि वे लंबे समय तक देश की सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना के भी प्रतीक रहे हैं। किसी भी बड़े या छोटे रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करते ही व्हीलर जैसे बुक स्टॉल यात्रियों का ध्यान आकर्षित करते थे। यात्रा शुरू होने से पहले अखबार खरीदना, कोई पत्रिका चुनना या रास्ते के लिए उपन्यास लेना एक सामान्य आदत थी। रेल यात्रा और पुस्तकें मानो एक-दूसरे की पूरक थीं।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

लेकिन आज वही बुक स्टॉल सन्नाटे में डूबे दिखाई देते हैं। जिन स्थानों पर कभी पुस्तकों और पत्रिकाओं के खरीदारों की भीड़ लगी रहती थी, वहाँ अब गिने-चुने ग्राहक ही दिखाई देते हैं। अनेक स्टॉलों पर पुस्तकों की जगह पानी की बोतलें, बिस्कुट, चिप्स, कोल्ड ड्रिंक और अन्य खाद्य पदार्थों ने ले ली है। यह दृश्य केवल बाजार के बदलते स्वरूप का नहीं, बल्कि समाज की बदलती पठन संस्कृति का भी संकेत है।

पिछले दो दशकों में तकनीक ने मनुष्य के जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। स्मार्टफोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने सूचना तक पहुँच को आसान, तेज और सुलभ बना दिया है। आज दुनिया की लगभग हर जानकारी कुछ सेकंड में मोबाइल स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाती है। समाचार, पुस्तकें, शोध-पत्र, पत्रिकाएँ, वीडियो, पॉडकास्ट और ऑडियोबुक-सब कुछ एक ही उपकरण में समाहित हो गया है। यह तकनीकी क्रांति निस्संदेह मानव सभ्यता की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। लेकिन इसके साथ एक बड़ा प्रश्न भी जुड़ा है कि क्या इस डिजिटल सुविधा ने मुद्रित पुस्तकों और पत्रिकाओं की आवश्यकता को कम कर दिया है? रेलवे स्टेशनों के सूने पड़े बुक स्टॉल इस प्रश्न को और अधिक प्रासंगिक बना देते हैं।

एक समय था जब धर्मयुग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, कादम्बिनी, सारिका, नवनीत, रविवार, हंस, सरिता, मुक्ता, गृहशोभा, वनिता, मेरी सहेली, प्रतियोगिता दर्पण, चंदामामा, मधु मुस्कान, मायापुरी, मनोहर कहानियाँ, रीडर्स डाइजेस्ट, इंडिया टुडे और आउटलुक जैसी पत्रिकाओं की नई प्रतियों का पाठकों को बेसब्री से इंतजार रहता था। रेलवे स्टेशनों के बुक स्टॉल इन पत्रिकाओं के सबसे बड़े बिक्री केंद्र होते थे। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लाखों यात्री अपनी रुचि के अनुसार पत्रिकाएँ खरीदते थे। बच्चों के लिए कॉमिक्स, युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री, महिलाओं के लिए गृह और परिवार से जुड़ी पत्रिकाएँ तथा साहित्य प्रेमियों के लिए उपन्यास और कहानी संग्रह आसानी से उपलब्ध रहते थे। यह केवल व्यापार नहीं था, बल्कि पढ़ने की एक जीवंत संस्कृति थी।

आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। अनेक प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ बंद हो चुकी हैं। कई पत्रिकाओं का प्रकाशन सीमित हो गया है। जिनका प्रकाशन जारी भी है, उनकी प्रतियाँ पहले की तुलना में बहुत कम छपती हैं। पुस्तक विक्रेताओं का कहना है कि अब यात्रियों की पहली पसंद पुस्तक नहीं, बल्कि मोबाइल फोन है। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर प्रतीक्षा कर रहे अधिकांश लोग किताबों की अलमारी की ओर देखने के बजाय अपने मोबाइल की स्क्रीन में व्यस्त दिखाई देते हैं।

इस परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण इंटरनेट को माना जाता है। इंटरनेट ने ज्ञान और सूचना को लोकतांत्रिक बना दिया है। पहले किसी विषय पर जानकारी प्राप्त करने के लिए पुस्तकालय जाना पड़ता था या पुस्तक खरीदनी पड़ती थी। आज वही जानकारी मुफ्त में ऑनलाइन उपलब्ध है। हजारों पुस्तकें पीडीएफ रूप में उपलब्ध हैं। किंडल और अन्य ई-बुक प्लेटफॉर्म ने पुस्तक पढ़ने के तरीके को बदल दिया है। ऑडियोबुक ने उन लोगों के लिए भी पढ़ने का विकल्प उपलब्ध कराया है जिनके पास समय कम है। इस दृष्टि से देखा जाए तो पढ़ने की आदत समाप्त नहीं हुई, बल्कि उसका माध्यम बदल गया है।

लेकिन यह आधा सच है। वास्तविक चिंता पढ़ने के माध्यम से अधिक पढ़ने की प्रवृत्ति को लेकर है। डिजिटल माध्यम पर उपलब्ध अधिकांश सामग्री त्वरित उपभोग के लिए तैयार की जाती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ता का ध्यान अधिक समय तक किसी एक विषय पर टिकने नहीं देते। रील्स, शॉर्ट वीडियो और छोटे-छोटे पोस्ट लोगों को लगातार एक सामग्री से दूसरी सामग्री की ओर ले जाते रहते हैं। परिणामस्वरूप गहन अध्ययन, चिंतन और विश्लेषण की प्रवृत्ति कमजोर पड़ती जा रही है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि लगातार बदलती डिजिटल सामग्री मनुष्य की एकाग्रता को प्रभावित करती है। पहले लोग एक उपन्यास या पुस्तक को कई दिनों तक पढ़ते थे। अब कुछ मिनटों से अधिक समय तक एक ही विषय पर ध्यान केंद्रित करना कठिन होता जा रहा है। सूचना की मात्रा बढ़ी है, लेकिन ज्ञान की गहराई कम होती दिखाई देती है। यही कारण है कि पढ़ने और देखने के बीच का अंतर समझना आवश्यक है। वीडियो देखना और पुस्तक पढ़ना दो अलग-अलग मानसिक प्रक्रियाएँ हैं। पुस्तक पाठक को कल्पना, विश्लेषण और आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती है, जबकि वीडियो अधिकांश दृश्य सामग्री सीधे प्रस्तुत कर देता है।

रेलवे स्टेशनों के बुक स्टॉलों की बदली हुई तस्वीर केवल तकनीक की कहानी नहीं कहती, बल्कि बदलती जीवनशैली का भी संकेत देती है। आज लोगों के पास समय कम है और व्यस्तता अधिक है। लंबी रेल यात्राएँ भी अब मोबाइल मनोरंजन का माध्यम बन चुकी हैं। पहले चार घंटे की यात्रा में एक पुस्तक पढ़ी जाती थी, अब वही समय सोशल मीडिया, वेब सीरीज, गेम और वीडियो देखने में बीत जाता है।

शिक्षा व्यवस्था भी इस परिवर्तन से प्रभावित हुई है। विद्यार्थियों का अध्ययन अब परीक्षा-केंद्रित होता जा रहा है। पाठ्यक्रम से बाहर पढ़ने की आदत लगातार कम हो रही है। विद्यालयों और महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में पहले जैसी चहल-पहल दिखाई नहीं देती। डिजिटल नोट्स और ऑनलाइन कोचिंग ने मुद्रित अध्ययन सामग्री की आवश्यकता को काफी हद तक कम कर दिया है। हालांकि यह परिवर्तन सुविधाजनक है, लेकिन इसके कारण साहित्यिक और सामान्य पठन की परंपरा कमजोर हुई है।

परिवारों में भी पढ़ने का वातावरण पहले जैसा नहीं रहा। कभी बच्चों को जन्मदिन पर कहानी की पुस्तकें उपहार में दी जाती थीं। घरों में छोटी-छोटी पुस्तक अलमारियाँ होती थीं। समाचार पत्र पूरे परिवार द्वारा पढ़े जाते थे। आज बच्चों के हाथों में कम उम्र से ही स्मार्टफोन और टैबलेट आ गए हैं। मनोरंजन के डिजिटल विकल्प इतने अधिक हैं कि पुस्तकें उनके सामने आकर्षण खोती जा रही हैं।

## गिरगिट ! तुम बेवजह बदनाम हो

एक पेड़ की झुकी हुई डाल पर बैठा बाघा गिरगिट बड़ी देर से सड़क किनारे खड़े इंसानों की महफिल देख रहा था। उसे अपनी पुश्तैनी रगों पर, अपने खानदानी हुनर पर बड़ा नाज था। जब चाहा, धानी पत्तों के बीच पन्ना बन गया, जब चाहा, सूखी टहनियों पर बैठ कत्थई चोला ओढ़ लिया। पर आज इंसानों की यह चुनावी और सामाजिक बैठकी देखकर उसकी पूंछ शर्म से दोहरे घेरे में मुड़ गई। उसने एक गहरी सांस ली, अपनी बाईं आंख को नब्बे डिग्री उत्तर और दाईं आंख को एक सौ अस्सी डिग्री दक्षिण में घुमाया और सोचने लगा कि विधाता ने उसे रंग बदलने की जो कला बख्शी थी, इंसानों ने तो उसका पूरा का पूरा कॉरपोरेट साम्राज्य ही खड़ा कर दिया है।

बाघा ने हवा में उड़ते एक झींगुर को लपकने के लिए जीभ निकाली, पर फिर उसे लगा कि आज भोजन करने से ज्यादा जरूरी आत्मनिरीक्षण है। वह समझ गया कि गिरगिट तो बस एक बदनाम विधा है, असली उस्ताद तो दो पैरों पर चलने वाला यह जीव है। गिरगिट तो केवल त्वचा का रंग बदलता है, इंसान तो अंतरात्मा का भूगोल ही बदल देता है। गिरगिट जब रंग बदलता है, तो उसका मकसद बहुत सीधा और पाकीजा होता है, या तो पेट की आग बुझाना या फिर किसी शिकारी की बाज नजरों से अपनी खाल बचाना। इसमें कोई मक्कारी नहीं, कोई कपट नहीं, विशुद्ध आत्मरक्षा का प्राकृतिक नियम है। इसके विपरीत, इंसान जब रंग बदलता है, तो वह किसी को गर्त में गिराने, किसी की जेब काटने या फिर सत्ता की सीढ़ी चढ़ने के लिए बदलता है। गिरगिट का रंग बदलना एक कला है, इंसान का रंग बदलना एक सोची-समझी साज़िश है। पेड़ के नीचे बैठे नेताओं और चेलों की बातचीत बाघा के कानों में पिघले सीसे की तरह उतर रही थी।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14 जुलाई 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:54 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - अमावस्या 15:13 उपरांत एकम
नक्षत्र - पुनर्वसु 24:10 उपरांत पुष्य
योग - व्याघात 11:57 उपरांत हर्षण
करण - नाग
चन्द्रमा - मिथुन में है। 18:47 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 28 तारिख

**मेष-** व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**वृषभ-** निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी।

**मिथुन-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**सिंह-** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। धनार्जन होगा।

**कन्या-** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक-** पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**धनु-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा।

**मकर-** यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी।

**कुंभ-** किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे।

**मीन-** धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। आय में वृद्धि होगी।

**समसामयिक**

## पर्यावरण कार्यकर्ता अग्रवाल ने जल संरक्षण और गंगा नदी की स्वच्छता के लिए किए कई आंदोलन



प्रोफेसर जी डी अग्रवाल, जो एक पर्यावरण कार्यकर्ता भी थे, उन्होंने जल संरक्षण और गंगा नदी की स्वच्छता के लिए काफी आंदोलन किए थे। उनकी मृत्यु 2018 में हुई थी, और उनकी मौत का कारण उनकी भूख हड़ताल थी, जो उन्होंने गंगा को प्रदूषण से बचाने के लिए शुरू की थी। उनकी हालत खराब हो गई थी और अंततः उनका निधन हो गया था।

जी डी अग्रवाल का जन्म 1945 में हुआ था, और वो आईआईटी कानपुर से इंजीनियर थे, बाद में उन्होंने पर्यावरण और गंगा नदी के संरक्षण में अपना जीवन लगा दिया। वो आमतौर पर स्वच्छ गंगा मिशन के लिए जाने जाते थे। 2018 में, उन्होंने एक लंबी भूख हड़ताल शुरू की, जब उन्हें लगा कि सरकार गंगा की सफाई और संरक्षण को लेकर गंभीर नहीं है। वो करीब 111 दिन तक भूखे रहे, लेकिन उनकी सेहत लगातार गिरती गई। आखिर में, उनकी मौत हो गई, और इस घटना ने पूरे देश में एक बड़ा ध्यान आकर्षित किया, खासकर गंगा की स्थिति को लेकर।

प्रोफेसर जी डी अग्रवाल का जन्म 22 सितंबर 1945 को हुआ था। उनका पूरा नाम था गणेश दत्त अग्रवाल, और वो गंगा को बचाने के लिए अपने जीवन भर सक्रिय रहे, और उनके प्रयासों ने कई लोगों को प्रेरित किया। जी डी अग्रवाल का नाम पहले इंजीनियरिंग के क्षेत्र में था, लेकिन बाद में वो पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित हो गए। उन्होंने गंगा नदी की सफाई के लिए 'मिशन लांच' किया और गंगा के जल स्रोतों को बचाने के लिए कई जन आंदोलन किए। वो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के प्रोफेसर भी रहे और बाद में स्वराज्य के लिए राजनीति और समाज सेवा में भी जुड़े। उनकी भूख हड़ताल ने पूरे देश का ध्यान खींचा, और उन्होंने गंगा की सफाई और जल संकट को राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया। उनकी मृत्यु ने भी कई लोगों को जागरूक किया और गंगा की हालत सुधारने की दिशा में कई नए प्रयास शुरू हुए।

जी डी अग्रवाल ने अपनी भूख हड़ताल 22 जून 2018 को शुरू की थी, और यह लगभग 111 दिन तक चली। दुर्भाग्यवश, उनकी मृत्यु 11 अक्टूबर 2018 को हुई थी, जब वो मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती थे, और उनकी सेहत लगातार खराब होती जा रही थी।

जी डी अग्रवाल ने अपने पूरे जीवन में गंगा की सफाई के लिए कई आंदोलन किए। वो 'गंगा अभियान' नामक एक बहुत बड़े आंदोलन का हिस्सा थे, जिसमें उन्होंने नदियों के प्रदूषण को रोकने, औद्योगिक गंदगी को हटाने और नदियों के प्राकृतिक बहाव को बरकरार रखने की मांग की। उन्होंने कई बार संसद में भी अपनी बात रखी थी, लेकिन जब उन्हें लगा कि उनकी मांगों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा, तब उन्होंने भूख हड़ताल का रास्ता अपनाया। उनकी मृत्यु के बाद भी गंगा सफाई अभियान को और मजबूती मिली और कई संगठनों ने उनकी विरासत को आगे बढ़ाया।

जी डी अग्रवाल ने अपनी भूख हड़ताल दिल्ली के हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे, ऋषिकेश और हरिद्वार के बीच, एक आश्रम में शुरू की थी। वो वहां गंगा को प्रदूषण से मुक्त करने और उसकी पवित्रता बनाए रखने की मांग कर रहे थे। वही जगह उनकी सबसे लंबी भूख हड़ताल का केंद्र बिंदु बनी थी। सरकार ने उनकी भूख हड़ताल और निधन पर अफसोस जताया था, लेकिन साथ ही ये भी कहा गया कि गंगा सफाई के लिए पहले ही कई कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, उनकी मौत के बाद भी कई लोगों ने यह कहा कि सरकार को उनकी मांगों पर और गंभीरता से विचार करना चाहिए था, और गंगा की सफाई के लिए ज्यादा प्रभावी कदम उठाने की जरूरत थी।


# बारिश में भीगने से सेहत हो सकती है खराब, इन उपयों से पाएं छुटकारा

बारिश का मौसम लगभग सभी लोगो को पसंद होता है। लेकिन अपने साथ कई बीमारियों को साथ लाता है। जरा सा भीगने पर सर्दी-खांसी होने लगती है। मानसून में सीजन फ्लू, वायरल और कई तरह के इंफेक्शन भी होने लगते हैं।

बदलते मौसम बुखार, खांसी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियां सबसे ज्यादा होती हैं। दरअसल इसके पीछे की एक बड़ी वजह है कि इस मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम हो जाती है। जिससे शरीर जल्दी बीमारियों की चपेट में आ जाता है। खासतौर से बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा इस मौसम में बीमार पड़ते हैं। हालांकि डाइट में कुछ खास चीजों का एहतियात बरता जाए तो काफी हद तक बीमारियों से बचा जा सकता है। आज हम आपको साधारण फ्लू या सर्दी खांसी से बचने के उपाय बता रहे हैं। जानते हैं क्या हैं घरेलू नुस्खे-. नाककान और गला

### सर्दी-खांसी और सीजनल फ्लू से कैसे करें बचाव

अगर आप बारिश में भी गए हैं और आपको जुकाम खांसी की समस्या हो गई है। तो भाप जरूर लें। भाप लेने से बंद नाक खुलेगी और सांस नली की सूजन भी कम होगी। आप चाहें तो नॉर्मल पानी से भाप लें सकते हैं या



फिर थोड़ा टी ट्री ऑयल, यूकेलिप्टस ऑयल, लेमनग्रास ऑयल, लौंग का तेल डालकर भी भाप ले सकते हैं।

सर्दी खांसी की समस्या होने पर लौंग का सेवन करें। आप चाहें तो लौंग को पीसकर शहद में मिलाकर दिन में 2-3 बार खा लें। इससे खांसी में काफी आराम मिलेगा।

बारिश में भीगने के बाद आपको तुरंत एक कप तुलसी-अदरक वाली चाय पीनी चाहिए। इससे शरीर में गर्माहट आती है और खांसी जुकाम में भी तुलसी अदरक की चाय पीने से आराम मिलता है। आप चाहें तो चाय में चीनी की जगह गुड़ भी डाल सकते हैं।

किसी भी बीमारी से बचने के लिए आपकी इम्युनिटी मजबूत होनी चाहिए। अगर आप बारिश के मौसम में अपनी डाइट का ध्यान रखेंगे तो जल्दी बीमार नहीं होंगे। साथ ही आपको अपने खान-पान में थोड़े बदलाव करने की जरूरत है।

सबसे पहले आपको सर्दी खांसी से बचने के लिए रोज हल्दी वाला दूध पीने की आदत बना लेनी चाहिए। हल्दी का दूध तासीर में गर्म होता है और इसमें एंटीबायोटिक तत्व होते हैं। इसीलिए इसे सर्दियों में ज्यादा पीया जाता है। लेकिन आजकल कोरोना वायरस और वायरल फ्लू से बचने के लिए आप रोजाना रात में सोने से पहले एक ग्लास हल्दी वाला दूध जरूर पिएं। हल्दी वाला दूध पीने से सर्दी- खांसी भी दूर रहेगी।

बदलते मौसम में खासतौर से बारिश और ठंड में आपको च्वनप्राश भी खाना चाहिए। आयुर्वेद में च्वनप्राश को एक औषधि माना जाता है जो आपको कई तरह के इनफेक्शन से बचाता है। आप रोज रात को दूध से एक चम्मच च्वनप्राश खाने की कोशिश करें। इससे आपको सर्दी-खांसी की समस्या नहीं होगी। साथ ही इम्यूनिटी भी मजबूत होगी।

**धर्म-आस्था**

# श्रुतधाम : ज्ञान, साधना और संस्कृति का जीवंत तीर्थ

समय की धूल राजमहलों को ढँक सकती है, पर शब्दों की ज्योति कभी नहीं बुझती। किसी समाज की सबसे अमूल्य निधि उसके ग्रंथ, उसकी परंपरा और उसकी स्मृतियाँ होती हैं। जब ये बिखरने लगते हैं, तब केवल इतिहास नहीं खोता, आत्मा भी मौन होने लगती है। ऐसे विरले तपस्थल, जो इस अमूल्य विरासत को पुनः जीवन देकर पीढ़ियों तक पहुँचा दें, वे केवल संस्थान नहीं, संस्कृति के शाश्वत दीप बन जाते हैं। मध्यप्रदेश के बीना, सागर स्थित अनेकांत ज्ञान मंदिर (श्रुतधाम), राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य दिगम्बर जैन मुनिश्री सरलसागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में विकसित, ऐसी ही दिव्य ज्ञान-साधना का जीवंत आलोक है।



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

### श्रुत की रक्षा नहीं, श्रुत का पुनर्जागरण

जब समय अपनी अमूल्य धरोहरों को विस्मृति के हवाले कर रहा था, तब 20 फरवरी 1992 को श्रुतधाम एक मौन संकल्प बनकर प्रकट हुआ। यह किसी भवन का आरंभ नहीं, बल्कि उस चेतना का जागरण था जिसने श्रुत परंपरा को संग्रह नहीं, पीढ़ियों के संस्कार का आधार माना। यहाँ इतिहास को अतीत की स्मृति बनाकर नहीं छोड़ा गया, बल्कि वर्तमान का पथप्रदर्शक बना दिया गया। स्थापना के साथ ही दुर्लभ पांडुलिपियों के संग्रह, संरक्षण, अध्ययन और प्रचार-प्रसार का सतत यज्ञ आरंभ हो गया।

### जहाँ दुर्लभ ग्रंथों ने फिर से जीवन पाया

देश के 15 राज्यों के 600 से अधिक स्थलों से संजोए गए 30,000 से अधिक दुर्लभ जैन ग्रंथ तथा 200 से अधिक ताड़पत्र और प्राचीन पांडुलिपियाँ आज श्रुतधाम की अमूल्य निधि हैं। लगभग 1300 वर्ष पुरानी सुभाषित रत्नावली और चार शताब्दी पुराना स्वर्णाक्षरित भक्तामर स्तोत्र मात्र प्राचीन ग्रंथ नहीं, बल्कि इस सत्य के जीवंत प्रमाण हैं कि जहाँ संकल्प अडिग हो, वहाँ काल भी ज्ञान की ज्योति मंद नहीं कर पाता।

### जहाँ ग्रंथ बोलते हैं और पीढ़ियाँ सुनती हैं

श्रुतधाम की पहचान उसके संग्रह से नहीं, उस चेतना से है जो ग्रंथों के ज्ञान को जीवन से जोड़ती है। यहाँ पांडुलिपियाँ केवल सुरक्षित नहीं, समाज की प्रेरणा हैं। ब्रह्मचारी संदीप सरल भैयाजी के मार्गदर्शन में आचार्यों की वाणी अतीत नहीं, वर्तमान का आलोक बनकर प्रवाहित है। यहाँ युवा पीढ़ी को केवल ज्ञान नहीं, विचार, विवेक, चरित्र और आत्मजागरण का संस्कार मिलता है। संस्थान में प्राकृत भाषा, जैन दर्शन और शास्त्र-अध्ययन की नियमित कक्षाएँ संचालित होती हैं। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों से श्रुत-आराधना का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे दूर-दूर के जिज्ञासु श्रावक लाभान्वित हो रहे हैं।

### हरित चेतना का आध्यात्मिक विस्तार

श्रुतधाम का विस्तार केवल शास्त्रों तक नहीं, प्रकृति की गोद तक है। सहस्त्रों वृक्षों और चौबीस तीर्थंकरों से संबद्ध पावन वनस्पतियों के माध्यम से यह संदेश साकार होता है कि धर्म केवल उपासना नहीं, जीवन-संस्कृति है। यहाँ पर्यावरण संरक्षण अभियान नहीं, साधना का सहज स्वरूप है। परिसर का विकसित वन क्षेत्र और जैविक खेती के प्रयास इस हरित चेतना को और सुदृढ़ करते हैं।

### एक संकल्प जिसने इतिहास बदल दिया

श्रुतधाम किसी भवन की नहीं, एक विश्वास की रचना है। यह उस संकल्प का साकार रूप है जिसने सिद्ध किया कि समाज यदि अपनी ज्ञान-परंपरा का संरक्षण करे, तो खोई विरासत भी पुनः जीवंत हो उठती है। यह स्थल संतों, श्रावकों और समर्पित साधकों के सामूहिक पुरुषार्थ का साक्षी है, जिसने ऐसी चेतना जगाई है जो आज भी पीढ़ियों का पथ आलोकित कर रही है। परिसर में निमार्णाधीन भव्य मुक्ताकाश समवशरण मंदिर उसी दूरदृष्टि का प्रतीक है। 41 हजार वर्गफुट में आकार ले रहा बुंदेलखंड का प्रथम मुक्ताकाश समवशरण मंदिर जैन परंपरा की भव्यता को नई ऊँचाई दे रहा है। मध्यप्रदेश के बीना, सागर में स्थित श्रुतधाम आज केवल तीर्थ नहीं, भारतीय ज्ञान-परंपरा के पुनर्जागरण का जीवंत प्रतीक है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,500 चांदी- टंच- 2,24,000 पाट- 2,23,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## डिस्चार्ज करने से बच्ची की मौत, परिजनों ने दोषी डाक्टर के खिलाफ की कार्यवाही की माँग

**आगर मालवा।** आगर-मालवा में जिला अस्पताल में एक साल पहले इलाज के दौरान 9 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने धरना दिया। डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बच्ची के पिता के अनुसार, पिछले साल जुलाई में उन्होंने अपनी बेटी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉ. सागरिया ने करीब 8 दिन तक उसका इलाज किया। इसके बाद डॉक्टर ने इसे सामान्य बीमारी बताकर छुट्टी दे दी, लेकिन बच्ची को आराम नहीं मिला। दिसंबर में पिता अपनी बेटी को इलाज के लिए अहमदाबाद ले गए। वहां के डॉक्टरों ने आगर जिला अस्पताल की रिपोर्ट देखने के बाद बताया कि बालिका की दोनों किडनियां खराब हो चुकी थीं। काफी इलाज के बाद भी फरवरी में बच्ची ने दम तोड़ दिया। दूसरी तरफ, डॉ. सागरिया ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि परिजन जब बालिका को लाए थे, तब उसे खून की कमी और ब्लड इन्फेक्शन था। उन्होंने तीन दिन इलाज कर छुट्टी दे दी थी। इसके बाद परिजन बालिका को किडनी की शिकायत होने पर दोबारा उनके पास लेकर नहीं आए। प्रशासन से निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिलने के बाद भी धरने पर बैठे परिजन का कहना है कि जब तक जिम्मेदार डॉक्टर्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होती और जवाबदेही तय नहीं की जाती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## कबीर प्रकटोत्सव की सफलता पर समीक्षा बैठक में समाज उत्थान पर मंथन

**सारंगपुर।** प्रगतिशील बलाई युवा कल्याण समिति द्वारा 21 जून को आयोजित विशाल कबीर प्रकटोत्सव के सफल आयोजन के पश्चात समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समाज के कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बैठक में समिति पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने प्रकटोत्सव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान समाज की प्रस्तावित धर्मशाला के निर्माण, समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास तथा युवाओं की भागीदारी बढाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर मंथन किया गया। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता को समय की आवश्यकता बताते हुए सामूहिक प्रयासों से समाज को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया। बैठक में समाज के वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से रतनलाल मालवीय, नारायण सिंह मालवीय, रोड सिंह मालवीय, शंकरलाल मालवीय, अजाक्स ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशचंद मालवीय, बाबूलाल मालवीय, रमेशचंद मालवीय, माखनलाल सौराष्ट्रीय, मोडूलाल मालवीय, पूर्व समिति अध्यक्ष राजेश बंसल, जयराम मालवीय, सुरेश मालवीय, विनोद गोयल, कैलाश मालवीय पांडाजी, मांगीलाल मालवीय पांडाजी सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप द्वारा पौधारोपण



**बडौद।** जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप बडौद द्वारा फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कोठारी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण संकल्प के अंतर्गत आज नवीन मुक्ति धाम बडौद में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश ग्रुप द्वारा दिया गया यह आयोजन फेडरेशन द्वारा प्रकृति संरक्षण एवं भावी पीढ़ी को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने की भावना से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया इस अभियान में ग्रुप के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। फेडरेशन के पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में फेडरेशन के महासचिव अशोक मोदी, बडौद ग्रुप अध्यक्ष पंकज पिछोलिया, अशोक कंठाली, विजय कु.बोहरा, नवीन कु.बोहरा, पाल तलेरा, धर्मचंद विजावत, प्रकाश तलेरा सहित ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित हुए बडौद ग्रुप द्वारा विगत 5 जुलाई को भी महावीर जैन विद्या मंदिर में वृक्षारोपण किया गया जिसमें जिसमें जैन सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय कार्य. सदस्य राजेंद्र जैनु बडौद ग्रुप अध्यक्ष पंकज पिछौलिया, प्रकाश चोरडिया, हेमेंद्र तरवेचा आदि सदस्य उपस्थित थे।

# ब्लैकमेल कर 30 हजार रुपए मांगे, युवती को बदनाम करने सोशल मीडिया पर किया वीडियो पोस्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में एक युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। युवती से 30 हजार रुपए की मांग भी की गई। मामला जिले के मक्सी थाना क्षेत्र का है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर मक्सी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए आवेदन में युवती के पिता ने बताया कि 6 मई को उनके भांजे इमरान ने उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से आया अश्लील वीडियो दिखाया। इस वीडियो में उनकी बेटी थी। इसके बाद परिवार ने संबंधित मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाई और युवती से पूछताछ की।



आरोपी ने धमकी देकर मांगे पैसे

युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी इंस्टाग्राम पर शुजालपुर निवासी इब्राहिम से दोस्ती हुई थी। दोनों वीडियो कॉल पर बात करते थे। इसी दौरान आरोपी ने वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर लिया। बाद में उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 30 हजार रुपए की मांग की। बदनामी के डर से युवती ने अपने परिवार को नहीं बताई थी।

शिकायत के अनुसार, रुपए नहीं मिलने पर आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल कर दिया और लगातार पैसों की मांग करता रहा। इसके बाद पीड़ित रविवार को मां के साथ मक्सी थाने पहुंची और कार्रवाई की मांग की। पुलिस को शिकायत के साथ वीडियो की एक सीडी भी सौंपी गई है।

### जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी

मक्सी थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर शुजालपुर निवासी आरोपी पिता सौरभ के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2008 की धारा 67(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का परीक्षण कराया जाएगा। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम भेजी गई है।

## सुल्तानिया को मिला नया सरपंच
### पंचों के मतदान में राजकुमार वर्मा ने पांच वोट से जीता चुनाव

**सारंगपुर।** सुल्तानिया ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच जितेंद्र हाथिया की जिलाबदर कार्रवाई के बाद सोमवार को पंचायत में नए सरपंच का निर्वाचन संपन्ना हुआ। पंचों के सम्मेलन के माध्यम से हुए चुनाव में राजकुमार पिता केशरसिंह वर्मा को नया सरपंच चुना गया। उन्होंने प्रतिद्वंदी अवंतीबाई पति दिनेश बागरी को 5 वोट से हराया। दरअसल सुल्तानिया पंचायत के सरपंच जितेंद्र हाथिया पिछले दिनों राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को लेकर चर्चा में थे। इंदौर हाईकोर्ट में गुना निवासी कोमलप्रसाद शाक्य द्वारा दायर याचिका में जितेंद्र हाथिया सह याचिकाकर्ता थे। वहीं पुलिस के द्वारा उनके विरूद्ध कई प्रकरण पंजीबद्ध किए हुए है इसलिए प्रशासनिक कार्रवाई में जितेंद्र हाथिया को जिला बदर घोषित किया गया था और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा उन्हें छह साल के लिए पंचायत पद के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद सरपंच पद रिक्त हो गया था।

रिक्त पद के लिए सोमवार को पंचायत भवन में सुबह 11 बजे पंचों का सम्मेलन आयोजित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर रोहित बम्होरे के निर्देश पर जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल ने जनपद पंचायत के बलवीर जाटव को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया।

## भ्रष्टाचार की जांच हो- पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा
# पहली बारिश में प्रोजेक्ट वॉल बहने पर तुलसी सिलावट से इस्तीफा मांगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में शिप्रा नदी पर बने स्टॉप डैम की प्रोजेक्ट वॉल बहने के बाद सियासत गरमा गई है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कांग्रेस नेताओं के साथ मौके पर पहुंचकर स्टॉप डैम कम पुलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी के इस्तीफे की मांग की।

वर्मा ने दावा किया कि प्रदेश में कई स्टॉप डैम एक पूरी बारिश भी नहीं झेल पाए। उन्होंने ग्रामीणों से मिली जानकारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि डैम के निर्माण में बेहद पतले सरिए, घटिया सीमेंट और कंक्रीट का इस्तेमाल किया गया है। इससे डैम की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

पूर्व मंत्री ने इस घटना को भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा बताया और पूरे



मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस मामले की जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा ने भी दिल्ली तक भेजी है।

वर्मा ने कहा, मुझे लगता है कि जब मंत्रिमंडल का फेरबदल होगा, तो इनका पत्ता कटेगा। मैं तुलसी सिलावट से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने को कहता हूं। उन्होंने विधायक मनोज चौधरी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखी जा रही है, इसलिए उन्हें भी इस्तीफा देना चाहिए।

वर्मा ने प्रदेश में बने सभी स्टॉप डैमों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की, ताकि निर्माण में हुई अनियमितताओं की सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कारम डैम के निर्माण का भी उल्लेख किया, जो जल संसाधन विभाग के अधीन हुआ था। वर्मा के अनुसार, सिंचाई विभाग में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है और विभाग निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## फिटनेस सेवा बंद होने से ऑटो-टैक्सी चालकों ने निकाली रैली एसपी को दिया ज्ञापन
# चालानी कार्रवाई रोकने और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

जिले में ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों ने सोमवार को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर रैली निकालकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। चालकों का आरोप है कि पिछले छह महीने से जिला परिवहन कार्यालय में वाहनों की फिटनेस प्रमाण-पत्र सेवा बंद है। इसके बावजूद बिना फिटनेस वाले वाहनों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है, जिससे वाहन संचालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। चालकों ने बताया कि परिवहन विभाग ने पहले उच्च स्तरीय निर्देशों का हवाला देते हुए फिटनेस सेवा जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक व्यवस्था बहाल नहीं हुई। शासन के नए नियमों के तहत वाहनों की फिटनेस केवल ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन पर ही हो सकती है, जबकि आगर जिले और आसपास ऐसा कोई केंद्र उपलब्ध नहीं है।

चालकों ने बताया कि ATS केंद्रों पर तकनीकी और सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण भी कई बार फिटनेस नहीं हो पाती। फिटनेस प्रमाण-पत्र नहीं होने से परमिट जारी होने में परेशानी आती है और दुर्घटना की स्थिति में बीमा दावा निरस्त होने का खतरा भी बना रहता है।

### 150-200 किमी दूर जाना पड़ रहा

फिटनेस कराने के लिए वाहन चालकों को 150 से 200 किलोमीटर दूर दूसरे जिलों में जाना पड़ रहा है। इससे समय और अतिरिक्त खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। चालकों का कहना है कि उनकी आय सीमित है और अधिकांश वाहन स्थानीय स्तर पर ही संचालित होते हैं, ऐसे में दूर जाकर फिटनेस कराना आर्थिक रूप से मुश्किल है।

## शराब तस्करी के दौरान पकड़े आरोपी ने दो भैंसें चोरी कबूली

**खरसौदकलां** थाना क्षेत्र के गांव कमठाना से रतलाम सड़क मार्ग पर देर रात चार पहिया लोडिंग वाहन में 70 लीटर अवैध शराब के साथ पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किए। बदमाशों ने पूछताछ में गांव कमठाना से गत दिवस ढाई लाख रुपए कीमत की मुर्रा भैंसें चोरी की वारदात कबूल करने पर महिदपुर थाना क्षेत्र के गांव बपैया से बरामद की है। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि समीप गांव कमठाना निवासी फरयादी किसान प्रकाश पिता अमृतलाल पाटीदार ने बताया कि खेत पर सवा सवा लाख की दो मुर्रा भैंस खेत पर बंधी थी। जिन्हें अज्ञात बदमाश चुराकर ले गए। पुलिस को तफ्तिश के दौरान सूचना मिली की अन्य क्षेत्र की लोडिंग वाहन पिछले दिनों से देर रात क्षेत्र में दिखाई दे रही है। पुलिस ने सूचना को मुख्य आधार बनाकर रतलाम सड़क मार्ग पर रविवार की रात रतलाम की ओर जाने वाले चार पहिया वाहन को रोका। जिसमें तलाशी में 70 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। बदमाशों ने पूछताछ के दौरान अपना नाम पता राहुल पिता नागुलाल एवं साथी उत्तर पिता वजेसिंह महिदपुर थाना क्षेत्र के गांव बपैया होना बताया। बदमाशों ने पूछताछ के दौरान गांव कमठाना के खेत से दो मुर्रा भैंस चोरी की वारदात कबूल की है।

# खेतों से मोटर-केबल चोरी पर भड़के किसान, दो घंटे किया चक्काजाम
## एसडीओपी और नपा अध्यक्ष ने सड़क पर बैठकर दी समझाइश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

पोलायकलां क्षेत्र में लगातार हो रही सिंचाई मोटर, बिजली केबल और कृषि उपकरणों की चोरी से परेशान किसानों ने सोमवार को मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले इस प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप रहा।

माहौल बिगड़ता देख शुजालपुर एसडीओपी निमेश देशमुख और नगर परिषद अध्यक्ष पवन राजकुमार खुद प्रदर्शनकारी किसानों के बीच सड़क पर बैठ गए।

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि पिछले कई महीनों से उनके खेतों से मोटर, केबल और स्टार्टर चोरी हो रहे हैं, जिससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने से फसलें सूखने की कगार पर हैं और किसानों को रातभर खेतों में पहरा देना पड़ रहा है।



### बीच सड़क पर बैठे अधिकारी

माहौल बिगड़ता देख शुजालपुर एसडीओपी निमेश देशमुख और नगर परिषद अध्यक्ष पवन राजकुमार खुद प्रदर्शनकारी किसानों के बीच सड़क पर बैठ गए। दोनों ने करीब आधे घंटे तक किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी एक-एक कर समस्याएं सुनीं।

### साइबर टीम करेगी मामलों की जांच

एसडीओपी निमेश देशमुख ने किसानों को भरोसा दिलाया कि शाजापुर से साइबर टीम बुलाकर जांच कराई जा रही है और पुलिस विशेष अभियान चलाकर चोरों को पकड़ेगी। अधिकारियों द्वारा 5 दिन के भीतर ठोस कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

In The Court Of V Additional District Judge, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री राकेश कुमार शर्मा**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु**
(RCA/0000016/2023)
विनोदकुमार ----------वादी
Vs
रामचन्द्र ---- प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 10/08/2026
प्रेषिती
(1) राजू पिता अंबाराम पता- ग्राम खिलचीपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र)
यह कि प्रार्थी विनोद कुमार पिता स्व. श्री रामेश्वर बजाज, आयु-लगभग-71 वर्ष, जाति-हिन्दू, व्यवसाय-कृषि एवं व्यापार, निवासी-पुराना म्यु. नंबर 15, नया नंबर 13 क्षीर सागर कालानी उज्जैन म प्र की ओर से न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड जिला उज्जैन, अधिष्ठाता श्री विरेन्द्र जोशी, द्वारा प्रकरण क्रमांक 17-ए/2016 विनोद कुमार विरुद्ध रामचंद्र आदि में पारित निर्णय एवं जयपत्र दिनांक 16/12/2022 के विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष एक अपील अंतर्गत आदेश 41 नियम 1 सीपीसी संस्थित की है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजरा का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
यह आज तारीख 09-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
राकेश कुमार शर्मा
पंचम जिला न्यायाधीश
जिला उज्जैन (म.प्र.)
**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## मिस्त्री का काम करने वाले युवक ने जहरीला पदार्थ खाया अस्पताल में मौत



**देवास।** नागदा में 25 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नागदा निवासी लखन पिता जगन्नाथ (25) ने सुबह जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मृतक के भाई राहुल ने बताया कि शनिवार को उनकी लखन से सामान्य बातचीत हुई थी। रविवार सुबह अचानक उसके जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिली। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों के अनुसार, लखन मिस्त्री का काम करता था। उसने किन परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाया, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही युवक के आत्मघाती कदम उठाने के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

## बस स्टैंड पर गंदगी एवं जलभराव से लोग परेशान

**अकोदिया।** नगर परिषद के शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के दावों पर उसके कार्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित बस स्टैंड परिसर सवाल खड़े कर रहा है। परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली है, नालियां कचरे से प टी हैं और जल निकासी की व्यवस्था कमजोर होने से बारिश का पानी जमा है। दुकानदारों ने बताया कि दुकानों के सामने बने गड्ढों में पानी भरने से ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है और व्यापार पर असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि लाखों रुपये की पगड़ी देकर दुकानें लेने के बावजूद मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वहीं, अनाधिकृत वाहनों की पार्किंग के कारण यात्री बसें निर्धारित स्थान तक नहीं पहुंच पा रहीं और सड़क पर ही यात्रियों को चढ़ाने-उतारने से रोज जाम की स्थिति बन रही है। स्थानीय लोगों और बस ऑपरेटरों ने नगर परिषद से नियमित सफाई, जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान, अवैध पार्किंग हटाने और व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की है। नगर परिषद के सीएमओ कमल परमार ने बताया कि उनके पिता के निधन के कारण वे अवकाश पर हैं। अवकाश से लौटने के बाद नगर की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा।

## जिले की 1.70 लाख लाड़ली बहनों के खातों में पहुंची राशि

**शाजापुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की राशि हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की। इसके तहत शाजापुर जिले की 1 लाख 70 हजार 656 लाड़ली बहनों के खातों में भी राशि भेजी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना और योजना की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें मौजूद रहीं।

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे स्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम रानी बी उर्फ रजिया परवीन पिता अब्दुल सत्तार व जन्म दिनांक 02/07/1978 दर्ज है। इसी प्रकार मेरे पुत्र मोहम्मद फैजान मंसूरी की 10वीं सन् 2017 की अंकसूची में मेरा नाम श्रीमती रजिया परवीन तथा मेरे आधार कार्ड XXXX XXXX 3655 में मेरा नाम रानी बी पति मोहम्मद फिरोज एवं जन्म दिनांक 01/01/1978 दर्ज है। इन्हें सुधारकर जन्म दिनांक 02/07/1978 तथा मेरा नाम श्रीमती रजिया परवीन पति मोहम्मद फिरोज मंसूरी पुत्री अब्दुल सत्तार किया जावे जो सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
पुराना नाम- रानी बी
श्रीमती रजिया परवीन
पति मोहम्मद फिरोज मंसूरी
पुत्री अब्दुल सत्तार 32, महाकाल मार्ग
हरिफाटक उज्जैन (म.प्र.)

**जाहिर सूचना**
वार्ड नम्बर 17, किदवई पथ, महिदपुर में मकान नम्बर 5 स्थित है। उक्त मकान वर्तमान नगर पालिका अभिलेखों में विपक्षीगण आयशा बी बैवा अब्दुल रजाक निवासी किदवई पथ, वार्ड नम्बर 17, महिदपुर, हसीनबी पति मोहम्मद अफजल निवासी कोर्ट रोड के अन्दर, बीकानेर राजस्थान के नाम पर दर्शनीय एवं स्वत्वहिन रूप में स्थित है। विपक्षीगण के द्वारा नगर पालिका परिषद महिदपुर में झूठा शपथ पत्र दिनांक 13-01-2023 निष्पादित कर नगर पालिका परिषद महिदपुर के अभिलेखों में बगैर वैधानिक कार्यवाही एवं प्रक्रिया अपनाये उक्त मकान पर प्रकरण कमांक 11913/2023 के माध्यम से विपक्षीगण ने अपना नाम उक्त मकान पर अवैध रूप से दर्ज करवा लिया गया था। मेरी पक्षकारा को विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त मकान को विपक्षीगण के द्वारा अवैध तरीके से किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। विधि अनुसार विपक्षीगण को उक्त मकान को विक्रय करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। मेरी पक्षकारा के द्वारा उपपंजीयक कार्यालय महिदपुर एवं बरिष्ठ पंजीयक कार्यालय उज्जैन एवं नगर पालिका परिषद महिदपुर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत की गई है, साथ ही विपक्षीगण को सूचना पत्र भी प्रेषित किया गया है, तथा पुलिस थाना महिदपुर में विपक्षीगण द्वारा निष्पादित झूठे शपथ पत्र के सम्बंध में भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाये जाने बाबद कार्यवाही की जा रही है।
अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वार्ड नम्बर 17, किदवई पथ, महिदपुर में मकान नम्बर 5 के सम्बंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार क्रय/विक्रय आदि उक्त विपक्षीगण से न करें, अन्यथा उक्त व्यक्ति, संस्था के विरूद्ध भी सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जावेगा, जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे का दायित्व उक्त व्यक्ति या संस्था का होगा। सो सूचित हो।
इति दिनांकः-13-07-2026
दीपक लक्ष्मी एडव्होकेट
कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल,
महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश
मो.नं. 90093-20805

## भोपाल के स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 28 से सेना भर्ती

**भोपाल।** भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई से सेना भर्ती रैली शुरू होगी। इसमें भोपाल समेत 15 जिलों के पुरुष उम्मीदवार शामिल हो सकेंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी एवं ट्रेड्समैन रैली के साथ एमपी और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए धर्मगुरु और एजुकेशन हवलदार की रैली भी होगी। सेना भर्ती रैली 8 अगस्त तक चलेगी। इसे लेकर सोमवार को कलेक्टर प्रियंक मित्रा ने कलेक्टोरेट में संबंधित विभागों की तैयारियों के संबंध में बैठक की। उन्होंने कहा कि भर्ती रैली में बड़ी संख्या में आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें। आयोजन स्थल पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। साथ ही बिजली सप्लाई, स्वास्थ्य, एम्बुलेंस, अस्थायी विश्राम, सफाई, चलित शौचालय और ट्रैफिक व्यवस्था की जाए।

## नाना पटवारी के मोबाइल में मिले ऑनलाइन सट्टे के एप

**इंदौर।** पीसीसी चीफ के भाई नाना पटवारी के मोबाइल की जांच में पुलिस को दो ऑनलाइन सट्टे के एप, संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के सुराग और तीन अहम मोबाइल नंबर मिले हैं। डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि इन तथ्यों के आधार पर नाना पटवारी से दोबारा पूछताछ की जाएगी। राजेंद्र नगर थाना पुलिस की विशेष टीम मोबाइल डेटा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी जांच कर रही है। डीसीपी के मुताबिक, मोबाइल में मिले दोनों एप के जरिए कथित तौर पर ऑनलाइन सट्टे की लिंक भेजी जाती थी। वहीं संदिग्ध वित्तीय लेन-देन से जुड़े तथ्य भी सामने आए हैं, जिससे उसके सट्टे के कारोबार से जुड़े होने की आशंका की जांच की जा रही है। मोबाइल से मिले तीन अहम नंबरों के आधार पर संबंधित लोगों की भी तलाश की जा रही है।

## गाय से टकराकर गिरे पंचायत सचिव

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में सोमवार सुबह बाइक सवार पंचायत सचिव आवारा मवेशी से टकरा गए। संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पास से गुजर रहे पानी के टैंकर के टायर उनके सिर के ऊपर से गुजर गए। करीब 10 सेकंड में जान चली गई। हादसा शुजालपुर के जेएनएस कॉलेज के सामने हुआ।शुजालपुर पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रहलाद पुरबिया (55) के रूप में हुई है। हादसे के बाद राहगीरों ने उन्हें उठाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बच सकी। हादसे का फुटेज भी सामने आया है। ड्यूटी पर जा रहे थे पंचायत सचिव-पुलिस के अनुसार, हादसा सोमवार सुबह करीब 10: 30 बजे जेएनएस कॉलेज के सामने हुआ। प्रहलाद पुरबिया बाइक से शुजालपुर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक सड़क पर खड़े एक मवेशी से टकरा गई।

## प्रमोशन में आरक्षण पर अभी नहीं लगेगी रोक

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े लंबे समय से लंबित मामले में सोमवार को जबलपुर हाईकोर्ट में अहम सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने फिलहाल प्रमोशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच इसी सप्ताह करेगी। सुनवाई के दौरान एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया। वे पहले आरबी राय प्रकरण में अधिवक्ता के रूप में पक्ष रख चुके हैं। वर्तमान मामला भी उसी फैसले के आधार पर आगे बढ़ रहा है। संभावित हितों के टकराव से बचने के लिए उन्होंने खुद को केस से अलग किया। प्रमोशन पर रोक लगाने से इनकार-सुनवाई के दौरान प्रमोशन पर रोक लगाने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मामले की विस्तृत सुनवाई अब स्पेशल बेंच करेगी। उसी के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा।

## 2020 दिल्ली दंगा- पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़क डूमा कोर्ट ने 2020 में हुए दिल्ली दंगों के दौरान अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में 6 साल बाद फैसला कर दिया है। कोर्ट ने पूर्व आम आदमी पार्टी पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है।एडीशनल सेशन जज प्रवीण सिंह की अदालत ने 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मामले में सोमवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने नाज़िम, काशिम, अनस, जावेद और ताहिर हुसैन को हत्या, अपहरण, दुश्मनी को बढ़ावा देने और दंगा करने का दोषी ठहराया। बाकी 6 आरोपी बरी कर दिए।

## 2020 दिल्ली दंगा- पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने किशोर-किशोरियों के बीच सहमति से बने संबंधों में पॉक्सो कानून के कथित दुरुपयोग पर चिंता जताई है। अदालत ने सोमवार को कहा कि जब किसी लड़के और लड़की के बीच संबंध हो और वे साथ चले जाएं, तो हर मामले को स्वत: पॉक्सो का केस नहीं माना जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा-सरकार किसी लड़के और लड़की को साथ भागने से कैसे रोक सकती है? 15 से 18 साल की उम्र बेहद संवेदनशील और नई चीजें आजमाने की उम्र होती है। यह प्रयोग और भावनात्मक समझ विकसित होने का भी दौर होता है। पीठ ने कहा कि कई मामलों में जब किशोरियां अपनी मर्जी से अपने साथी के साथ चली जाती हैं, तो परिवार अपनी इज्जत बचाने के लिए लड़के के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करा देता है। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आखिरकार आरोपियों को बरी करना पड़ता है।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी श्रीमती अंकिता जैन पति श्री पुनीत जैन निवासी 02 गली कमांक 01 केशव नगर उज्जैन म.प्र. के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भूखण्ड जो कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में वार्ड कमांक 48 में स्थित होकर भूखण्ड क्रमांक 53 स्थित कृष्णा परिसर एक्सटेंशन कॉलोनी गोयलाखुर्द इन्दौर रोड उज्जैन जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त भूखण्ड कि फ्री होल्ड राईटस का है। उक्त भूखण्ड मुख्य सडक से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का हैं। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर अर्थात 968.76 वर्गफीट का विक्रय किया जा रहा है उक्त भूखण्ड जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 44 व 45 का भाग, पश्चिम में सडक कॉलोनी की, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 52, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 54, की स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने कय करने का लिखित विक्रय अनुबंध किया गया हैं तथा बयाना राशि अदा कर दी गयी हैं, तथा शेष राशि अदा कर मूल भूखण्ड स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। यह कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूखण्ड बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंनकारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 13.07.2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड. (सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय डी. एफ 12 प्रथममंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड**
**उज्जैन म.प्र. मो 9074220501**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड स्वामी एलान्स डेव्लपर्स एण्ड बिल्डर्स कार्यालय-19 वराह मिहिर मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन द्वारा भागीदार श्री संजय बापना पिता श्री प्रेमचन्द्रजी बापना, निवासी-85 संत नगर, उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में भूखण्ड़ क्रमांक 30 जो कि क्रसांई वाटिका कॉलोनी ग्राम कराडिया उर्फ नवाखेडा तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भूखण्ड की पैमाईश में लम्बाई -पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान 50 फीट या 15.24 मीटर, चौडाइ- उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान-20 फीट या 06.10 मीटर होकर भूखण्ड़ का कुल क्षेत्रफल-1,000.00 वर्गफीट या 92.93 वर्गमीटर है। भूखण्ड की चर्तु:सीमा में-पूर्व दिशा में-7.50 मीटर चौडी सडक, पश्चिम दिशा में अन्य की भूमि, उत्तर दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-29 तथा दक्षिण दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-31 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भूखण्ड को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भूखण्ड़ पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सूचित हो। इति दिनांक 13.07.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने राकेश माली पिता श्री दारासिंह माली व विनोद माली पिता श्री दारासिंह माली निवासीगण पिपलीबाजार जयसिंहपुरा उज्जैन के सहस्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 1/3/1 (स) रकबा 1.0000 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 17/1 (स) रकबा 0.2000 हेक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 1.2000 हेक्टेयर ग्राम रातडिया तह. घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित को मय तल लगायत हवाई हक सहित का सोदा कर टोकन राशि अदा कर सोदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया गया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के पालन मे बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति/विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

यह दिनांक-14/07/2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स**
**पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने राकेशकुमार पिता नरेशकुमारजी निवासी 106 बालाजी एवेन्यू क्षीरसागर कालोनी उज्जैन का कयानुबंधित फ्लेट कमांक 101 पहली मंजिल / फर्स्ट फ्लोअर जो कि ओम सांई ओम मल्टी फ्लेटेड टाउनशीप में निर्मित अपार्टमेंट डायमंड बी की पहली मंजिल (फर्स्ट फ्लोअर) पर स्थित अलखधाम नगर के पीछे उज्जैन जो आर.सी.सी. की छत का बना हुआ है जिसका बिल्टअप एरिया 863 वर्गफीट एवं सुपर बिल्टअप एरिया 1120 वर्गफीट का है, जिसके मूल स्वामी सुशील शर्मा पिता भेरूलालजी शर्मा निवासी 4 मक्सीरोड भारत पेट्रोल पम्प के पास, पंवासा उज्जैन में है, जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व की ओर:- कालोनी का खुला भाग, पश्चिम की ओर: फ्लेट कमांक 102 उत्तर की ओर:- कालोनी का खुला भाग, दक्षिण की ओर:-कामन पैसेज, उक्त फ्लेट को क्रय करने का अनुबंध किया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर विकय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित फ्लेट पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हक व हिस्सा, हो या उपरोक्त फ्लेट कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त, प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त फ्लेट के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो अथवा फ्लेट विक्रय बाबत किसी को आपत्ति हो तो, इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 13/7/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51. दादाभाई नोरोजी मार्ग, स्नेह दीप, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 94250-91124, 8959999299**

### जहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन नगर पालिक निगम क्रमांक 107 का उत्तरी दिशा वाला भाग जिसका नवीन म्यु, क्रमांक 107/2, अंकपात मार्ग, उज्जैन, (म.प्र.) में स्थित है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा सम्पत्ति के वर्तमान स्वामीगण 1) विश्वप्रकाश सोनी पिता श्याम मनोहर सोनी, एवं 2) पुरुषोत्तम सोनी पिता श्याम मनोहर सोनी, से किया गया है एवं मेरे पक्षकार ने सम्पत्ति के वर्तमान स्वामीगण को उक्त सम्पत्ति के क्रय पेटे बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन भी करवा लिया केवल विक्रय पत्र का निष्पादन करवाना शेष है, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर अवधि सूचना के प्रकाशन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे के दिनांक सात दिवस की से कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा सम्पत्तियो के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो । 13.7.2026

**श्रीमति मन्जू मेहता, अभिभाषक**
**कार्यालय - ऑफिस क्रमांक 102, प्रथम मंजिल PCR Square SP ऑफिस के सामने, डी.पी. ज्वेलर्स के पास वाली बिल्डिंग माधव नगर फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)।**
**सम्पर्क - 82250-51125**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी मोहम्मद शाकिर रहमानी पिता श्री अब्दुल रशीद रहमानी, निवासी-37/3, अहिल्याबाई मार्ग, नलिया बाखल गली नं.-02, उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन म्युनिसिपल क्रमांक-37/3, का पूर्व दिशा वाला भाग, जो कि, अहिल्याबाई मार्ग, गली क्रमांक-02, नलिया बाखल, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल-35.56 वर्गमीटर हैं उक्त भवन 2 मंजिला गार्डर फर्शी का निर्मित है। जिसके पूर्व दिशा में-भवन हीरालालजी का, पश्चिम दिशा में भवन का शेष भाग, उत्तर दिशा में सड़क अहिल्याबाई मार्ग व दक्षिण दिशा में-गली हैं। उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

सो सूचित हो । इति दिनांक-13.07.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री प्रभुलाल पिता श्री पुरालाल, रचनाबाई पिता श्री अम्बाराम, तेजूबाई बेवा श्री अम्बाराम, पेपाबाई पिता श्री अम्बाराम व ईश्वरलाल पिता श्री अम्बाराम समस्त जाति बलाई निवासीगण ग्राम सुठेली तहसील आगर कृषकगण ग्राम तनोड़िया तहसील आगर जिला आगर मालवा से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 3488 रकबा 0.54 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.54 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम तनोड़िया तहसील आगर जिला आगर मालवा को ऋय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋ्ण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋ्ण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। यह तिथि है 13-07-2026

**अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 99265-32350**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने उमरावसिंह पिता श्री दर्यावसिंह राजपूत निवासी ग्राम सोण्ड तह. व जिला देवास के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 160 (स) रकबा 2.6000 हेक्टेयर, ग्राम सोण्डा तह. व जिला देवास में स्थित को मय तल लगायत हवाई हक सहित का सोदा कर टोकन राशि अदा कर सोदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया गया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के पालन मे बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। दिनांक-14/07/2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स**
**पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन**

## शा.म.ल.क. कन्या विद्यालय में इको क्लब ने किया सघन पौधारोपण

**शाजापुर।** बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन के बीच हरियाली की अलख जगाते हुए स्थानीय शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक सार्थक पहल की गई। नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को विद्यालय के इको क्लब द्वारा सघन पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज को पर्यावरण संरक्षण का कड़ा संदेश दिया। छात्राओं ने विद्यालय परिसर में पौधे रोपे।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारा भाई दीपक लोट पिता स्व. श्री प्रेमनारायण लोट, निवासी वर्तमान पता-बारह खोली उज्जैन के द्वारा हमारे माता पिता की मर्जी के विरूद्ध शादी करने एवं परिवार में आये दिन वाद विवाद व लड़ाई झगड़ा करने के कारण, व हमारे माता पिता की उनके जीवन काल में उचित देखभाल नहीं करने व हम तीनों बहनों व परिवार को छोड़कर वर्ष 2012 से अपनी मर्जी से पृथक निवास कर रहा था तथा हमारे पिता ने उनके जीवनकाल में हमारे भाई दीपक को अपनी चल अचल सम्पत्ति से पृथक कर दिया था तथा समस्त रिश्ते समाप्त कर लिये थे तभी से दीपक लोट हमसे व हमारे माता पिता से मिलने या कोई खैर खबर लेने नहीं आया। इस कारण हम भी हमारे भाई दीपक लोट से भविष्य में किसी प्रकार का संबंध सरोकार नहीं रखना चाहते हैं। सूचित हो।

इति दिनांक 07-07-2026

**1. मीना पिता स्व. प्रेमनारायण लोट**
**2. रीना पिता स्व. प्रेमनारायण लोट**
**3. ज्योति पिता स्व. प्रेमनारायण लोट निवासीगण**
**केशव नगर कालोनी उज्जैन**
**मो. 7808074197**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड स्वामी 01-श्री लोकेश आडवाणी पिता श्री शीतलाप्रसाद आडवाणी, 02-श्री वेदप्रकाश आडवाणी पिता श्री शीतलाप्रसाद आडवाणी, दोनो निवासी-ए-32/13 वसंत विहार, नानाखेडा, उज्जैन मप्र के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भूखण्ड़ क्रमांक-ए-7/10 श्रेणी एमआईजी उज्जैन विकास प्राधिकरण की वसंत विहार योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भूखण्ड की पैमाईश में भूखण्ड़ सामने से 09.00 मीटर, पीछे 09.00 मीटर, एक बाजू 15.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 15.00 मीटर के माप का होकर भूखण्ड़ का कुल क्षेत्रफल-135.00 वर्गमीटर है। भूखण्ड की चर्तु:सीमा में उत्तर/ पूर्व दिशा में-भूखण्ड क्रमांक-ए-7/17, दक्षिण / पश्चिम दिशा में-09.00 मीटर चौडी सडक, पश्चिम / उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक-ए-7/09 एवं पूर्व / दक्षिण दिशा में - भूखण्ड क्रमांक-ए-7/11 है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भूखण्ड को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री हेमन्त आगरकर पिता श्री वसंत आगरकर, निवासी-ए-8/9 वसंत विहार योजना उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भूखण्ड़ पर क्रय अनुबंधीत श्री हेमन्त आगरकर के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-13.07.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

### जाहिर - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैरे पक्षकार क्रमांक 01- अजबबाई पति हरिसिंह जी, जाति लोहार, निवासी आगर मालवा म.प्र. की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 1652 रकबा 0.83 हैक्टर, सर्वे नम्बर 1653 रकबा 0.44 हैक्टर भूमि, कुल किता 02 कुल रकबा 1.27 हैक्टर भूमि, स्थित ग्राम भ्याना तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र., तथा मेरे पक्षकार क्रमांक 02- गंगाराम पिता भगवान सिंह एवं प्रेमलाल पिता भगवान सिंह, समस्त जाति लोहार, निवासी ग्राम भ्याना, की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य शामिल सरिख की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 1606/2 रकबा 0.73 हैक्टर, सर्वे नम्बर 1651/4 रकबा 0.27 हैक्टर भूमि, कुल किता 02 कुल रकबा 1.00 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम भ्याना तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र. एवं मेरे पक्षकार क्रमांक 03- प्रेमसिंह नाबालिग एवं गंगराम नाबालिग पिता भगवानसिंह, संरक्षक भगवानसिंह समस्त जाति लोहार, निवासी ग्राम भ्याना, की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य शामिल सरिख की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 1651/2 रकबा 0.26 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम भ्याना तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र. तथा मेरे पक्षकार क्रमांक 04- गोवर्धन लोहार पिता हरी लोहार, जाति लोहार, निवासी ग्राम भ्याना, की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 515/3/1 रकबा 0.70 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम तिलवाडिया तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र. में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिठ्ठी एवं अनुबंध-पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन क्रेतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋ्ण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें। एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकारगणों द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेतापक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिंनाक-13-07-2026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता -दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने तहसील घटिया जिला उज्जैन**
**मों. 94240-14405, 9826716661**

## न्यूज-कॉलम

### गोदाम में हुई चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** 11 जून को फरियादी शलभ अग्रवाल पिता गिरीश अग्रवाल, निवासी वेदव्यास कॉलोनी, रतलाम ने थाना स्टेशन रोड पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका महू-नीमच रोड स्थित पेपर मिल कंपाउंड में खाद एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान का गोदाम है। 9 जून की शाम करीब 6 बजे गोदाम का कर्मचारी रफीक खान सामान लेने गया था तथा सामान लेने के बाद गोदाम में ताला लगाकर वापस आ गया था। 11 जून को सुबह करीब 11.30 बजे कर्मचारी पुनः गोदाम पहुंचा तो उसने देखा कि गोदाम का ताला टूटा हुआ था तथा शटर थोड़ा ऊपर उठा हुआ था। सूचना मिलने पर फरियादी ने मौके पर पहुंचकर गोदाम के अंदर रखे सामान की जांच की, जिसमें कूलर, आरओ एवं अन्य सामान कम पाया गया। किसी अज्ञात बदमाश द्वारा गोदाम का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना स्टेशन रोड में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### पूर्व न.पा.स्वास्थ्य अधिकारी शर्मा का निधन



**नीमच।** नीमच नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी श्री विश्वास शर्मा का 65 वर्ष लगभग का आकस्मिक निधन हो गया द्य वे स्व बद्रीप्रसाद जी शर्मा के सुपुत्र, तथा विकास शर्मा के पिताजी थे द्य सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री शर्मा 4 वर्ष ही नगर पालिका नीमच से सेवानिवृत हुए थे। जिले के अठाना,तहसील जावद जिला नीमच निवासी श्री शर्मा के निधन से परिवार और समाज में शोक व्याप्त हो गया द्य नगर पालिका परिषद पार्षद,पूर्व कर्मचारी ,जन प्रतिनिधि, पत्रकार गण सहित गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# संगठन द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी को प्राथमिकता दे, इससे ही भाजपा की नई पीढ़ी का सशक्त निर्माण होगा -प्रभारी सुरेश आर्य

## भाजपा की जिला बैठक में डिजिटल लर्निंग और संगठन विस्तार पर दिया जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

सैलाना के ओशीन परिसर में सोमवार को हुई भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक में डिजिटल लर्निंग और संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि संगठन द्वारा सौपी गई हर जिम्मेदारी को प्राथमिकता दे, इससे ही भाजपा की नई पीढ़ी का सशक्त निर्माण होगा । बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की । जिला महामंत्री महेश सोनी एव जयवंत कोठारी भी मंचासीन रहे ।

बैठक की शुरूआत अतिथियों द्वारा भारत माता और पार्टी के मार्गदर्शक महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने जिले के सभी मंडलों की संगठनात्मक प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसके पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए 23 जून से 6 जुलाई तक चले विशेष पखवाड़े की सफलता पर प्रकाश डाला ।उन्होंने बताया कि जिले में बलिदान दिवस, कार्यकर्ता सम्मेलन और अन्य सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। उन्होंने मंडलवार डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण जानकारी ली ।



संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित संगठनात्मक कैलेंडर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि १ से ७ तारीख तक मंडल, ७ से १२ तारीख तक जिला बैठक और २१ से २५ तारीख तक शक्ति केंद्रों की बैठक होगी। इसके बाद "मन की बात" कार्यक्रम के साथ बूथ स्तर की बैठकें आयोजित होगी।

संभाग प्रभारी ने डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जिला और मंडल स्तर पर प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। बूथ स्तर पर भी बहुत अच्छा काम हुआ है और जहां कार्य शेष है, उसे आगामी "मन की बात" कार्यक्रम के दिन तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करना है। यह केंद्र का एक बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को हमारे महापुरुषों के जीवन, उनके संघर्ष और राजनीतिक भूमिका से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के इतिहास को जानकर ही कार्यकर्ता भविष्य में सशक्त नेतृत्वकर्ता बनते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से हनुमान जी की तरह कार्य करने का आह्वान किया।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियोजित ढंग से हो, सभी निकाय कार्य योजना बनाकर भेजें - कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

शासन के निदेर्शानुसार जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य पूरी योजना और प्रभावी तरीके से किया जाए। सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में धरातल पर वास्तविक कार्य सुनिश्चित करें तथा विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जिला स्तर पर प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर अदिति गर्ग ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल पर सोमवार को २७१ शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज नहीं मिलने पर कलेक्टर ने अवकाश एवं अन्य वैध कारणों को छोड़कर शेष अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन काटने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक निकाय में कचरे का निपटान केवल निर्धारित स्थानों पर ही किया जाए तथा शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को स्थायी व्यवस्था के रूप में लागू किया जाए। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को भी इस अभियान से जोड़ने, उन्हें प्रेरित करने और प्रशिक्षित करने पर जोर दिया। सभी नगरीय निकायों के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी पावर प्वाइंट प्रस्तुतियों का शीघ्र अवलोकन किया जाएगा तथा कलेक्टर स्वयं विभिन्न निकायों का निरीक्षण भी करेंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर विशेष सेल गठित किया गया है तथा सभी निकायों को भी इसी प्रकार सेल गठित करने और शासन के दिशा-निदेर्शों का गंभीरता से अध्ययन करने के निर्देश दिए गए। औद्योगिक क्षेत्र में कचरा निपटान के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने तथा बाजार क्षेत्रों में गंदगी फैलाने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई तेज करने के भी निर्देश दिए गए। कचरा पृथक्करण, जनजागरूकता और नियमित रिपोर्टिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के संबंध में भी विस्तृत निर्देश दिए। वहीं जनपद पंचायतों के सीईओ को नए कुओं और बावड़ियों की सफाई तथा पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए।



## मेघवाल समाज के प्रांतीय महाअधिवेशन में मृत्युभोज नहीं करने का लिया संकल्प

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश मेघवाल समाज का एक दिवसीय प्रांतीय महाअधिवेशन स्थानीय नूतन सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। अधिवेशन में मंदसौर सहित आगर, उज्जैन, शाजापुर, राजगढ़, धार, झाबुआ, रतलाम और नीमच जिलों से आए सामाजिक पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर राठौर ने की, जबकि राष्ट्रीय मेघवंश महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रभु चंदेल मुख्य अतिथि रहे। श्यामलाल जोगचंद, बाबूलाल थावलिया, गोरीशंकर सूर्यवंशी तथा राधेश्याम केहरवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिवेशन में सामाजिक सुधारों पर विस्तृत चर्चा के बाद सभी उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से मृत्युभोज का बहिष्कार करने का ऐतिहासिक संकल्प लिया। समाजजनों ने शपथ ली कि वे न स्वयं मृत्युभोज आयोजित करेंगे और न ही उसमें शामिल होंगे। कार्यक्रम में बाबूलाल थावलिया को मध्यप्रदेश मेघवाल समाज संघ का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विभिन्न जिलों के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को नियुक्ति पत्र एवं समाज का पारंपरिक दुपट्टा प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन प्रांतीय सचिव के.सी. सौलंकी ने तथा आभार संगठन मंत्री पी.सी. भारती ने व्यक्त किया।

# जगन्नाथ की रथयात्रा रथयात्रा में इंदौर की श्री राधा कृष्ण और गोपियों की टोली करेगी नृत्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

थावरिया बाजार स्थित करीब 350 वर्ष पुराने भगवान जगन्नाथ मंदिर से श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा 16 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे निकलेगी । जिसकी तैयारियां जोरशोर से जारी है। इसी क्रम के रथ यात्रा के संस्थापक संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष मंगल लोढ़ा, सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि एमएसएमई मंत्री एवं नगर विधायक श्री चेतन्य काश्यप को रथयात्रा का आमंत्रण पत्र देकर कर आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह के साथ ही सभी सम्मानीयजनों को रथयात्रा में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया ।

मुन्नालाल शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव में 15 जुलाई को शाम 7.30 बजे महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। 16 जुलाई को सुबह 9 बजे भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना, सहस्त्रधारा अभिषेक, श्रृंगार व आरती होगी। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। आपने बताया कि पिछले 29 वर्षो से जिले के एक मात्र 350 वर्ष पुराने जगन्नाथ मंदिर से पारंपरिक रूप से भव्य रथ यात्रा का आयोजन होता आ रहा है। यह मंदिर मालवीय एवं राजस्थानी शैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। रथ यात्रा में घोड़े, बग्गी और ऊंट के साथ ही इस वर्ष इंदौर की श्रीकृष्ण- राधा तथा गोपियों की नाट्य टीम आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। जो कि राधाकृष्ण एवं 6 गोपियों के साथ नृत्य करती हुई चलेगी। इसके साथ ही निकलेगी वाली रथयात्रा में मातृशक्ति द्वारा तलवारबाजी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां चल रही है। विभिन्न चौराहों पर मातृशक्ति द्वारा शस्त्र कला का प्रदर्शन किया जाएगा।

रथ यात्रा थावरिया बाजार स्थित मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः थावरिया बाजार मंदिर पहुंचेगी । इसके बाद महाआरती होगी और उसके पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। रथ यात्रा महोत्सव समिति के मुन्नालाल शर्मा, मंगल लोढ़ा, गोपाल शर्मा, रामचन्द्र डोई, गजेन्द्र यादव, भरत जैन, दीपक चौरडिया, सन्नी सोनी, प्रदीप सोनी आदि नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक की संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

## रतलाम में चातुर्मास की तैयारियां को लेकर बनाई भव्य रूपरेखा

**रतलाम।** शहर में आगामी चातुर्मास 2026 को लेकर जैन समाज में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कर्नाटक गजकेसरी, घोर तपस्वी गणेशलाल जी महाराज साहब की आज्ञानुवर्तिनी, वर्धमान आयंबिल तपोनिधि एवं जिनशासन प्रभाविका, मधुर व्याख्यानी परम पूज्या महासाध्वी प्रफुल्ला जी महाराज साहब आदि ठाणा-5 का पावन चातुर्मास वर्ष 2026 में रतलाम में संपन्न होने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में श्री जैन दिवाकर नवयुवक मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर आगामी तैयारियों और व्यवस्थाओं की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। वर्तमान अध्यक्ष आशीष कटारिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चातुर्मास की सभी तैयारियां पूरी टीम भावना के साथ सुचारु रूप से आगे बढ़ रही हैं।

### अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर कार्रवाई

**नीमच ।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत तीन अलग-अलग प्रकरणों में वाहन मालिकों पर 1 लाख 76 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला।

# 16 जुलाई की निकलेगी भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

भगवान जगन्नाथ की 16 जुलाई को निकलने वाली भव्य रथयात्रा को सफल बनाने के लिए सिंधु महल में सर्वसमाज की विशाल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा हाथ उठाकर तन, मन और धन से यात्रा को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल पंचारिया ने यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रथयात्रा भगवान जगन्नाथ धाम से प्रारंभ होकर खानपुरा, घंटाघर और बस स्टैंड होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से निकलेगी, जहां जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। यात्रा में 80 बटुक, 11 शंखों के साथ शंखनाद, 21 ढोल तथा 200 महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल होंगी। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने भगवान जगन्नाथ के चमत्कारों की जानकारी देते हुए कहा कि यह नगर का सौभाग्य है कि यहां भगवान जगन्नाथ का प्राचीन मंदिर है। सत्येंद्र सिंह सोम ने बताया कि मंदिर का निर्माण एक वर्ष में पूर्ण होना स्वयं एक चमत्कार है और भविष्य में यह धाम प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में स्थापित होगा। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि मातृशक्ति यात्रा में पूरे उत्साह के साथ भागीदारी करेगी। वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल ने यात्रा



## 80 बटुक,11 शंखों के साथ शंखनाद, 21 ढोल तथा 200 कलशधारी महिलाएं होगी शामिल

की गरिमा बनाए रखने और श्रद्धा के साथ रथ खींचने का आह्वान किया।

बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मदनलाल राठौर, समाज सेवी एवं यात्रा संरक्षक अनिल गुप्ता, सेवा बैंक प्रमुख सुनील बंसल, रथयात्रा प्रमुख राजेश गुर्जर, पं. दिलीप शर्मा, विहिप के कन्हैयालाल सोनगरा, कपिल भंडारी, अरविंद सारस्वत, विनोद मेहता आदि उपस्थित थे।


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**"ई–निविदा सूचना"**

**निविदा संख्या :** SnT-RTM-26-Tele-15. **दिनांक :** 11/07/2026. निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम, की ओर से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम :** उज्जैन एवं सिम्हस्थ–2028 से संबंधित विभित्न कार्यों के अंतर्गत दूरसंचार (Telecom) सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं चालू (Commissioning) करने का कार्य, जिसमें निम्नलिखित कार्य सम्मिलित है। **1.** उज्जैनः भोपाल (BPL) छोर पर प्लेटफॉर्म सं, 01 एवं 08 के मध्य रैम्प सहित ०6 मीटर चौड़े आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान। **2.** उज्जैनः रतलाम (RTM) छोर पर प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 08 के मध्य रैम्प सहित 06 मीटर चौडे आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान। **3.** उज्जैन : प्लेटफॉर्मों के मध्य भाग में प्लेटफॉर्म सं, 01 एवं 08 के बीच लिफ्ट एवं रैम्प सहित 12 मीटर चौड़े आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ–2028)। **4.** नईखेड़ीः हाईं लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ–2028)। **5.** पिंगलेश्वरः रेम्प सहित 06 मीटर चौड़े 02 आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ–2028)। **6.** विक्रमनगरः रैम्प एवं कवर सहित 06 मीटर चौड़े एक फुट ओवर ब्रिज (FOB) तथा जल व्यवस्था में सुधार का प्रावधान (सिम्हस्थ–2028)। **7.** मोहनपुराः रैम्प सहित ०6 मीटर चौड़े ०2 आवृत फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ–2028)। **8.** पवासा : हाई लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ–2028)। **9.** ताजपुरः सिम्हस्थ–2028 के अंतगंत अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान। **10.** नायखेड़ीः सिग्हस्थ–2028 के अंतरगत अतिरिक्त लूप लाइन एवं स्टेबलिंग लाइन सहित यार्ड री–मॉडलिंग। **11.** मोहनपुरा : हाई लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ–2028)। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹88,10,121.89/– (रुपये अठासी लाख दस हजार एक सौ इक्कीस तथा पैसे नवासी मात्र।) **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **जमानत राशि :** ₹1,76,200.00/– **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** नौ (09) माह। **ई–निविदा दस्तावेज जमा करने की अतिम तिथि व समय :** दिनांक 10.08.2026 समय 15.00 बजे तक, **ई–निविदा खोलने की तिथि व समय :** दिनांक 10.08.2026 समय 15.30 बजें तक। **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक सें 60 दिन। निविदा http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदाकार के पास Class III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है तथा IREPS पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य हैं। केवल पंजीकृत निविदाकार ही ई–टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।

SNP-153

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly


## मीडिया में संगठन को सशक्त रूप से प्रस्तुत करें-काश्यप

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, जिला सह मीडिया प्रभारी निलेश बाफना एवं नीरज बरमेचा ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से भेंट कर नियुक्ति के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। श्री काश्यप ने अंग वस्त्र से स्वागत कर शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री काश्यप ने इस दौरान सभी मीडिया प्रभारियों से कहा कि वे मीडिया में संगठन को सशक्त रूप से प्रस्तुत करें। लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका होती है। मीडिया द्वारा दी जाने वाली सूचनाएं विश्वसनीय एवं प्रामाणिक होनी चाहिए, ताकि उनका संगठन को अधिक से अधिक लाभ मिलें। इस दौरान रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल उपस्थित रहे।

# बारिश की लंबी खेंच से बालागुड़ा में तीसरी तो जलोदिया में दूसरी बार बोवनी करनी पड़ी

## अच्छी बारिश के लिए मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी

क्षेत्र में बारिश की लंबी खेंच से एक ओर जहां फसले मुरझाने लगी तो कही बीज अंकुरित नही होने के कारण बालागुड़ा में अधिकांश किसानों ने महंगे भाव का खाद बीज लाकर तीसरी बार बोवनी करी है तो नारायणगढ़, जलोदिया सहित क्षेत्र में किसानों को दूसरी बार बोवनी करना पड़ रही है।

सोमवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने खेतो डबल व तीसरीबार बोवनी कर रहे किसानों से चर्चा की बालागुड़ा के किसान नरेंद्र सत्यनारायण पाटीदार ने बताया कि मैने तीन बीघा में सोयाबीन की बुवाई की थी



जो अंकुरित नही हुई वापस बुवाई करना पड़ी जिस पर 1 लाख रुपये का खर्चा आया।लक्ष्मीनारायण बाबूलाल ने कहा कि मैने भी 2 बीघा की सोयाबीन अंकुरित नही होने के कारण डबल बुवाई की जिस पर 70 हजार रुपये खर्च हुवे।किसान राजेश शर्मा ने बताया कि मैने 5 बीघा में सोयाबीन बोई थी मौसम अनुकूल नही होने कारण बीज अंकुरित नही हुवा लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये का अतिरिक्त खर्चा हुवा।इसी प्रकार दशरथ भागीरथ पाटीदार ने कहा कि मेरे 6 बीघा की सोयाबीन अंकुरित नही हुई मुझे तीसरी बार बोवनी करनी पड़ी जिस पर 3 लाख 50 हजार रुपये खर्च हुवे।जलोदिया के किसान रूपचंद धनगर ने कहा कि मैने 4 बीघा में पहले सोयाबीन बोई थी पर वह अंकुरित नही हुई उसके बाद सोमवार को उड़द की बुवाई की ७५ हजार खर्च होगये।किसानों ने कहा कि संकट के इस समय मे सरकार को खुले दिल से किसानों की आर्थिक मदद करना चाहिए।

बारिश की लंबी खेंच से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ने लगी है इन्द्रदेवता को प्रसन्न करने के लिए गुडभेली बड़ी में महिलाएं ढोलक,मंजीरे के साथ श्री गणेश मंदिर पर भजन कीर्तन कर अच्छी बारिश की प्रार्थना कर रही है।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुवे कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर दूंगा लेकिन 2026 तक किस्सनो कि आय तो दोगुनी नही हुई पर कर्ज व महंगाई में डूबे किसानों द्वारा आत्महत्याए जरूर दुगनी होगई है।शर्मा ने कहा कि पहले से परेशानी झेल रहे किसानों को इधर उधर से उधार राशि लाकर मंहगा खाद बीज लाकर पहली,दूसरी व तीसरी बार बुवाई करना पड़ रही है किसान कर्जे में डूबता जारहा है सरकार किसानों को न तो मुआवजा व बीमा दे रही है और नही किसी प्रकार की राहत दे रही है।

## न्यूज कालम



### दलौदा पुलिस ने स्मैक और डोडाचूरा के साथ दंपती को गिरफ्तार किया

**मंदसौर।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दलौदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक दंपती को स्मैक और डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने पर दलौदा-धुंधड़का मार्ग स्थित श्मशान घाट के पास घेराबंदी की गई। एक एक्टिवा स्कूटी पर सवार शिवा उर्फ शिवनारायण परिहार तथा उसकी पत्नी नीलू को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उनके कब्जे से 30 ग्राम स्मैक पाउडर तथा 3100 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी मादक पदार्थ तस्करी एवं अन्य अपराधों के मामले दर्ज हैं। कार्रवाई के दौरान लगभग ३ लाख रुपये मूल्य की स्मैक, डोडाचूरा, एक एक्टिवा स्कूटी तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### जिला माहेश्वरी समाजके विजय मुछाल अध्यक्ष व दिलीप बांगड़ सचिव बने

**नीमच।** जिला माहेश्वरी सभा के नविन २७ सत्र के चुनाव रविवार को श्री माहेश्वरी समाज भवन जावद में प्रदेश निर्वाचन पर्यवेक्षक प्रेमनारायण मालपानी सुखेड़ा व जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश लढा नीमच, सहायक निर्वाचन अधिकारी गोपाल लोगड़ मनासा की उपस्थिति मे संपन्न हूए द्य जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर विजय मुछाल व जिला सचिव पद पर दिलीप बांगड़ का सवार्नुमति निर्वाचित घोषित किए गए। इसके साथ ही अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा में प्रतिनिधि के रूप में कैलाशचंद्र आगार मनासा व अनिल दरग नीमच एवं प्रदेश कार्यसमिति प्रतिनिधि के रूप में सुनील गगरानी नीमच तथा प्रदेश कार्यकारी मंडल प्रतिनिधि के रूप में राजकुमार मुछाल, कमलेश सारड़ा जावद आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 25 किलो डोडाचूरा के साथ दो तस्करों को पकड़ा, एक फरार

**मंदसौर।** जिले के भावगढ़ थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को 25 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार 12 जुलाई को भावगढ़-दलोदा मार्ग पर वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम लखन पिता गोपाल सूर्यवंशी तथा जीवन पिता पन्नालाल सूर्यवंशी निवासी मजेसरी बताए। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 25 किलोग्राम पिसा हुआ डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने यह मादक पदार्थ प्रहलाद सूर्यवंशी से प्राप्त करना स्वीकार किया, जिसके आधार पर उसे भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान 25 किलो डोडाचूरा, एक मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन मशरूका जब्त किया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में विधायक परिहार ने किया पौधारोपण

**नीमच।** "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित एनसीसी शिविर के दौरान विधायक दिलीप सिंह परिहार ने पौधारोपण किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक परिहार ने कहा कि प्रकृति संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा, मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव, लोकेश चांगल, ओमसिंह हाड़ा, प्राचार्य प्रशांत मिश्रा, एनसीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में एनसीसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### केंट थाना पुलिस ने 10 माह पूर्व चोरी हुई ब्रेजा कार को बरामद किया

**नीमच।** प्रदेश पुलिस महानिदेशक भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नीमच राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्रीमति हेमलता अग्रवाल व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच कॅट निरीक्षक सौरभ शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमच केंट की टीम द्वारा थाना नीमचकेंट क्षेत्र से 6 सितम्बर 25 व 7 सितम्बर 25 की मध्य रात्रि मारूति सुजूकी कम्पनी की ब्रेजा कार चोरी के प्रकरण में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर मारुति सुजूकी कम्पनी की ब्रेजा कार व घटना में प्रयुक्त वाहन को बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है।

8.सितम्बर 25 को फरियादी विशाल कुमार व्यास द्वारा पुलिस थाना नीमच केंट पर आकर रिपोर्ट की गई कि ब्रेजा कार सफेद रंग की होकर मध्य रात्रि में कोई अज्ञात बदमाश ब्रेजा कार चोरी कर ले गया है।

### 26.980 किलो डोडाचूरा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर को किया गिरफ्तार


**मन्दसौर।** जिले की गरोठ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 26.980 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त कर एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन गरोठ के पास रेलवे बाउंड्री के बाहर एक व्यक्ति दो बैगों में अवैध डोडाचूरा लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी रिंकु पिता तिलक राज जोगी (40), निवासी शास्त्रीनगर, जिला लुधियाना (पंजाब) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 26.980 किलोग्राम डोडाचूरा, जिसकी अनुमानित कीमत 54 हजार रुपये है, जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।



## राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित शिक्षाविद् कनेरिया 22 जुलाई को दीक्षा ग्रहण करेंगे

**बडौद।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम बकानी के शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कनेरिया (कोटा) अल्प प्रवास पर आज बडौद आये। रमेश कनेरिया के 2 पुत्र और 1 पुत्री है और जो सभी गेजुवेट है और बहुएं भी ग्रेजुएट है ! बडौद में स्थानक में विराजित सर्व प्रथम यहां विराजित 1008 पूज्य श्री जोगराजजी म.सा. ठाणा 4 के दर्शन कर सुखसाता पूछी, प्रश्चात आपने गुरु आज्ञा पालन करते आडम्बर रहित कोई बहुमान नहीं कराया एवं श्री संघ से क्षमा याचना की। विजय मोदी,विनोद मोदी,पारस चंद्रगोत्रीय, प्रमोद जैन एवं कनेरिया अपने ससुराल पक्ष प्रकाश शर्मा एडवोकेट के स्वनिवास पर भेंट की। इस दौरान विमल जैन (मेडिकल) वैजयंत जैन, मेघराज मोदी, विवेक नलवाया,मानक रामसना आदि मौजूद रहे। लगभग 50 वर्षों से जैन धर्म से जुड़े शास्त्रों के गहन अध्येता कनेरिया 22 जुलाई को ज्ञान गच्छाधिपति पूज्य गुरुदेव श्री प्रकाश चंद जी म.सा. के सानिध्य में बालोतरा राजस्थान में जैन दीक्षा ग्रहण करेगे। रमेश कनेरिया राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम बकानी में दुलीचंद कनेरिया (शर्मा) परिवार में हुआ था!

## कृषि विभाग के कर्मचारियों ने खरीफ फसल को लेकर किसानों को दी सलाह



**महिदपुर रोड।** कृषि विभाग के यू एस तोमर ने पिछले तीन चार दिनों से मौसम खुला रहने के कारण किसान तुरंत खरपतवार नियंत्रण का कार्य बड़ी तेजी से कर रहे हैं। वर्तमान में जिले की सोयाबीन फसलें लगभग 10 से 15 दिनों की हो चुकी हैं, जो खरपतवार नियंत्रण के लिये उचित समय है। किसान सुविधा अनुसार खेतों में खरपतवार नियंत्रण हेतु ट्रैक्टर से या बैलों से कुल्पा/डोर चला रहे हैं। जहां खेतों में पर्याप्त नमी उपलब्ध है, वहां खरपतवार नाशी का उपयोग भी किया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अनुरोध किया है कि वे खरपतवार नाशी का प्रयोग करते समय खेतों में पर्याप्त नमी अवश्य हो उस समय खरपतवाय नाशी दवाइयां का प्रयोग करें बिना नमी वाले खेतों में किसी भी प्रकार का खरपतवारनाशी न छिड़कें। नमी की कमी होने पर कुल्पा या डोर चलाकर ही खरपतवार नियंत्रण करें। क्षेत्र के किसान किसी भी कृषि संबंधी सलाह या सहायता के लिये नजदीकी कृषि अधिकारी या कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

## शांतिबाई की स्मृति में शिशु विद्या मंदिर के भैया-बहनों के लिए वाटर कूलर भेंट



**सुसनेर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की साधारण सभा का आयोजन नवीन बस स्टैंड स्थित विद्यालय परिसर में किया गया। बैठक में विभाग समन्वयक सुरेंद्र जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभा में गत वर्ष का आय-व्यय, आगामी वर्ष का अनुमानित आय-व्यय, साथ ही गत वर्ष विद्यालय में हुई गतिविधियों और आगामी वर्ष की योजनाओं का विवरण सभी सदस्यों के समक्ष रखा गया। इस अवसर पर बाल कल्याण शिक्षण समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। समिति सदस्य अशोक मोदी ने अपनी माताजी शांतिबाई की स्मृति में विद्यालय के भैया-बहनों के लिए वाटर कूलर भेंट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, समिति अध्यक्ष प्रदीप सोनी, सचिन और अशोक श्रीवास्तव, विजय बगड़ावत, राकेश पाटीदार, गिरिराज पटेल, मनोज सोनी, द्वारका दास लड्ढा, प्रदीप बजाज, गिरिराज राठौर, मुकेश हरदेनिया, अक्षत राठौर सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।सभा के अंत में प्राचार्य नारायण कुंभकार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जीरापुर गीता ज्ञान यज्ञ में शामिल होने जा रहे स्वामी रंगनाथाचार्य का किया स्वागत



**सुसनेर।** स्थानीय टोटल सुपर मार्केट में अवंतिका पीठाधीश्वर रामानुज कोट स्वामी रंगनाथाचार्य का स्वागत किया गया। स्वामी महाराज जीरापुर में आयोजित गीता ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होने जा रहे थे। इस दौरान स्थानीय गीता प्रतिष्ठा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शाल और श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर गीता प्रतिष्ठा से द्वारकाधीश लद्दूख, प्रदीप बजाज, राजेंद्र बजाज, श्यामसुंदर भूतड़ा, रूप नारायण श्रीवास्तव, गोविंद सोनी, नरेंद्र जोशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के 4 शातिर आरोपी गिरफ्तार, चोरी की गई पिकअप जप्त

# वारदात से पहले की रेकी, चोरी के बाद डेंटिंग-पेंटिंग कर बदल दी वाहन की पहचान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु एसपी के निर्देशन एवं एसडीओपी राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई पिकअप वाहन बरामद की है।

फरियादी कन्हैयालाल पिता अमरसिंह तंवर 38 वर्ष, निवासी ग्राम सालपुरा थाना कोतवाली राजगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत दिनों रात को उसके घर के सामने खड़ी पिकअप वाहन क्रमांक एमपी -39-जी -2160 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। राजगढ़ पुलिस ने अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। पुलिस टीम ने 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का परीक्षण किया तथा साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान की। लगातार लगभग 15 दिनों तक तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर की गई विवेचना के पश्चात पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह के 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई पिकअप वाहन बरामद की। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने बताया कि उन्होंने वारदात को पूरी योजना के साथ अंजाम दिया।

आरोपी आशिक और मुजाहिद ग्राम सालपुरा पहुंचे तथा घटनास्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्र की रेकी कर चोरी के बाद सुरक्षित निकलने के संभावित रास्तों का निरीक्षण किया। रात्रि में सभी आरोपियों ने मिलकर पिकअप वाहन चोरी किया। वारदात के बाद आरोपी मुजाहिद चोरी की गई पिकअप को कुरावर स्थित अपनी सहारा एग्रो नामक वेल्डिंग एवं डेंटिंग-पेंटिंग की दुकान कुरावर पर ले गया, जहां सभी आरोपियों ने मिलकर वाहन की डेंटिंग-पेंटिंग कर उसका रंग-रोगन, कलर एवं बाहरी स्वरूप पूरी तरह से बदल दिया, ताकि वाहन की पहचान छिपाई जा सके तथा पुलिस जांच को गुमराह किया जा सके। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं सटीक विवेचना के आधार पर आरोपियों की इस साजिश का पर्दाफाश करते हुए आरोपी मुजाहिद पिता वशीर खान 32 वर्ष, निवासी ग्राम इमलिया हसन, थाना दोराहा, जिला सीहोर। अमित पिता नवल सिंह मालवीय 19 वर्ष, निवासी ग्राम पामाखेड़ी सिरोंज, हाल निवासी पालीवाल कॉलोनी, सिरोंज। सुल्तान पिता मथुरालाल गुर्जर 52 वर्ष, निवासी ग्राम कंचनपुर मुगलसराय जिला विदिशा। रामबाबू पिता मथुरालाल गुर्जर 42 वर्ष निवासी ग्राम कंचनपुर मुगलसराय जिला विदिशा को गिरफ्तार किया वही एक अन्य आरोपी आशिक पिता हबीब खान 32 वर्ष निवासी ग्राम परवाखेड़ा,अरवलिया, थाना ईंटखेड़ी, जिला भोपाल की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भोपाल, रायसेन, विदिशा एवं नर्मदापुरम जिलों में चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी, अपहरण, आर्म्स एक्ट एवं विद्युत अधिनियम सहित 15 से अधिक गंभीर अपराध पूर्व में पंजीबद्ध है पुलिस ने उक्त पिकअप वाहन जिसकी कुल कीमत 2 लाख रु. बरामद की। 1819

# पुलिस ने हफ्ता वसूली करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

### प्रकरण में पूर्व में दो आरोपी भेजे जा चुके जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला उज्जैन करणदीपसिंह (भापुसे), एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा (भापुसे) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महिदपुर द्वारा टीम गठित कर घटना कारित कर फरार आरोपी अब्दुल खालिद को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

घटना का सक्षिप्त विवरण- घटना दिनांक 14.06.2026 को आरोपी नवाब पिता मुजम्मिल शाह जाति फकीर, शाहनवाज उर्फ गोलु पिता कासम शाह जाति फकीर, अब्दुल वहाब पिता मुजम्मिल जाति फकीर निवासी फकिर मोहल्ला महिदपुर, अब्दुल खालिद पिता युसुफ जाति फकीर निवासीगण फकीर मोहल्ला महिदपुर द्वारा स्वयं को महिदपुर का दादा पहलवान बताकर फरियादी मोहम्मद शाहिद पिता मोहम्मद शफी जाति शेख उम्र 35 साल निवासी जवाहर मार्ग महिदपुर को बोले यदि तुझे महिदपुर में रहना है तो हम लोगों को हर हफ्ते एक हजार रुपये देने पडेंगे, अमजद ने रुपये देने से मना करने पर मां बहन की अश्लील गालियाँ देकर फरियादी के साथ पाईप से मारपीट की तथा पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना महिदपुर में उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध कायम कर अनुसंधान में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी अब्दुल खालिद पिता युसुफ शाह जाति फकिर उम्र 35 साल निवासी आजाद गली नम्बर 01 नगीना मस्जिद के पास महिदपुर को गिरफ्तार कर दिनांक 12.07.2026 को माननीय न्यायालय महिदपुर में पेश किया, जहाँ से आरोपी का जेल वारण्ट बनने पर न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल महिदपुर में दाखिल किया गया तथा 2 को पूर्व में जेल भेजा गया है। शेष एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका**

उक्त प्रशंसनीय कार्य में थाना महिदपुर पुलिस टीम निरी. अशोक पाटीदार, उनि एन एस कनेश, प्र. आर. 1084 विजयसिंह, आर. 952 आदिराम, आर 1435 राघवसिह, आर 1081 समरथ पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही है।

## महिदपुर-डोंगला-जगोटी-घटिया तक सड़क बनाकर मुख्यधारा से जोड़े - नवलखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा विगत दिवस डोंगला प्रवास के दौरान डोंगला की सड़क बनाने की घोषणा की गई है। क्षेत्र के विकास व ग्रामीण अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु व तहसील मुख्यालय को दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से भी आवागमन का रास्ता होकर जोड़ने से महिदपुर से बीनपुरा, बिसलखेड़ी, डोंगला, ब्राह्मणखेड़ा, जगोटी, घटिया का सीधा सरल व सुगम टू लेन बनने से ग्रामीण जनजीवन में आमूल चूल परिवर्तन होकर डोंगला से जवासिया पंथ होकर महिदपुर आने में करीबन 9 किमी. की बचत होकर समय श्रम की भी बचत होगी। इसी प्रकार का लाभ घटिया-जगोटी, डोंगला, ब्राह्मणखेड़ा, डोंगला, बिसलखेड़ी, बीनपुरा, महिदपुर का अत्यंत शार्ट रुट होकर नये मार्ग का उन्नयन होकर आम नागरिकों को फायदा होकर उक्त डोंगला से सीधे उज्जैन से भी जुड़ जावेंगे ताकि जनता को विकल्प भी प्राप्त हो सके। वहीं महिदपुर की नागोरी कालोनी, शफी कालोनी, पटवारी कालोनी, बस स्टेण्ड, उत्कृष्ट हायर सेकण्डरी स्कूल, कालेज, राजपूत धर्मशाला, आंजना धर्मशाला, कन्या उत्कृष्ट हायर सेकण्डरी स्कूल भी मुख्य सड़क से जुड़ जावेंगे जिससे दो तहसीले महिदपुर-घटिया के विकास के द्वार भी खुल जावेंगे। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने मुख्यमंत्री से उक्त मार्ग को भी जोड़ने की घोषणा कर आम जनता को राहत व सुविधा देने की मांग की है ताकि उपरोक्त ग्राम भी तहसील मुख्यालय के साथ जिला व संभाग मुख्यालय से जुड़ जावेंगे।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 प्रवेश के लिए 6 से 31 जुलाई तक

**सुसनेर।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आगर जिले के इच्छुक छात्र 6 जुलाई से 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर को आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन के लिए छात्र के पासपोर्ट साइज फोटो, माता-पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर, आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और अध्ययन प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

## लाखों की राशि से लगाए गति अवरोधक ढाई महीने के बाद टूटे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टोंक खुर्द



नगर परिषद टोंक खुर्द में शासन द्वारा नगर की सड़कों पर चौराहो पर एवं नगर में प्रत्येक मोहल्लो में जगह-जगह गति अवरोधक लाखों रुपए की राशि से लगाए गए थे जो ढ़ाई महीनो के बाद टूट गए है। इन दिनों आज की हालत में जीता जागता उदाहरण है जिला प्रशासन को मौका स्थल पर दृश्य देखने को मिलेगा नगर परिषद के पूर्व पार्षद लाल सिंह पवार ने एवं नगर के नागरिक गणों ने पत्रकारों को बताया कि। नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं कहां से ले कितने के ले पूछने पर कोई कोई जवाब नहीं देता जनता का पैसा का दुरुपयोग हो रहा है नगर में लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है लेकिन जनप्रतिनिधि और बाकी लोग चुप है लेकिन हम जमीन हकीकत आप सबको बता रहे हैं। इसकी आईटीआई लगाकर पूरी जानकारी ली जाएगी पूर्व पार्षद लाल सिंह पवार कर्तव्य पत्र नगर टोंक खुर्द नगर परिषद,टोंक खुर्द एसडीएम,कलेक्टर देवास, नगरीय जिला परियोजना अधिकारी देवास, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल, नगरीय प्रशासन मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को कर्तव्य पत्र इस संबंध में पहुंच जाएगा एवं जिम्मेदार नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा लाखों की राशि का भ्रष्टाचार किया गया है। उनके विरुद्ध वैधानिक दंडात्मक कड़ी कठोर कार्यवाही की जावे।

### सरकारी भूमिपूजन कार्यक्रम का हुआ भाजपायीकरण

# कांग्रेस जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के तहत नहीं बुलाया-पंवार

**खाचरौद में होता कार्यक्रम तो क्षेत्र को मिलती और भी विकास योजनाएं**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

उज्जैन-जावरा मार्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह पंवार ने प्रशासन पर प्रोटोकॉल की अनदेखी तथा सरकारी कार्यक्रम का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शासन के विकास कार्य किसी राजनीतिक दल के नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के होते हैं। ऐसे कार्यक्रमों में सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आमंत्रित किया जाना चाहिए, लेकिन इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को औपचारिक निमंत्रण तक नहीं दिया गया।

जनपद अध्यक्ष पंवार ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रशासन ने निष्पक्ष भूमिका निभाने के बजाय कार्यक्रम को पूरी तरह भाजपा का आयोजन बना दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करना न केवल प्रोटोकॉल का उल्लंघन है, बल्कि जनता द्वारा दिए गए जनादेश का भी अनादर है।

जनपद अध्यक्ष पंवार ने आरोप लगाते हुए कहा है कि खाचरौद क्षेत्र के सर्वाधिक किसानों की भूमि का अधिग्रहण हुआ है। मुख्यमंत्री द्वारा चार गुना मुआवजा देने की बात कही गई थी परंतु मुआवजा दो गुना दिया गया है इसी डर के कारण कही किसान अपनी इस आवाज को कार्यक्रम में न उठे इसलिए खाचरौद के स्थान पर नागदा में भूमिपूजन किया गया। यदि भूमिपूजन कार्यक्रम खाचरौद में आयोजित किया जाता तो वह अधिक उपयुक्त और जनहितकारी होता। इस अवसर पर खाचरौद क्षेत्र के लिए अन्य विकास कार्यों एवं योजनाओं की घोषणाएं भी कराई जा सकती थीं, जिससे क्षेत्र को अतिरिक्त लाभ मिलता। केवल कार्यक्रम का स्थान बदल देने से विकास की प्राथमिकताएं भी प्रभावित हुई हैं।

जनपद अध्यक्ष पंवार ने कहा कि प्रस्तावित मार्ग से नागदा क्षेत्र को अपेक्षाकृत सीमित लाभ मिलेगा, जबकि यदि पूर्व से निर्मित उज्जैन-जावरा मार्ग का चौड़ीकरण अथवा फोरलेन निर्माण का भूमिपूजन कराया जाता तो नागदा, खाचरौद तथा आसपास के हजारों यात्रियों, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को सीधा लाभ प्राप्त होता।

जनपद अध्यक्ष पंवार ने मांग की कि भविष्य में आयोजित होने वाले सभी शासकीय कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को समान रूप से आमंत्रित किया जाए तथा क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुरानी उज्जैन-जावरा सड़क के चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण को भी प्राथमिकता दी जाए।



## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव महाआरती के साथ सम्पन्न

**सुसनेर।** पुष्पशक्ति विहार कॉलोनी, परसुलिया रोड स्थित श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय 'शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव' का रविवार को पूर्णाहूति और महाआरती के साथ भव्य समापन हो गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को पं. वेदप्रकाश भट्ट (गुरुजी) एवं पंडित गोविंद शर्मा सुसनेर वाले के सानिध्य में विधि-विधान से संपन्न कराया गया। आयोजन के अंतिम दिन यज्ञ में मंत्र उपचार के साथ आहुतियां दी गई तथा पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन हो गया इसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया। रविवार को दोपहर 3 बजे मंदिर परिसर में विशेष प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हूति और महाआरती का आयोजन किया गया। इस भव्य उत्सव का शुभारंभ बीते बुधवार, 8 जुलाई को सुबह 11 बजे श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से निकली मंगल कलश यात्रा और पूजन के साथ हुआ था। आयोजन समिति के आह्वान पर अंतिम दिन बड़ी संख्या में स्थानीय और आसपास के श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और धर्म लाभ अर्जित किया। इस पूरे महोत्सव को सफल बनाने में श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर समिति, पुष्पशक्ति विहार कॉलोनी, सुसनेर के सभी सदस्यों और आयोजकों का विशेष योगदान रहा। महाआरती के बाद उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाने हेतु साधारण सभा की बैठक आयोजित



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में मां बिजासन की पावन धरा भैंसवा माता में आदिवासी समाज के सभी वरिष्ठ, युवा, कर्मचारीगण की उपस्थिति में विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त हेतु साधारण की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी ब्लॉक से आए सामाजिक बंधुओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए उक्त बैठक में सभी की सहमति से निर्णय लिया गया कि विश्व आदिवासी दिवस मानने के लिए आयोजन स्थान का चयन किस स्थान को चिन्हित किया जाए। सारंगपुर, नरसिंहगढ़, ब्यावरा, जीरापुर, खिलचीपुर, राजगढ़, समाज के सभी बंधुओं से आग्रह किया है कि अभी उक्त स्थान के चयन का निर्णय नहीं लिया गया है। आने वाली 19 जुलाई को बैठक का आयोजन किया जाए जिसमें अंतिम निर्णय होगा। सभी समाजजन उपस्थित होकर अपने अपने विचार साझा करेगे। उक्त बैठक में अरनिया गांव से आये संदीप फौजी का समाज द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक युवा, बुजुर्ग,कर्मचारी का आभार व्यक्त किया गया।

## भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठनात्मक नियुक्ति की गई



**महिदपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के निर्देशानुसार तथा उज्जैन संभाग प्रभारी एवं सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, उज्जैन ग्रामीण जिला प्रभारी श्रीमती बबीता परमार एवं आईटी विभाग प्रदेश संयोजक हितेश नागदेव की सहमति से भाजपा जिला उज्जैन ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी पद पर गजेन्द्र परमार एवं आईटी विभाग जिला संयोजक मुकेश गांधी की घोषणा की गई। संगठन द्वारा की गई नियुक्ति पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट कर भाजपा महिदपुर नगर मंडल द्वारा शुभकामनाए प्रेषित की गई ।

## अमृत 2.0 योजना के तहत नगर परिषद परिसर में हुआ पौधारोपण

**सुसनेर।** पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरित बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नवीन नगर परिषद भवन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद के अधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए पौधारोपण समय की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन ने कहा कि अमृत 2.0 योजना केवल आधारभूत सुविधाओं के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को भी बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नगर परिषद द्वारा शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में नीम, पीपल, बरगद सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।



# गर्भनाल या प्लेसेंटा को कमजोर बना सकती हैं ये बुरी आदतें

गर्भनाल एक अस्थायी अंग जरूर है, लेकिन प्रेग्नेंसी में भ्रूण के विकास के लिए यह सबसे जरूरी अंग हो जाता है। यही वह एकमात्र जरिया है जो मां के जरिए शिशु तक सभी आवश्यक पोषक तत्व, ऑक्सीजन पहुंचाता है और टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसी से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अगर प्रेग्नेंसी के सफर में प्लेसेंटा की एहमियत कितनी है। इस जर्नी में महिला को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जो उनके गर्भनाल या प्लेसेंटा को कमजोर या नुकसान पहुंचा सकता है। क्या आप जानते हैं कि कई बार जाने-अनजाने गर्भावस्था में महिलाएं कुछ ऐसी आदतों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना लेती हैं, जो गर्भनाल को क्षति पहुंचा सकती हैं।

## प्लेसेंटा को कमजोर बनाने वाली लाइफस्टाइल से जुड़ी बुरी आदतें

प्लेसेंटा को हेल्दी रखने के लिए जरूरी है कि आप अच्छी आदतें अपनाएं, लेकिन कुछ आदतें इसको नुकसान पहुंचा सकती हैं, जैसे-

## अतिरिक्त कैफीन का सेवन

कुछ महिलाओं को चाय या कॉफी पीना बहुत पसंद होता है। प्रेग्नेंसी में भी वे अपनी इस आदत में बदलाव नहीं करती हैं। क्या आप जानती हैं कि प्रेग्नेंसी में कैफीन का सेवन सीमित मात्रा में ही किया जाना चाहिए। साल 2021 में प्रकाशित मेडिकल जर्नल के अनुसार, एक महिला को प्रतिदिन दिन में 200 मिलीग्राम तक ही कैफीन का सेवन करना चाहिए। अगर वे इससे अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करती हैं, तो इससे ब्लड फ्लो बाधित हो सकता है, जिससे शिशु तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई नहीं होती है और डिलीवरी के समय भी शिशु का वजन कम हो सकता है।

**खराब डाइट लेना**-प्रेग्नेंसी में अपनी डाइट के साथ किसी भी महिला को समझौता नहीं करना चाहिए। इससे सीधे-सीधे शिशु का विकास बाधित होता है। यहां तक कि खराब डाइट की वजह से शिशु को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता है, जिससे उसको जन्मजात दोष होने का खतरा बढ़ जाता है।



## पर्याप्त पानी न पीना

हर व्यक्ति के लिए रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना अनिवार्य होता है। कम पानी पीने से ब्लड फ्लो बाधित हो सकता है। इस लिहाज से देखा जाए, तो प्रेग्नेंसी में महिला को सामान्य लोगों की तुलना में अधिक मात्रा में पानी पीना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं, तो इसकी वजह से उनकी बॉडी डिहाइड्रेट हो सकती है। ध्यान रखें कि डिहाइड्रेशन बॉडी के लिए सही नहीं है। क्लिनिकल रिसर्च स्टडी से पता चलता है कि गर्भावस्था में पानी की कमी का बच्चे के जन्म के समय वजन और लंबाई पर सीधा असर पड़ता है। यहां तक कि इसकी वजह से प्लेसेंटा पर भी बुरा असर पड़ता है। पानी की कमी प्लेसेंटा की कार्यक्षमता को प्रभावित करती है, जो कि शिशु के स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल सही नहीं है।

## गर्भकालीन मधुमेह को कंट्रोल न करना

कई महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान जेस्टेशनल डायबिटीज हो जाता है, जिसे हम गर्भकालीन मधुमेह भी कहते हैं। प्रेग्नेंसी में मधुमेह को कंट्रोल किया जाना बहुत जरूरी होता है। अगर गर्भवती महिला अपने ब्लड शुगर के स्तर को लेकर सावधानी नहीं बरतती है, तो इसका प्रभाव भी गर्भनाल पर पड़ सकता है। जेस्टेशनल डायबिटीज होने पर गर्भनाल में सूजन, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस यानी कोशिकाओं को नुकसान होता है और ब्लड वेसल्स में बदलाव आने लगते हैं। वहीं, अगर प्रेग्नेंसी में महिला का शुगर का स्तर बढ़ा रहता है, तो इसकी वजह से गर्भनाल के सेल्स हाइपर-एक्टिव हो जाते हैं। परिणामस्वरूप गर्भवस्थ शिशु को बहुत ज्यादा ग्लूकोज और फैट ट्रांसफर होने लगता है, जो कि उसके स्वास्थ्य को भारी नुकसान पहुंचा सकता है।



# मॉनसून में पिएं ये हेल्दी सूप



बारिश के मौसम में इम्यूनिटी के कमजोर होने के कारण लोग बीमार पड़ते हैं। ऐसे में अक्सर लोगों को अच्छे स्वास्थ्य और बीमार पड़ने से बचने के लिए सूप जैसे गर्म चीजों को डाइट में शामिल करने के लिए कहा जाता है।

बारिश के मौसम में अक्सर लोगों की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। वहीं, इस मौसम में इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसके कारण लोग जल्दी बीमारी पड़ते हैं। ऐसे में अक्सर लोगों को इम्यूनिटी बूस्ट करने वाले और पोषक तत्वों से युक्त फूड्स को डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। अक्सर लोग शरीर के अच्छे स्वास्थ्य के लिए दालों और सब्जियों से बने सूप का सेवन करने की सलाह देते हैं। इनका सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।

मूंग दाल का सूप हल्का, आसानी से पचने वाला और टेस्टी सूप होता है। बारिश के मौसम में अक्सर लोगों की पाचन क्षमता कमजोर हो सकती है। ऐसे में मूंग दाल सूप का सेवन करना एक अच्छा ऑप्शन है।

मोरिंगा यानी सहजन के सूप में विटामिन्स और मिनरल्स में भरपूर पोषक तत्व होते हैं। बारिश के मौसम में इसके सूप का सेवन करने से स्वास्थ्य को दुरुस्त करने और इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद मिलती है।

# Sport

राहुल द्रविड़ बन सकते हैं इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच

# एंडी फ्लावर, फ्लिंटॉफ और लैंगर के नाम पर भी चर्चा, मैकुलम को हटाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टीम इंडिया के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बनने की दौड़ में शामिल हैं। ब्रेंडन मैकुलम के पद छोड़ने के बाद ईसीबी (इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड) पॉसिबल कैंडीडेट्स के नाम पर विचार कर रहा है, जिसमें द्रविड़ का नाम भी है।

डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार द्रविड़ उन चुनिंदा कैंडीडेट्स में शामिल हैं, जिन पर एउइ विचार कर रहा है। इस लिस्ट में एंडी फ्लावर, एंड्रयू फ्लिंटॉफ और जस्टिन लैंगर जैसे नाम शामिल हैं। एक दिन पहले रविवार 12 जुलाई को एउइ ने मैकुलम को टेस्ट कोच के पद हटाने की जानकारी दी। द्रविड़ की प्लांड कोचिंग, खिलाड़ियों को विकसित करने की क्षमता और लंबे समय की सोच उन्हें इस पद के लिए मजबूत दावेदार बनाती है। 53 साल द्रविड़ के कार्यकाल में भारत ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।



### फुल-टाइम कोचिंग के इच्छुक नहीं हैं द्रविड़

रिपोर्ट में यह भी लिखा गया कि द्रविड़ फुलटाइम कोचिंग की जिम्मेदारी लेने के इच्छुक नहीं हैं। इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच बनने पर उन्हें परिवार के साथ अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा और टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने का अवसर भी मिलेगा। इसलिए ईसीबी कम से कम उनकी रुचि जरूर जानना चाहेगा।

## महाराज ट्रॉफी फाइनल में द्रविड़ के बेटे का दोहरा प्रदर्शन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ ने महाराजा ट्रॉफी के फाइनल मैच में दोहरा प्रदर्शन किया है। उन्होंने बेंगलुरु ब्लास्टर्स की ओर से 37 रन बनाए। साथ ही 4 विकेट भी झटके। हालांकि, ऑलराउंड प्रदर्शन के बावजूद वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को खेले फाइनल को शिवमोगा योद्धा ने 4 विकेट से जीत लिया। उसके कप्तान लुवनिथ सिसोदिया ने 45 गेंदों पर 87 रन की मैच विनिंग पारी खेली। लुवनिथ प्लेयर ऑफ द फाइनल चुने गए। जबकि, अभिलाष शेट्टी प्लेयर ऑफ द टूनामेंट रहे। शेट्टी ने 18 विकेट झटके।

# सिनर ने लगातार दूसरी बार विंबलडन जीता, ज्वेरेव को चार सेट में हराया

### युवराज सिंह, अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी मैच देखने पहुंचे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विंबलडन 2026 का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ 24 वर्षीय सिनर लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बने। वे ओपन एरा में विंबलडन पुरुष एकल खिताब बचाने वाले इतिहास के सिर्फ 10वें खिलाड़ी बन गए।

24 साल के सिनर ने पहली बार फाइनल खेल रहे में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(7), 7-6(2), 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीती। यह मैच 3 घंटे 46 मिनट तक चला। इसी के साथ सिनर ने करियर का 100वां ग्रैंड स्लैम मैच जीतने की अचीवमेंट भी हासिल की। चैंपियन बनने पर सिनर को 36 लाख पाउंड (करीब 42 करोड़) की इनामी राशि भी मिली। वे एटीपी रैंकिंग में नंबर-1 बने रहेंगे। उनके और नए नंबर-2 बनने वाले ज्वेरेव के बीच 4,970 अंकों का अंतर रहेगा। यह सिनर के करियर का 5वां ग्रैंड स्लैम और 2026 सीजन का पहला मेजर खिताब है। इससे पहले वे फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से हारकर बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने ग्रास कोर्ट पर शानदार वापसी की।

# फुटबॉल वर्ल्डकप- सेमीफाइनल में 35 साल बाद सभी पूर्व चैंपियंस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गए हैं। फुटबॉल की चार दिग्गज टीमें- अर्जेंटीना, इंग्लैंड, फ्रांस और स्पेन ने टॉप-4 में प्रवेश किया है। 1990 के बाद यह पहला मौका है, जब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में सिर्फ पूर्व चैंपियन टीमें पहुंची हैं।

एक खास बात और है, ये चारों टीमें फीफा रैंकिंग में टॉप-4 में शामिल हैं। ऐसा पहली बार हुआ है, जब रैंकिंग की टॉप-4 टीमों सेमीफाइनल में पहुंची हैं और खिताब से सिर्फ दो जीत दूर हैं। मंगलवार को किलियन एम्बाप्पे की फ्रांस और लामिन यमाल के स्पेन आमने-सामने होंगे, जबकि बुधवार को लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना और हैरी केन की इंग्लैंड के बीच मैच खेला जाएगा।

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क
9827820470

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें।
9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### 21 लाख पौधों का लक्ष्य, महाअभियान में पहले दिन रोपे 51 हजार पौधे

**इंदौर।** शहर में 21 लाख पौधे लगाने के महाअभियान की रविवार को शुरूआत हुई। पहले दिन ग्राम बुढ़ानिया स्थित बीएसएफ परिसर में 48 एकड़ की बंजर पहाड़ी पर 51 हजार पौधे लगाए गए। यहां एक लाख पौधे रोपे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सांसद शंकर लालवानी सहित जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री और 21 विशेष अतिथियों ने मां की बगिया में फलदार पौधे लगाए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह अभियान लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहा है और वे भी लगातार इसमें शामिल हुए हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, इस वर्ष 21 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 22.50 लाख पौधारोपण स्थलों की पहचान पहले ही कर ली गई है। इस बार 6 से 10 फीट ऊंचाई वाले पौधे लगाए जा रहे हैं, जो पथरीली जमीन पर भी आसानी से विकसित हो सकेंगे।

### होटल के बाहर बुलाकर इलेक्ट्रीशियन को दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में गबन के मामले में शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक इलेक्ट्रीशियन को होटल के बाहर बुलाकर आरोपी ने गाली-गलौज की, हाथापाई की और शिकायत वापस नहीं लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक खिजराबाद कॉलोनी निवासी आरिफ उद्दीन ने शिकायत दर्ज कराई है कि मोहम्मद तबरेज खान ने उसे मैसेज भेजकर स्कीम नंबर-134 स्थित जेएमसी होटल के पास मिलने के लिए बुलाया। आरिफ अपने साथी समीर के साथ वहां पहुंचा। आरिफ का आरोप है कि मुलाकात के दौरान तबरेज खान ने उससे कहा कि उसने खजराना थाने में गबन की जो शिकायत की है, उसे वापस ले ले अन्यथा अंजाम ठीक नहीं होगा। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज और हाथापाई भी की। घटना के बाद आरिफ अपने साथियों के साथ खजराना थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दोस्त को आखिरी कॉल कर युवक ने दी जान बोला- परिवार से कह देना, मैं अब नहीं रहा

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में एक युवक ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने अपने दोस्त को कॉल कर कहा कि परिवार से कह देना, मैं अब नहीं रहा। इसके बाद वह फंदे पर झूल गया। कुछ देर बाद परिजन घर पहुंचे और युवक को नजदीकी निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, विशाल (39) पुत्र मनोहर चौहान, निवासी साईं सुमन नगर, ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के लोगों ने बताया कि विशाल एक निजी कंपनी में काम करता था। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह घर पर ही था। चचेरे भाई अनिल ने बताया कि उनके पास विशाल के दोस्त का कॉल आया था। उस समय वह बाइक चला रहे थे, इसलिए कॉल रिसीव नहीं कर पाए। कुछ देर बाद उन्होंने वापस कॉल किया तो दोस्त ने बताया कि विशाल ने मरने की बात कही है। इसके बाद अनिल ने विशाल के भाई को कॉल किया, लेकिन वह भी घर पर नहीं था। फिर मां को सूचना दी गई। सभी परिजन जब विशाल के कमरे पर पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला।

### आलीराजपुर में आदिवासी महिला से गैंगरेप के बाद प्रदर्शन, कांग्रेस नेता पीड़ित परिवार से मिले

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के बोरी थाना क्षेत्र में एक विधवा आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप की वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में नाराजगी है। सोमवार को बोरी और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा और सामाजिक संगठन बोरी थाना परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बढ़ते तनाव को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए चक्काजाम और नगर बंद की चेतावनी दी है। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान और सांसद अनिता चौहान ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मंत्री चौहान ने मौके से ही इंदौर रेंज के आईजी और स्थानीय एसडीओपी आशुतोष पटेल को फोन पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है और अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### 13 जर्जर दुकानों के पुनर्निर्माण पर तनातनी सकल व्यापारी संघ के आह्वान पर बाजार बंद

**झाबुआ।** झाबुआ शहर में बस स्टैंड स्थित 13 जर्जर दुकानों के पुनर्निर्माण को लेकर नगर पालिका और व्यापारियों के बीच विवाद सोमवार को बढ़ गया। सकल व्यापारी संघ के आह्वान पर शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहे। केवल मेडिकल और दूध जैसी आवश्यक सेवाएं ही खुली रहीं। बस स्टैंड, हॉस्पिटल रोड, चंद्रशेखर आजाद मार्ग, राजवाड़ा चौक और राजगढ़ नाका जैसे प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा रहा। व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका ने पहले पुनर्निर्माण के बाद दुकानें पूर्व दुकानदारों को वापस देने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब अनुबंध की शर्तों में बदलाव कर पीपीपी मॉडल लागू किया जा रहा है। इससे उनके भविष्य पर अनिश्चितता का संकट खड़ा हो गया है। विरोध के दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी राजवाड़ा चौक पर एकत्र हुए, जहां नगर पालिका उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी भी उनके साथ मौजूद रहे। बंद के कारण बस स्टैंड, हॉस्पिटल रोड, चंद्रशेखर आजाद मार्ग, राजवाड़ा चौक और राजगढ़ नाका सहित शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा।

### रेत से लदे दो डंपरों को रोककर दस्तावेज जांचे, पुलिस ने 6 वाहनों पर लगाया जुर्माना

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के रायपुरिया में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। टीआई गीता जाटव के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान रेत का परिवहन कर रहे वाहनों सहित कुल 6 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई रायपुरिया क्षेत्र में की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने रेत से लदे दो डंपरों को रोका। उनके दस्तावेजों की जांच की गई, जिसके बाद नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने चार बड़े वाहनों पर प्रत्येक 500 रुपए का जुर्माना लगाया। इसके अतिरिक्त, बिना आवश्यक दस्तावेजों के चल रही दो मोटरसाइकिल पर 600 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार कुल 6 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई को टीआई गीता जाटव के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। इसमें शैलेंद्र रघुवंशी, जितेंद्र सिंह और अन्य पुलिस बल के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार की चेकिंग और कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### ग्राम नवासा के किसानों ने भाजपा नेता पर खेत का रास्ता बंद करने का लगाया आरोप

**धार।** धार जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम नवासा में किसानों ने भाजपा नेता राकेश चौहान पर खेत का रास्ता बंद करने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि वर्षों से इस्तेमाल हो रहे इस रास्ते के बंद होने से सोयाबीन की फसल में समय पर दवा का छिड़काव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से रास्ता खुलवाने और कार्रवाई की मांग की है। किसान कमल सिसोदिया ने बताया कि उनकी 4 बीघा जमीन के अलावा हितेश ठाकुर (17 बीघा), टीकम सिंह राठौर (25 बीघा), मांगीलाल, गिरधारी, देवी सिंह, आरिफ और हीरालाल सिसोदिया समेत कई किसानों के खेत तक पहुंचने का यही मुख्य रास्ता है। रास्ता बंद होने से किसान समय पर खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे सोयाबीन की फसल में कीटनाशक का छिड़काव प्रभावित हो रहा है। किसानों का आरोप है कि विरोध करने पर भाजपा नेता राकेश चौहान राजनीतिक रसूख दिखाते हैं। उनका कहना है कि चौहान जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद और विधायक का नाम लेकर डराते-धमकाते हैं। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि रास्ते पर पेड़ लगाने के दौरान कई लोग धारदार हथियार लेकर मौजूद थे। किसानों ने मामले की शिकायत नौगांव थाने और तहसील कार्यालय में की है। उनका आरोप है कि राजनीतिक दबाव के कारण अब तक उनकी सुनवाई नहीं हुई और रास्ता भी नहीं खुला। किसानों ने प्रशासन से पुराने रास्ते को तत्काल शुरू कराने और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

---

पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड, लोगों में आक्रोश: फरार पति की गिरफ्तारी को लेकर रिश्तेदारों

# रहवासियों और विभागीय स्टाफ ने थाने का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

डाककुंज कॉलोनी निवासी और डाक विभाग में पदस्थ पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या के मामले में तीसरे दिन भी उनके फरार पति का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों, रिश्तेदारों, रहवासियों और डाक विभाग के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। सोमवार को सभी ने एकजुट होकर संयोगितागंज थाने का घेराव किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जघन्य वारदात के बाद भी मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान थाने के बाहर नारेबाजी भी की गई। अखिल भारतीय रेल डाक सेवा एवं मेल मोटर सेवा कर्मचारी संघ (वर्ग-3), मध्य प्रदेश सर्किल के नेतृत्व में डाक विभाग की विभिन्न कर्मचारी यूनियनों और समाज के लोगों ने थाना प्रभारी केपी यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उर्मिला सैनी की नृशंस हत्या पर गहरा शोक और आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई, निष्पक्ष एवं त्वरित जांच, पीड़ित परिवार को सुरक्षा और समुचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही महिला कर्मचारियों की सुरक्षा करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी मांग की गई।






#### आंदोलन की चेतावनी

प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी से आग्रह किया कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाए। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द और संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, डाक विभाग के कर्मचारी, स्थानीय नागरिक और पीड़ित परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में उर्मिला सैनी हत्याकांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। शनिवार को सरकारी आवास में उर्मिला सैनी की हत्या हुई थी। घटना का पता तब चला जब दोपहर करीब एक बजे दोनों बच्चे स्कूल से लौटे। बच्चे स्कूल से घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा खुला था और अंदर तेज आवाज में टीवी चल रही थी। घर के भीतर पहुंचते ही उन्होंने मां का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा।

---

बारिश के मौसम में हादसों की आशंका के चलते नगर निगम की कार्रवाई

# जेल रोड पर जर्जर मकान ढहाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

बारिश के मौसम में हादसों की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने शहर में जर्जर भवनों को हटाने का अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को निगम की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए एक जर्जर मकान को ध्वस्त किया, जबकि एक अन्य भवन की खतरनाक गैलरी हटाने के लिए मकान मालिक को दो दिन का समय दिया गया। साथ ही निगम के पुराने क्वार्टरों को हटाने की कार्रवाई भी की गई।

नगर निगम की टीम जोन क्रमांक-3 में जेल रोड पहुंची, जहां लंबे समय से जर्जर हो चुके एक मकान को मशीनों की मदद से गिराया गया।

भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहरभर में जर्जर भवनों का सर्वे कर कार्रवाई की जा रही है। जेल रोड स्थित मकान के पास मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के दौरान होने वाले कंपन (वाइब्रेशन) से मकान की गैलरी हिलने लगी थी, जिससे उसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई थी। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए भवन को हटाया गया।




#### नगर निगम के क्वार्टर हटाने की कार्रवाई

यहां से कार्रवाई करने के बाद नगर निगम की टीम ने कुमार मोहल्ला में रिमूवल की कार्रवाई की। यहां पर नगर निगम के काफी पुराने नगर निगम के क्वार्टर बने हुए हैं। ये काफी पुराने हो गए थे। जिन्हें हटाने की कार्रवाई की गई। इसके पहले निगम कर्मचारियों ने यहां से सामान भी हटाया। जिसके बाद यहां बने क्वाटरों को हटाने की कार्रवाई की गई। बता दें कि नगर निगम की टीम बारिश के पहले जर्जर मकानों को हटाने की कार्रवाई कर रही है। पिछले दिनों भी नगर निगम की टीम ने अलग-अलग जगह जर्जर मकानों को हटाया गया था। निगम अधिकारियों की माने तो ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

#### महिला को गैलरी हटाने के लिए दिया दो दिन का समय

- कार्रवाई के दौरान पास स्थित विनोदिनी अग्रवाल के मकान की गैलरी भी जर्जर पाई गई। चूंकि भवन स्वामिनी मौके पर मौजूद नहीं थीं, इसलिए नगर निगम ने उन्हें गैलरी हटाने के लिए दो दिन का समय दिया है। निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर निगम स्वयं गैलरी हटाने की कार्रवाई करेगा।
- नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके मकान का कोई हिस्सा जर्जर हो गया है तो उसे तत्काल हटवाएं, ताकि बारिश के दौरान किसी तरह की दुर्घटना न हो।

---

तेज रफ्तार कार ने ऑटो को मारी टक्कर

# चालक घायल, गुस्साई भीड़ ने कार में की तोड़फोड़

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

भागीरथपुरा स्थित एमआर-4 रोड पर रविवार को तेज रफ्तार कार ने एक ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने गुस्से में कार पर पथराव कर दिया। बाद में एफआरवी मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के एमआर-4 रोड पर हुए इस हादसे के बाद जमकर हंगामा हुआ। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक विशाल भागवत तीन अन्य सवारियों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने कार पर जमकर पथराव किया।



हादसे के बाद लोगों ने कार में भी तोड़फोड़ कर दी। बताया जा रहा है कि कार चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ऑटो चालक विशाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। ऑटो में सवार अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। वे उपचार के लिए दूसरे अस्पताल पहुंचे हैं। फिलहाल पुलिस को अन्य घायलों की स्थिति संबंधी पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है।

---

# धार भोजशाला मामले पर सुनवाई के लिए तैयार सुप्रीम कोर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार**

प्रदेश के धार जिले के ऐतिहासिक और विवादित भोजशाला परिसर मामले में एक बड़ा कानूनी मोड़ आया है। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है, हाईकोर्ट ने इस विवादित परिसर को देवी सरस्वती का मंदिर घोषित किया गया था।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ के सामने मुस्लिम पक्ष ने इस मामले पर बेहद जल्द सुनवाई करने की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुस्लिम पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी और वकील निजाम पाशा ने अदालत से इसे तुरंत सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वकीलों को याचिकाओं में मौजूद तकनीकी कमियों को फौरन दूर करने के निर्देश दिए। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष (याचिकाकर्ताओं) की ओर से कई याचिकाएं एक साथ (समूह में) दायर की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भरोसा दिलाया कि जैसे ही ये कमियां दूर होंगी, इन याचिकाओं को जल्द ही सुनवाई के लिए एक उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर, हिंदू पक्ष ने भी पहले ही सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दी है, ताकि उनका पक्ष सुने बिना अदालत इस मामले में कोई एकतरफा आदेश पारित न करे। गौरतलब है कि इसी साल 15 मई 2026 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने इस मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था।

---

इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

# हॉर्न बजाया तो कार पर चढ़े बदमाश ने शीशे फोड़े

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रविवार रात बीच सड़क पर खड़े एक युवक को हॉर्न बजाकर हटाना दंपती को भारी पड़ गया। गुस्साए युवक ने कार के बोनट पर चढ़कर जमकर तोड़फोड़ की और कार के शीशे फोड़ दिए।

पूरी घटना कार में मौजूद दंपती ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के बाद बाबू पिता मुकेश उम्र 19 साल निवासी पंचमुखी हनुमान मंदिर व सुलभ कॉम्प्लेक्स के सामने भोरासला इंदौर और अंकित पिता दिलीप केलवा उम्र 23 निवासी शिव मंदिर के पास गोविंदनगर को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। बाबू नल फिटिंग का काम करता है, जबकि अंकित सेलून चलाता है। घटना पलासिया चौराहे के पास शराब दुकान के सामने की बताई जा रही है। सिंधी कॉलोनी निवासी बाबू पंजवानी अपनी पत्नी के साथ कार से जा रहे थे। रास्ते में एक युवक बीच सड़क पर खड़ा था। दंपती ने उसे हटने के लिए हॉर्न बजाया था।



#### गुस्से में कार पर चढ़कर की तोड़फोड़

हॉर्न बजाने से युवक भड़क गया। उसने पहले कार के बोनट पर हाथ मारे और फिर बोनट पर चढ़ गया। इसके बाद उसने कार के सामने के शीशे और अन्य कांच तोड़ दिए। घटना के दौरान दंपती कार के अंदर ही मौजूद रहे। घटना का वीडियो दंपती ने अपने मोबाइल से रिकॉर्ड किया और बाद में सोशल मीडिया पर भी साझा किया। इसके बाद दोनों रावजी बाजार थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

#### आरोपी की पहचान, पुलिस कर रही तलाश

पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमों को रवाना किया गया है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर भी मामले की जांच कर रही है।

---

# सिविल इंजीनियर से 1.12 लाख और छात्रा से 40 हजार की साइबर धोखाधड़ी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

ऑनलाइन ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। राजेंद्र नगर में एक सिविल इंजीनियर के क्रेडिट कार्ड से 1.12 लाख रुपए की ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर ली गई, जबकि भंवरकुआ क्षेत्र में ऑनलाइन ड्रेस ऑर्डर करने के दौरान एक छात्रा से 40 हजार रुपए की साइबर ठगी हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक धनवंतरी नगर स्थित साईं विला अपार्टमेंट निवासी सिविल इंजीनियर आनंद बनवडीकर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति के तीन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किए गए। आनंद ने बताया कि 8 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे उनके मोबाइल पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आए। पहले दो ट्रांजेक्शन 51-51 हजार रुपए के हुए, जबकि दूसरे क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया। इस तरह कुल 1 लाख 12 हजार रुपए की धोखाधड़ी हुई।

भंवरकुआ थाना क्षेत्र में रहने वाली छात्रा मोना नागर ने पुलिस को बताया कि उसने 8 जुलाई को इंस्टाग्राम पर 'सुमन वूमन' नाम की आईडी से 999 रुपए की ड्रेस ऑर्डर की थी। ऑर्डर के बाद एक युवक का फोन आया, जिसने स्टेप-बाय-स्टेप वेरिफिकेशन के नाम पर पहले 500 रुपए ऑनलाइन जमा करने को कहा। युवक की बातों में आकर छात्रा ने भुगतान कर दिया। इसके बाद दोबारा वेरिफिकेशन के बहाने भुगतान करवाया गया और इसी दौरान उसके खाते से करीब 40 हजार रुपए निकल गए।

---

# स्कूली छात्रों के बीच चाकूबाजी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

खजराना थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रों के बीच विवाद चाकूबाजी तक पहुंच गया। इंस्टाग्राम पर शुरू हुई कहासुनी के बाद बंगाली चौराहे पर तीन छात्रों ने 11वीं के छात्र और उसके दोस्तों से मारपीट की। इस दौरान एक छात्र ने दोस्त के पैर पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले रितीश जोशी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह सत्य साईं चौराहे के पास स्थित एक निजी स्कूल का छात्र है। उसका विवाद स्कूल में खो-खो खेल के दौरान दूसरे छात्र रितीश से हुआ था। रितीश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह स्कूल में टीसी लेने गया था, जहां आरोपी छात्र उसे घूर रहा था। इसके बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उससे मोबाइल नंबर मांगा, लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया। रविवार शाम रितीश अपने दोस्तों लक्की और यश के साथ बंगाली चौराहे पर था। इसी दौरान आरोपी का संदेश आया कि वह उससे मिलने आ रहा है। रितीश ने अपनी लोकेशन बता दी। कुछ देर बाद आरोपी अपने दो साथियों के साथ मौके पर पहुंचा। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और एक आरोपी ने रितीश को थप्पड़ मार दिया। बचाव में रितीश और उसके दोस्तों ने पत्थर फेंके। इसी दौरान आरोपियों में शामिल एक युवक ने चाकू निकालकर रितीश के दोस्त लक्की के पैर पर वार कर दिया। घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल लक्की को उसके साथी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया।


जय श्री महाकाल

ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।

ए.के. सिंह मो. 7748813792

सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।

देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता

ए.के. ट्रेडर्स

फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त

ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)

अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन

मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?

जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।

पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर (M.A. Astrologer)

प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान

नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन

नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक

मोबाइल- 9827007312, 98277-33384

(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति

कटे कान जुड़वाएं

किडनी की पथरी का अंत तुरंत

निःशुल्क दवा प्राप्त करें

डॉ. पी.पी. ओझा

कर्ण रोग विशेषज्ञ

9425360006, 9425107617

प्रति शनिवार को मिले

निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com